माघ शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 24 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 335, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्यूट्रॉन तारों की टक्कर से बनती हैं बहुमूल्य धातु 16
जंगली पोकर के अपने टाइप के लोग कैम्पेन में अनिल 15

## एक नजर

### लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का निधन



**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर जोशी का शुक्रवार को मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में निधन हो गया। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री जोशी (86) को दिल का दौरा पड़ने के बाद 21 फरवरी को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने शुक्रवार तड़के अंतिम सांस ली। मनोहर जोशी अविभाजित शिवसेना से राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले पहले नेता थे। वे 1995 से 1999 तक मुख्यमंत्री रहे। जोशी संसद सदस्य भी चुने गए थे, वह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में 2002 से 2004 तक लोकसभा अध्यक्ष रहे। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### सुहानी के परिजनों को आमिर ने बंधाया ढांढस

**फरीदाबाद।** फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर की मौत के बाद अभिनेता आमिर खान ने गुरुवार को यहां उनके परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदना प्रकट की। सुहानी भटनागर (19) की 16 फरवरी को मौत हो गई थी। सुहानी के करीबी रिश्तेदार नवनीत भटनागर ने बताया कि आमिर खान गुरुवार शाम छह बजे फरीदाबाद स्थित सुहानी के घर पहुंचे।

# जिनके अपने होश ठिकाने नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में इंडी गठबंधन पर जमकर बोला हमला

## करखियांव में किया 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

- बनास काशी संकुल समारोह को संबोधित करते मोदी ने कहा काशी का अपमान युवा नहीं भूलेंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी



**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में स्थानीय भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन को सीधे निशाने पर रखा।

प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते-देते दो दशक बिता दिए, अब ये लोग यहां के नौजवानों पर भड़ास निकाल रहे हैं। बोले कि जिनके अपने होश ठिकाने नहीं हैं वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और उप्र.का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना भविष्य बनाने में लगा हुआ है। उप्र. के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर होते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और मेधा से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय-जयकार करते रहें। राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन का नाम लिए बगैर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी-कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं।

### इहां सब गुरू ह, गठबंधन क पैंतरा ना चली

**वाराणसी।** मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव, इहां सब गुरू ह। इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए भी बहुत संघर्ष करना पड़ेगा। भाषण की शुरुआत भोजपुरी में करते हुए मोदी ने कहा कि काशी की धरती पर आज एक बार फिर आवे क मौका मिलल हव। जब तक बनारस नाही आइत तब तक हमार मन नाहीं मानेला। 10 साल पहिले आप लोग हमके बनारस क सांसद बनइला, अब 10 साल में बनारस हमके बनारसी बना देलस।

### पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को मिलेगी गति

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री ने वाराणसी में जिन 13 हजार करोड़ से ज्यादा की 45 परियोजनाओं की शुरुआत की उनसे, पूर्वांचल और पूर्वी भारत के विकास को गति मिलेगी। इसमें रेल, रोड, एयरपोर्ट, पशुपालन, उद्योग, खेल, कौशल विकास, स्वास्थ्य, स्वच्छता, अध्यात्म, पर्यटन, एलपीजी गैस जैसे अनेक क्षेत्रों से जुड़े कार्य हैं। रोजगार के नए अवसर बनेंगे। संत रविदास की जन्मस्थली से जुड़ी अनेक परियोजनाओं का भी लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है।

### जो कभी नहीं हुआ, मोदी ने वह कर दिखाया: योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, काशी को प्रधानमंत्री द्वारा 45 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई। जो कभी नहीं हुआ, वह पीएम ने कर दिखाया। योगी ने अंगवस्त्र व कामधेनु की मूर्ति देकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने जीआई उत्पादों के पांच कारीगरों जमालुद्दीन अंसारी, श्रीकांत मिश्र, सत्या सिंह, अमृता सिंह और सिद्धार्थ मौर्य को अधिकृत उपयोगकर्ता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया।

# खनौरी जाने से रोकने पर किसानों ने किया पथराव, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

## प्रदर्शनकारियों ने मनाया काला दिवस, भाजपा नेताओं के पुतले फूंके

हिसार/अमृतसर, एजेंसी

पुलिस ने शुक्रवार को पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा की ओर बढ़ रहे किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसूगैस के गोले दागे और लाठी चार्ज भी किया। विरोध में किसानों की ओर से भी पथराव किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हिसार-नारनौंद रोड पर ये किसान खेरी चोपटा गांव से खनौरी सीमा जा रहे थे, उसी दौरान पुलिस ने उन पर आंसूगैस के गोले दागे। किसान पिछले कुछ दिनों से पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। वे संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के 'दिल्ली चलो' आह्वान पर वहां इकट्ठा हुए हैं।

दूसरी ओर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शुक्रवार को काला दिवस मनाया और राज्य की सीमा पर दो जगह डेरा डाले प्रदर्शनकारी किसानों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई के विरोध में भाजपा के नेताओं के पुतले फूंके। हरियाणा पुलिस और पंजाब के किसानों के बीच हिंसा में मारे गए किसान शुभकरण सिंह के प्रति शोक व्यक्त करने के लिए एसकेएम ने काला दिवस मनाने का आह्वान किया था। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) ने पंजाब के 17 जिलों में 47 स्थानों पर प्रदर्शन किया और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज के पुतले फूंके। अमृतसर में, किसानों ने मुख्य प्रवेश बिंदु न्यू गोल्डन गेट पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का पुतला फूंका।

होशियारपुर जिले में भी प्रदर्शन किया गया, किसानों ने केंद्र और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

### मारे गए किसान के परिवार को एक करोड़ देगी पंजाब सरकार

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खनौरी सीमा पर मारे गए किसान शुभकरण सिंह के परिवार को मुआवजे के तौर पर एक करोड़ रुपये और उसकी बहन को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में बुधवार को झड़प में बठिंडा के किसान सिंह (21) की मौत हो गई थी और 12 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। मान ने पंजाबी भाषा में एक पोस्ट में कहा कि दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। किसान नेता सिंह के मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग कर रहे थे। मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज करने की भी मांग की थी।

### प्राथमिकी दर्ज होने तक अंतिम संस्कार नहीं करेंगे

चंडीगढ़। किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा कि मारे गए शुभकरण सिंह का अंतिम संस्कार तब तक नहीं किया जाएगा जब तक पंजाब सरकार घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं करती। पटियाला में किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने जोर दिया था कि मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन अब अधिकारियों ने बताया कि यह संभव नहीं है। पंधेर ने कहा कि हमने (शुभकरण के) परिवार से कहा कि इसमें दो दिन या 10 दिन लगे। हमारे लिए पैसे महत्वपूर्ण नहीं है। प्राथमिकी दर्ज करन के बाद ही अंतिम संस्कार होगा।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख को 10 साल की सजा, 56 हजार जुर्माना भी लगाया

- मजदूर को बंधक बनाने और मारपीट करने के मामले कोर्ट ने दोषी पाते हुए सुनाई सजा
- सीए हत्याकांड में भी सात साल की सजा, बलरामपुर जेल में बंद है पूर्व ब्लॉक प्रमुख कौशिक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पूर्व ब्लॉक प्रमुख ललित कौशिक को कोर्ट ने मजदूर को बंधक बनाकर मारपीट करने के मामले में 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है, उन पर 56 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख महानगर के सीए हत्याकांड, कुशांक गुप्ता मर्डर मामले और भाजपा नेता अनुज चौधरी हत्याकांड का मास्टरमाइंड भी है। सजा सुनाने के बाद पूर्व ब्लॉक प्रमुख को वापस बलरामपुर की जेल में भेज दिया गया।

जिले के थाना मूंढापांडे क्षेत्र निवासी ईंट भट्ठा मजदूर ओमप्रकाश ने 25 मार्च 2023 को थाने में तहरीर देकर पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाजपा नेता ललित कौशिक समेत तीन लोगों के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें ओमप्रकाश ने आरोप लगाया था कि थाना सिविल लाइंस के नवीन नगर निवासी ललित कौशिक, मूंढापांडे निवासी सतीश सिंह, मूंढापांडे के ग्राम प्रधान के पति शिवकुमार ने उसका अपहरण कर बंधक बना लिया था। जिसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या पांच ज्ञानेंद्र सिंह यादव की अदालत में चल रही थी। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कौशल गुप्ता ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाहों ने ललित कौशिक के खिलाफ गवाही दी। कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर ललित कौशिक को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

दोषी पूर्व ब्लाक प्रमुख जिला बलरामपुर की जेल में बंद है। शुक्रवार को सजा सुनाने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड में भी कोर्ट ने ललित कौशिक को सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

# झोपड़ी में आग लगने से चार बच्चियां जिंदा जलीं

- लुकाछिपी खेल रहे थे सभी बच्चे अचानक आग लगने से नहीं भाग सके
- फरीदपुर के गांव नवादा बिलसंडी में हुआ हादसा, डीएम-एसएसपी पहुंचे

संवाददाता, फरीदपुर (बरेली)

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा बिलसंडी में शुक्रवार को एक मकान की छत पर झोपड़ी में रखे पुआल और भूसे में आग लग गई। आग लगने से लुकाछिपी खेल रहे चार बच्चियों की मौत हो गई। बच्चियों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे गांव वालों ने आग बुझाई लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

गांव नवादा बिलसंडी में तीन भाई अमिताभ, भीम, अर्जुन पूरे परिवार के साथ एक छोटे से मकान में रहते हैं। मकान छोटा होने के कारण छत पर दो झोपड़ी बनाकर उसमें पुआल और भूसा भी रखा था। शुक्रवार दोपहर सभी भाई मजदूरी करने गए थे। अमिताभ की बेटी मानवी (2), नीतू (5), भीम की बेटी प्रियांशी (6) और अर्जुन की बेटी आराध्या (6) छत पर लुकाछिपी खेल रहे थे। अचानक भूसा-पुआल में आग लग गई। आग की लपटें देख बच्चे झोपड़ी में घुस गए। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और झुलसने से मानवी, नीतू, प्रियांशी की मौके पर मौत हो गई, जबकि आराध्या बुरी तरह से झुलस गई। उसे पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां हालत गंभीर होने पर निजी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। सूचना मिलने पर डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान, पुलिस अधीक्षक देहात दक्षिणी मानुष पारीक घटनास्थल पर पहुंचे।

## अब अंतिम सांस ले रहा वामपंथी उग्रवाद: शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने विकास और सुरक्षा के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ नक्सलियों को जबरदस्त झटका दिया है और वामपंथी उग्रवाद अब अंतिम सांस ले रहा है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार की दूरदर्शी नीतियों के कारण वामपंथी उग्रवाद अब अपना आधार खो चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले गरीबों का दिल जीत लिया है। शाह ने हैशटैग 'नक्सलफ्रीभारत' के साथ 'एक्स' पर कई पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नक्सलवाद पर अंकुश लगाने के लिए एक आक्रामक रणनीति अपनाई है। उन्होंने कहा, 'वामपंथी उग्रवाद पर कड़े प्रहार के परिणामस्वरूप यह आज अंतिम सांस ले रहा है।'

# झूठी शिकायत करने वाली प्रोफेसर पर 5 लाख जुर्माना

- एससी/एसटी एक्ट के तहत की थी शिकायत

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी/ एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद विश्वविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर पर 5 लाख रुपये जुर्माना लगाया है।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकल पीठ ने दर्ज मामले में चल रही कार्यवाही और आरोप पत्र रद करने की मांग लेकर दाखिल याचिका को स्वीकार करते हुए यह आदिश पारित किया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर को अपनी सहायक महिला प्रोफेसर को कक्षाएं लेने और ठीक से पढ़ाने के लिए सलाह देना भारी पड़ा। उन्होंने अपनी इस गलती के लिए लगभग 8 वर्षों तक मुकदमे का सामना किया। तथ्यों का अवलोकन करने पर पीठ ने कहा कि शिकायतकर्ता एक सुशिक्षित महिला है और कानून के प्रावधानों को अच्छी तरह से जानती है, इसलिए उसने व्यक्तिगत लाभ के लिए कानून के प्रावधानों का दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता ने याची और उनके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि उन्होंने उसके खिलाफ जातिसूचक और अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि वर्तमान मामला केवल व्यक्तिगत प्रतिशोध लेने के उद्देश्य से दर्ज कराया गया है। इस प्रकार की कष्टप्रद कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

# 100 प्रत्याशियों की होगी भाजपा की पहली सूची

### लोकसभा चुनाव

- मार्च के पहले हफ्ते में पहली सूची जारी करने की तैयारी
- पहली सूची में उप्र. में हारी 14 लोस सीटों के प्रत्याशियों के होंगे नाम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव-2024 को लेकर भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर सकती है। इसमें 100 प्रत्याशियों के नाम शामिल होने की उम्मीद है। सूची में ज्यादातर वे सीटें होंगी, जिनमें भाजपा 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में हार गई थी। इसमें प्रदेश की 14 लोकसभा सीटें शामिल है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा मार्च के पहले हफ्ते में लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। भाजपा की पहली सूची में करीब 100 प्रत्याशियों के नाम होने की भी बात कही जा रही है। इसमें उत्तर प्रदेश पर सबसे ज्यादा फोकस है। इसके अलावा कई प्रदेशों की हारी हुई सीटें शामिल हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी दूसरे नंबर पर थे। उप्र में भी भाजपा के 14 प्रत्याशी पिछले लोकसभा चुनाव में हार गए थे। साथ ही 10 सीटों पर उनकी जात का अतंर भी कम था। ऐसी सीटों को लेकर भाजपा नेतृत्व ज्यादा सतर्क है। मिशन-80 साधने के लिए भाजपा इन सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा कर उन्हें जनता तक पहुंचने के लिए पर्याप्त मौका देना चाहता है, ताकि कोई कोर कसर न रहे।

**प्रदेश की 10 लोकसभा सीटें जीतने में छूट गए थे पसीने:** उप्र में सभी 80 सीटें जीतने का दावा कर रही भाजपा को पिछली बार 10 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए पसीने बहाने पड़े थे। इसमें मछलीशहर लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज को महज 181 वोटों से जीत मिली थी। जबकि मुजफ्फरनगर लोकसभा सीट पर संजीव बालियान मात्र 6,526 वोटों से जीते। इसी तरह मेरठ लोकसभा सीट पर भी राजेंद्र अग्रवाल मात्र 4,729 वोटों से जीत पाए। सपा की गढ़ रही कन्नौज सीट पर भी पिछली बार भाजपा के सुब्रत पाठक ने डिंपल यादव को मात्र 12,353 वोटों से हराया था। चंदौली लोकसभा सीट पर महेंद्र नाथ पांडेय करीब 14 हजार वोट से जीते थे। सुल्तानपुर में मेनका गांधी भी महज 14,526 वोटों से जीत सकीं। बलिया में भी सिर्फ 15,519 वोटों से वीरेंद्र सिंह मस्त जीते। बदायूं में संघमित्रा मौर्य को 18,454 वोटों से जीत हासिल हुई। बागपत सीट पर सत्य पाल सिंह भी मात्र 23,502 वोटों से जीत पाए थे। दूसरे स्थान पर रालोद के जयंत चौधरी थे, जो अब भाजपा गठबंधन के तहत यह सीट ले सकते हैं। फिरोजाबाद सीट पर भाजपा के चंद्रसेन जौदान 28,781 वोटों से जीते थे। उनकी जीत का अहम फैक्टर था कि बागी होकर शिवपाल सिंह यादव ने ताल ठोकी थी।

# विनय शंकर तिवारी के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा

### बैंक लोन धोखाधड़ी मामला

- दिल्ली, गोरखपुर समेत कई जगह हुई जांच, दस्तावेज भी खंगाले गए
- विनय तिवारी और उनके भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर से भी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सपा नेता विनय शंकर तिवारी के अलग-अलग शहरों में स्थित 10 ठिकानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी विनय तिवारी की गंगोत्री इंटरप्राइजेज द्वारा 750 करोड़ रुपये के बैंक लोन में धोखाधड़ी को लेकर की गई है। ईडी ने लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा, गुजरात के अहमदाबाद और हरियाणा के गुरुग्राम में आरोपियों से जुड़े 10 परिसरों पर छापेमारी की। इस मामले में ईडी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है। गोरखपुर धर्मशाला स्थित विनय तिवारी के आवास तिवारी हाता पर सुबह ही ईडी के तकरीबन एक दर्जन अफसर पहुंचे और दस्तावेज खंगाले। इस दौरान आवास पर मौजूद पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके बड़े भाई पूर्व सांसद भीष्म शंकर तिवारी उर्फ कुशल तिवारी से भी ईडी के अफसरों द्वारा पूछताछ किए जाने की खबर है। लखनऊ में महानगर स्थित विनय शंकर तिवारी के आवास पर भी सुबह ही ईडी की टीम पहुंच गई।

# पेपर लीक की चर्चा से हताश युवक ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- सुसाइड नोट में लिखा, क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती का पेपर लीक होने की चर्चा से हताश युवक ने बीएससी तक के शैक्षिक प्रमाण पत्र जला कर शुक्रवार को अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी।

सुसाइड नोट में उसने लिखा है कि क्या फायदा ऐसी डिग्री का जो एक नौकरी न दिला सकी। परिजनों ने कहा कि बेटे ने हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी जिसका पेपर लीक होने की चर्चा से परेशान चल रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव भूड़पुर्वा निवासी ब्रजेश पाल (25) पुत्र लक्ष्मन पाल शुक्रवार सुबह जब कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मां ने कमरे में झांका तो बेटा फंदे पर लटका था। पूर्व ग्राम प्रधान सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा। कमरे में उसके कुछ शैक्षिक कागजात जले हुए मिले। सुसाइड नोट में लिखा था कि 'हमारी आधी उम्र पढ़ते-पढ़ते निकल गई है। ऐसी डिग्री का क्या फायदा जो एक नौकरी तक न दिला सकी। सुसाइड नोट में बीएससी तक के कागजात जलाने की बात भी लिखी है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि युवक ने सुसाइड नोट लिख फांसी लगाई है। इसमें किसी को दोषी नहीं ठहराया है।

### धरोहर

## वंशजों ने पर्यटन विभाग में डाली अर्जी, शेरकोट महल, सियाऊ महल, शाहनपुर किला और धामपुर की प्राचीन इमारत के लिए किए गए आवेदन

# बिजनौर में कई हवेलियां, प्राचीन इमारतें और किले बनेंगे हेरिटेज होटल

- सरकार की पर्यटन नीति के तहत प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल में बदलने की है योजना

अनुपम सिंह, बरेली



शेरकोट स्टेट में स्थित राजा रणजीत सिंह का महल।

**अमृत विचार :** राजाओं की हवेलियां, किले और आजादी से पहले बनीं प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सरकार की पर्यटन नीति-2022 राजघरानों के वंशजों को रास आ रही है। बड़ी संख्या में राजाओं के वंशज इसके लिए आवेदन कर रहे हैं। मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जिले में महल, किला और हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए चार आवेदन पर्यटन विभाग में किए गए हैं। बरेली मंडल में पीलीभीत से राजा लालता प्रसाद, हरिप्रसाद के वंशज राहुल प्रसाद अपनी पुस्तैनी हवेली को हेरिटेज होटल बनाने के लिए पहले ही आवेदन कर चुके हैं। सूचना पर्यटन अधिकारी मनीष सिंह के अनुसार इन संबंध में अनुमोदन को लेकर विचार चल रहा है।

बरेली मंडल के साथ ही मुरादाबाद मंडल के पर्यटन विभाग का क्षेत्रीय ऑफिस बरेली में है। बिजनौर की जिन चार प्राचीन इमारतों को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किए गए हैं। उनका पुरातात्विक महत्व भी है। धामपुर तहसील में शेरकोट महल को हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन करने वाले मानवेंद्र सिंह बताते हैं कि उनके परदादा रणजीत सिंह ने 1595 स्क्वायर मीटर में 1902 में महल का निर्माण कराया था। मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर स्थित इस महल को उन्होंने हेरिटेज होटल बनाने के लिए प्रशासन से अनुमति मांगी है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व से शेरकोट हाउस करीब 40 किमी दूर है। ऐसे में हेरिटेज होटल बनने के बाद महल पर्यटकों से गुलजार होगा। करोड़ों रुपये खर्च करके जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। बिजनौर के चांदपुर तहसील क्षेत्र में स्थित सियाऊ महल को हेरिटेज होटल में बदलने के लिए आवेदन करने वाले अनंत सिंह के मुताबिक, उनके पूर्वजों ने 1542 में महल का निर्माण कराया था। करीब 480 साल पुराने महल में 106 कमरे हैं, लेकिन होटल के लिए 30 कमरे बनवा रहे हैं। महल में पहले से ही विदेशी पर्यटक आते रहे हैं। डिजाइन में बदलाव किए बिना स्वीमिंग पुल से लेकर तमाम सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि आने वाले पर्यटक इसका लुत्फ ले सकें। नजीबाबाद तहसील में शाहनपुर किला को भी हेरिटेज होटल बनाने के लिए आवेदन किया गया है। पूर्व सांसद राजा भारतेंदु सिंह के अनुसार माल्यन नदी के निकट करीब 1600 ईसवी में पूर्वजों ने किले का निर्माण कराया था। बताया कि वह चुनाव नहीं लड़ रहे इसलिए पूरा समय किले को हेरिटेज होटल बनाने में दे रहे हैं। धामपुर में स्थित प्राचीन इमारत को हेरिटेज होटल बनाने के लिए सादविन आसिफ ने आवेदन किया है।

### ...ताकि जिंदा रहे पूर्वजों की यादें

बिजनौर की धरती देवभूमि और तपोभूमि के लिए भी जानी जाती है। आवेदन करने वाले राजघरानों के वंशजों के मुताबिक पूर्वजों की यादों को बनाए रखने के लिए उन्होंने किला, हवेली को हेरिटेज होटल बनाने का निर्णय लिया है। पर्यटकों की चहलकदमी से हवेली, किले की ख्याति भी दूर तलक होगी। इससे पूर्वजों का नाम भी लोगों की जुबान पर रहेगा।

## एक नजर

### चिकित्सकों की टीम तैनात

मुरादाबाद, अमृत विचार : शनिवार को महानगर में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जाएगी। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की यात्रा के दौरान चिकित्सकों की टीम तैनात रहेगी। दोनों की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह व जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. संगीता गुप्ता ने इसकी जानकारी दी।

### आरटीए की बैठक अब 4 को

मुरादाबाद, अमृत विचार : मंडलायुक्त की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) की बैठक 4 मार्च को मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में होगी। सचिव संभागीय परिवहन प्राधिकरण राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि मंडलायुक्त के निर्देश पर संभागीय परिवहन प्राधिकरण की पूर्व निर्धारित बैठक जो एक मार्च को होनी थी अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई। अब यह बैठक 4 मार्च को दोपहर 11:00 बजे होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बैठक में समय से पहुंचने के लिए आग्रह किया।



क्रीड़ा प्रतियोगिता का फीता काटकर आरंभ करते राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह यादव, साथ में अन्य शिक्षक व अतिथि। ● अमृत विचार

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दम

मुरादाबाद, अमृत विचार: राजकीय पॉलीटेक्निक में शुक्रवार को छात्रों ने विभिन्न क्रीड़ा स्पर्धाओं में अपना दम दिखाया। यहां दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आरंभ राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह यादव ने फीता काटकर किया।

मुख्य अतिथि को मेजर दीपक भारद्वाज के नेतृत्व में मार्चपास्ट व सलामी प्रदान की गई। छात्राओं माही, मुस्कान, कंचन, प्राची, शशि एवं खदिजा के द्वारा मुख्य अतिथि के समक्ष स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। कहा, सभी विद्यार्थी खेल भावना के साथ खेलों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान डॉ. चन्द्रशेखर, संजय यादव, आलोक अग्रवाल, कपिल चौधरी, मोहित पी. राय, दीपक कुमार शर्मा, जय कुमार, महीपाल सिंह मौजूद रहें।

**इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी:** 800 मीटर दौड़ में सुमित कुमार ने पहला, विवेक ने दूसरा और शिव कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। शॉटपुट में अवनीश प्रथम, विवेक द्वितीय और सागर तृतीय स्थान पर रहे।

### सुबह 10 बजे रामपुर रोड से शुरू होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा, प्रियंका गांधी वाड्रा भी होंगी शामिल

# आज बहन की ससुराल से राहुल गांधी निकालेंगे न्याय यात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने जा रहे हैं। शनिवार को राहुल गांधी अपनी बहन प्रियंका वाड्रा की ससुराल से यात्रा की शुरूआत करेंगे। जिसमें राहुल के साथ उनकी बहन और कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल रहेगी। इसके अलावा कई अन्य कांग्रेसी नेता भी इस यात्रा में हिस्सा लेंगे। शुक्रवार को राहुल गांधी और प्रियंका की सुरक्षा टीम मुरादाबाद पहुंची और उन्होंने यात्रा के लिए होमवर्क तैयार कर लिया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले शुक्रवार को महानगर पहुंचे कांग्रेस नेता इमरान मसूद ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे न्याय यात्रा रामपुर रोड से शुरू की जाएगी।



जीरो प्वाइंट पर बने यात्रा स्थल पर सुरक्षाकर्मियों को जानकारी देते राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल। ● अमृत विचार

जिसमें राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा दोपहर 12 बजे तक रहेंगे। यहां से यात्रा अमरोहा होते हुए संभल जाएंगी। संभल से यात्रा बुलंदशहर को रवाना होगी। इसके बाद शनिवार शाम को बुलंदशहर के डिबाई में यात्रा का विश्राम होगा। बुलंदशहर के आगे 25 फरवरी को राहुल की न्याय यात्रा अलीगढ़, हाथरस होते हुए आगरा पहुंचेगी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी 25 फरवरी को आगरा में इस यात्रा में शामिल होंगे। प्रियंका गांधी भी फतेहपुर सीकरी लोकसभा तक भाई राहुल गांधी के साथ रहेंगी। कांग्रेस नेताओं ने न्याय यात्रा की तैयारियों में पूरी ताकत झोंक दी है। शुक्रवार को पूरा दिन राहुल गांधी की सुरक्षा टीम और कांग्रेसी नेता यात्रा की तैयारियों में जुटे रहे। देर रात तक कई कांग्रेसी नेता महानगर पहुंचे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रामपुर रोड से शुरू होकर जामा मस्जिद, मुगलपुरा, इंदिरा चौक, डबल फाटक, करूला होते हुए कोहिनूर तिराहे पर पहुंचेगी, जहां राहुल गांधी वाहन से लोगों को संबोधित करेंगे। जिसके बाद यात्रा अमरोहा के लिए प्रस्थान करेंगी। यात्रा में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा के अलावा इमरात प्रतापगढ़ी और अजय राय समेत कई कांग्रेसी नेता शामिल होंगे।

# 12वीं के 267 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी नागरिक शास्त्र की परीक्षा

## पहली पाली में 99 केंद्रों और दूसरी पाली में 27 केंद्रों पर हुई यूपी बोर्ड की परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः यूपी बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को 10वीं और 12 वीं की परीक्षा हुई। पहली पाली में 12वीं के छात्र-छात्राओं ने नागरिक शास्त्र और 10वीं के विद्यार्थियों ने अरबी, फारसी और पाली की परीक्षा दी। नागरिक शास्त्र में 267 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी देखने मिली। उन्होंने कहा कि पेपर काफी सरल रहा।

जनपद में शुक्रवार को पहली पाली की परीक्षा 99 और दूसरी पाली की परीक्षा 27 केंद्रों पर हुई। पहली पाली में हाईस्कूल में अरबी, फारसी, पाली की परीक्षा हुई। इसमें 16 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जबकि इंटर में नागरिक शास्त्र के कुल 2895 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। दूसरी पाली में हाईस्कूल में संगीत गायन में 149 और इंटरमीडिएट सामान्य आधा में 328 परीक्षार्थियों उपस्थित रहें। मेथोडिस्ट इंटर कॉलेज से कक्षा 12 की नागरिक शास्त्र की परीक्षा देकर बाहर आईं छात्राओं ने बताया कि पेपर में अधिकांश सवाल वहीं थे। जिनकी तैयारी स्कूल में कराई गई। 10 बहुविकल्पीय प्रश्न रहे। इसमें अच्छे नबंर आने की पूरी उम्मीद है। हालांकि दीर्घ उत्तरीय प्रश्न में चीन के साथ भारत के संबंधों की विवेचना, दक्षिण एशिया से क्या अभिप्राय हैं। जैसे प्रश्न अधिक नंबर लाने में मददगार होंगे।



मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कालेज के बाहर आसान प्रश्नपत्र आने पर खुशी मनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

| परीक्षा | विषय | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित | उपस्थिति दर |
|---|---|---|---|---|---|
| **पहली पाली** | | | | | |
| हाईस्कूल | अरबी, फारसी, पाली | 18 | 16 | 2 | 88.88 |
| इंटरमीडिएट | नागरिक शास्त्र | 3162 | 2895 | 267 | 91.55 |
| योग | | 3180 | 2911 | 269 | 91.54 |
| **दूसरी पाली** | | | | | |
| हाईस्कूल | संगीत | 151 | 149 | 2 | 98.67 |
| इंटरमीडिएट | सामान्य अध्य. | 349 | 328 | 21 | 93.98 |
| योग | | 500 | 477 | 23 | 95.4 |

### सीआईएससीईः 10वीं में अंग्रेजी का आसान पेपर देख खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) की 12वीं कक्षा की अर्थशास्त्र एवं बायो टेक्नोलॉजी की परीक्षा हुई। जबकि 10वीं की अंग्रेजी द्वितीय की परीक्षा देकर परीक्षार्थी खुश नजर आए। बोर्ड की परीक्षाएं महानगर में आठ केंद्रों पर आयोजित हुई। 12 वीं कक्षा की दो विषयों अर्थशास्त्र और बायोटेक्नोलॉजी की परीक्षा हुई। वहीं 10वीं कक्षा की अंग्रेजी द्वितीय विषय की परीक्षा आयोजित हुई। लेकिन, अर्थशास्त्र की परीक्षा देकर आए छात्र-छात्राओं द्वारा परीक्षा को कठिन बताया गया। परीक्षार्थियों द्वारा बहु विकल्पीय प्रश्नों को भी कठिन बताया गया। साथ ही प्रश्नपत्र समय के अंदर हल कर पाने में हुई मुश्किलों के बारे में भी जानकारी दी। छात्रा मरियम ने बताया प्रश्नपत्र काफी चुनौतीपूर्ण रहा, जिसको हल करने में समय का पता नहीं चल सका। वहीं परीक्षार्थी कार्तिक ने बताया परीक्षा देते समय सबसे पहले बड़े पश्नों को हल किया जिसके बाद प्रश्नपत्र को हल करने में आसानी हुई। वहीं बायोटेक्नोलॉजी और अंग्रेजी द्वितीय विषय के परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को आसान बताया, साथ ही परीक्षा देकर निकल रहे अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी भी झलकी।



परीक्षा काफी अच्छी रही। खासकर बहुविकल्पीय प्रश्न अच्छे गए हैं। साथ ही अन्य सवाल भी ज्यादातर वही आए हैं। जिनकी तैयारी अच्छी थी। पूरा यकीन हैं अच्छे नंबर आएंगे।

–अनम निशा, कक्षा–12



गुरुवार को भी परीक्षा थी। उसके बाद शुक्रवार की सुबह एक और परीक्षा देने में थोड़ी मुश्किल रही। रिवीजन के लिए थोड़ा समय और मिलता तो तैयारी बेहतर हो जाती। फिलहाल पेपर अच्छा हुआ है।

–अनम जहां, कक्षा–12



कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन करते समन्वय समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## किसानों पर लाठीचार्ज के विरोध में कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज और किसान की मौत के विरोध में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं जनसंगठनों की समन्वय समिति के बैनर तले मजदूर एवं किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।

ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार एक ओर देश में कृषि क्रांति के जनक कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को भारत रत्न प्रदान कर रही है तो वहीं किसानों के हित में उनकी सिफारिश की उपेक्षा करते हुए अन्नदाता पर लाठियां बरसा रही है।

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष थान सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्रीय पुलिस बल की कार्रवाई में पंजाब के एक किसान की मौत हो गई है। एक्टू के जिला प्रभारी रोहिताश राजपूत ने कहा पुलिस की दमनकारी कार्यवाही अमानवीय है। इसके बाद डीएम कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान विक्रम सिंह, चंद्रपाल सिंह आजाद, कासिम अली, एसपी सिंह, शाहबुद्दीन, जुल्फिकार हुसैन, केहर सिंह, विकास नेगी, शरीफ अहमद, जैनब जहां, मनोज कुमारी, मिथलेश कुमारी, निर्मला पान व अर्चना आदि मौजूद रहे।



अनदेखी : आशियाना कॉलोनी में सीवर पाइपलाइन डालने के बाद सड़क पर गिट्टी तो डाल दी, लेकिन मरम्मत नहीं की गई। जिसकी वजह से दिन भर धूल उड़ती रहती है और दोपहिया वाहनों के फिसलने का डर बना रहता है। फिर भी जिम्मेदार अनजान बने हैं। ● अमृत विचार

### जर्जर कक्ष की मरम्मत कराने का दिया निर्देश

मुरादाबाद, अमृत विचारः जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मूंढापांडे विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय हरसैनपुर का औचक निरीक्षण किया। शिक्षण कार्य संतोषजनक पाया गया।

जिलाधिकारी ने मध्याह्न भोजन योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को परखा जो संतोषजनक मिला। विद्यालय में 4 कमरों में कक्षाएं चल रही थीं जबकि एक कक्ष जर्जर अवस्था में मिला। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान को जर्जर कक्ष की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में एक जर्जर कक्ष में बच्चों के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराई किताबें अव्यवस्थित रखीं थी, जिन पर धूल जमी थी। इंचार्ज प्रधानाध्यापक भी जवाब नहीं दे पाए। जिलाधिकारी ने बीएसए को स्वयं जांच कर जिम्मेदार प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## आज निकलेगी संत रविदास शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक शुक्रवार को जिगर कॉलोनी में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि शनिवार को संत रविदास की भव्य शोभायात्रा राजकीय इंटर कॉलेज से निकाली जाएगी।

रविवार दास का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड़ ने कहा कि शोभायात्रा का भावाधस की ओर से स्वागत किया जाएगा। जिन मुख्य मार्गों से यात्रा निकाली जाएगी उन पर यात्रा का पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। इस दौरान रवि द्रविड़, बलवीर भारती, आदेश कुमार, विशाल सरन, कुलवंत सिंह, संतोष सिंह, सोनू वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बैठक को संबोधित करते लल्ला बाबू द्रविड़।

### बसपा कार्यालय पर संत गाडगे को दी पुष्पांजलि

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा स्थित बहुजन समाज पार्टी के मंडलीय कार्यालय पर देबूजी जिंगराजी जनोरकर उर्फ संत गाडगे के 149 वें जन्मदिन पर पुष्पांजलि सभा आयोजित की गयी। जिलाध्यक्ष डा.सुनील आजाद ने बताया कि बाबा गाडगे ने समाज के लिए संघर्ष किया। घर-घर जाकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया। समाज से अपील की कि सभी अपने बच्चों को जरूर शिक्षा दिलायें। साफ-सफाई का अपने जीवन लक्ष्य में सबसे अधिक महत्व दें। पार्टी के मंडलीय नेता सुरेश चंद्र दिवाकर ने कहा, संत गाडगे ने समाज को शिक्षित होने का मतलब बताया। शराब के खिलाफ मुहिम छेड़ी। जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी, दिनेश पासी, जिला सचिव रिंटू सागर, विधानसभा अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, सचिव सुनील सागर, चमन सिंह प्रधान, राजकुमार पासी, मुन्ना लाल दिवाकर ने पुष्पांजलि अर्पित की।

### छात्र-छात्राओं को बताया स्काउटिंग का महत्व

मुरादाबाद, अमृत विचारः केजीके कॉलेज में शुक्रवार को रोवर्स-रेंजर्स का प्रवेश-निपुण शिविर आयोजित किया गया। आरंभ प्राचार्य सुनील चौधरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

जिला स्काउट सचिव डॉ. सुरेंद्र वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग का महत्व बताया। रोवर्स प्रभारी गोविंद राज नौन्याल ने कहा सच्चे रोवर्स और रेंजर्स सदैव देशभक्ति की भावना मन में लिए समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

प्रशिक्षक अक्षत शर्मा और शुभम उपस्थित रहे। विनीता रानी ने छात्राओं को जीवन में अनुशासित रहने के महत्व बताए। इस दौरान उपदेश कुमार, डीपीएस रावत, राजकुमार सोनकर, रुचि, अनिल चौहान, आलोक पांडेय आदि रहे।

**निर्देश** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण व मध्याह्न भोजन समिति की बैठक

# विद्यालयों में नहीं है रसोईघर, बनवाने के लिए भेजें प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति और मध्याह्न भोजन योजना की टास्कफोर्स की बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में रसोईघर नहीं है उसे बनवाने के लिए तत्काल प्रस्ताव भेजें।

जिलाधिकारी को विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़ा बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत जो विद्यालय निर्धारित 19 पैरामीटर से कम हैं, उसे तत्काल पूरा कराएं। जर्जर स्कूलों के भवनों की नीलामी से प्राप्त धनराशि को संबंधित विद्यालय में आवश्यकता के अनुसार खर्च करने के लिए प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। उन्होंने ऐसे चिह्नित 12 विद्यालय जहां रसोईघर नहीं बने हैं, उनमें रसोईघर बनाने के लिए प्रस्ताव/ आगणन पूर्ण कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया। कहा कि किसी ग्राम पंचायत में विद्यालयों में योजना संचालन करने के लिए किसी भी प्रकार के समन्वय का अभाव ग्राम प्रधान एवं अध्यापक के बीच में है तो संबंधित बीईओ उसका निराकरण करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे बच्चे जिनको अभी तक डायरेक्ट टू बेनिफिट (डीबीटी) का लाभ नहीं मिला है, उन विद्यालयों के अध्यापक निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर पोर्टल पर अपडेट कराएं और यू-डायस पोर्टल पर जनपद के मदरसों का डाटा अपडेट कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आपस में समन्वय करें। ऐसे बच्चे जिनका चिह्नांकन आउट आफ स्कूल के रूप में किया गया था, उनकी सूची अनिवार्य रूप से विद्यालय में उपलब्ध रहे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह, पीडी डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, डीपीआरओ के अलावा खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



ग्राम हरसैनपुर में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।

### निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समय से पूरा कराएं

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने शुक्रवार को मूंढापांडे विकास खंड के ग्राम हरसैनपुर में मनरेगा निधि से बन रहे अमृत सरोवर, मॉडल शॉप (सरकारी राशन की दुकान), सीसी टायल्स आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों में तेजी लाकर समय से काम पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम प्रधान को सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता सुनिश्चित कराने के लिए कहा। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मूंढापांडे में फीता काटकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत नवनिर्मित आवास का गृह प्रवेश/उद्घाटन किया गया। लाभार्थी नरेन्द्र सिंह पुत्र टीकम सिंह को नए आवास में गृह प्रवेश करने पर बधाई दी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अव्यावहारिक नोटिसों से होगा उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचारः जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा शुक्रवार को जोनल टैक्स बार एसोसिएशन के बार रूम में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली और संचालन महासचिव मनीष कुमार अग्रवाल ने किया।

कार्यकारिणी सभा में पिछली कार्यकारिणी मीटिंग की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई गई। जोनल टैक्स बार एसोसिएशन ने 5 नये अधिवक्ताओं को सदस्यता प्रदान की। जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। अधिवक्ताओं ने बताया कि जीएसटी में 2019-2020 के नोटिस आने शुरू हो गए हैं। जीएसटी के नोटिस में बहुत अव्यवहारिक बिंदु उठाए गए हैं, जो विधि सम्मत नहीं है। ऐसे अव्यवहारिक नोटिसों से व्यापारियों का उत्पीड़न होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष सैय्यद आरिफ अली ने आश्वासन दिया कि उच्च अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता कर इन समस्याओं को दूर कराया जाएगा। कार्यकारिणी सभा में राकेश कुमार शर्मा, दीपक कुमार गुप्ता, सैय्यद अशरफ अली, दीपक अग्रवाल, अनुज गुप्ता, अंजार हुसैन, नौशाद अहमद, आशीष कपूर, राजदीप गोयल, मनीष कालरा, कमल कुमार सिंह, गौरव गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।



जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा में उपस्थित पदाधिकारी एवं अधिवक्ता। ● अमृत विचार

▸▸ जोनल टैक्स बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी सभा की बैठक

## शहर में आज

- कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रामपुर रोड से निकलेगी सुबह 10 :00 बजे।
- राजकीय इंटर कॉलेज से संत रविदास जयंती पर शोभा निकाली जाएगी 3 :00 बजे।

## एक नजर

### उचित दर विक्रेता पर कराई प्राथमिकी दर्ज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश पर मैनाठेर के उचित दर विक्रेता घनश्याम व उसके पुत्र संजीव कुमार पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी में ई पॉस वितरण में कमी मिलने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर जिलापूर्ति अधिकारी ने जांच कराई थी। जिसमें जांच समिति की रिपोर्ट में यूनिट के सापेक्ष पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न वितरण न करके खाद्यान्न की कालाबाजारी करना पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने जिलापूर्ति अधिकारी को तत्काल प्रभाव से संबंधित उचित दर विक्रेता व उसके पुत्र संजीव कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया।

# बहू पर आरोप लगाते हुए एसएसपी से की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ महिला ने बहू पर लगाया बेटे को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप**

**अमृत विचार:** जिले के भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाली महिला ने बहू पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। महिला की शिकायत पर एसएसपी ने जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव जैतपुर निवासी महिला सरोज पत्नी किशनलाल ने बताया कि उसने अपने बेटे नवीन कुमार की शादी 29 अप्रैल 2023 को मैनाठेर के गांव जटपुरा निवासी युवती से की थी। आरोप लगाया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही बहू ने ससुराल वालों से लड़ाई झगड़ा करना शुरू कर दिया। महिला ने बताया कि बहू के कहने पर ही उसका बेटा मझोला के लाकड़ी में किराये पर कमरा लेकर उसके साथ रहने लगा। आरोप लगाया कि वहां बहू पड़ोसी को बुला लेती थी और बेटे को बताए बिना कहीं भी चली जाती थी। इतना ही नहीं जब मायके चली जाती तो ससुराल में आने के लिए कहने पर आनाकानी करती रहती थी। महिला के अनुसार कई बार उसका बेटा पंचायत कराके पत्नी को बुलाकर लाया। पीड़िता के अनुसार बीते 31 जनवरी को उसके बेटे ने बहू को पड़ोसी से फोन पर बात करते पकड़ लिया। इस पर बहू ने धमकी दी कि तुम्हें झूठे मुकदमे में फंसा दूंगी। उसने भोजपुर थाने में एक झूठी शिकायत भी कर दी। जिस पर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझौता करा दिया। महिला का आरोप है कि बहू फिर से बेटे को परेशान करने लगी। वह कई बाद फांसी लगाकर जान देने या बेटे को जान से मारने की धमकी दे चुकी है। महिला ने एसएसपी से जांच मांग की है। एसएसपी ने थाना पुलिस को मामले में जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।




**लापरवाही :** यह तस्वीर मुरादाबाद महानगर स्मार्ट सिटी की है। पहली तस्वीर महिला थाने के सामने की है। जहां भूमिगत विद्युतीकरण के कार्य के चलते गड्ढा खोदा गया था। लेकिन इस गड्ढे को अभी तक भरा नहीं गया है। लगभग दो माह से ऐसी ही स्थिति है। वहीं दूसरी तस्वीर कांठ रोड पीवीआर के सामने की है जहां पिछले कई महीने से पुलिया धंसी हुई है। यहां कोई हादसा न हो इसके चलते बैरिकेड लगा दी गयी थी। लेकिन हालत इतनी खराब है कि टूटी हुई पुलिया में बैरिकेड खुद ही गिर गया है। अब ऐसे में यदि कोई हादसा हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। ● अमृत विचार

## भाई पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप, शिकायत की

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र के एक युवक ने अपने सगे भाई पर मकान बंटवारे को लेकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

थाना मझोला क्षेत्र के इस्लाम नगर धीमरी निवासी अब्दुल अहद ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मकान बंटवारे को लेकर उसका छोटे भाई अब्दुल रहमान ने विवाद चल रहा है। जिसमें 12 जनवरी को रिश्तेदारों के बीच दोनों में समझौता हो गया था। जिसमें तय हुआ था कि अब्दुल अहद अपने छोटे भाई अब्दुल रहमान को मकान की जगह नौ लाख रुपये देगा और पैसे लेने के बाद रहमान का मकान पर कोई हक नहीं रहेगा। उसी दिन उसने अपने छोटे भाई को दो लाख रुपये दे दिए थे और बाकी राशि 12 मार्च तक देने का तय हुआ था। जिसके बाद रहमान को बड़े भाई अहद के हक में बैनामा कराना था। अहद का आरोप है कि वह बकाया राशि देकर अपने हक में बैनामा कराना चाहता है, लेकिन उसका भाई बैनामा करने को तैयार नहीं है। आरोप है कि छोटा भाई पैसे लेकर धोखाधड़ी कर रहा है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी हेमराज मीना ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# 20 साल से फरार 25,000 का इनामी पकड़ा

## 35 साल पहले स्योडारा गांव में साथियों के साथ मिलकर कई घरों में डाली थी डकैती

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिले की बिलारी पुलिस ने 20 साल से फरार चल रहे डकैती के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार का इनाम घोषित किया था। एसपी देहात संदीप कुमार मीणा ने प्रेसवार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी बदायूं व रामपुर जिले में पहचान छिपाकर रह रहा था।

शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान एसपी देहात संदीप कुमार मीणा और सीओ बिलारी राजेश कुमार ने डकैती के इनामी आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा किया। एसपी देहात ने बताया कि गांव स्योडारा निवासी रामफल ने 1989 में डकैती की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस समय एक ही रात में गांव के रामपुर के साथ ही हरद्वारी, ढोरी, दिनेश समेत पांच घरों में डाका डाला गया था। डकैतों ने एक युवक को गोली मारकर घायल भी कर दिया था। इस मामले में बिलारी पुलिस ने संभल जिले के कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुडिया खेड़ा निवासी अबरार, शाहबाजपुर निवासी रामवीर सिंह,



प्रेसवार्ता में पकड़े गए आरोपी के बारे में जानकारी देते एसपी देहात। ● अमृत विचार

बिलारी के गांव नरूखेड़ा निवासी वीर सिंह, बदायूं के फैजगंज बेहटा के गांव दानपुर निवासी ओमकार व चंद्रपाल और कुढफतेहगढ़ के गांव मुडिया खेड़ा निवासी नेपाल गिरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आठों आरोपियों के खिलाफ जुलाई 1989 में ही चार्जशीट भी लगा दी गई थी। इनमें से आरोपी नेपाल गिरी जमानत पर जेल से बाहर आ गया था। उसके बाद कुछ तारीखों पर वह कोर्ट गया, लेकिन 1995 के बाद कभी कोर्ट नहीं पहुंचा। वारंट और गैरजमानती वारंट के बाद उसकी कुर्की भी कर दी गई, लेकिन वह कोर्ट के समक्ष पेश नहीं हुआ। बाद में 28 मार्च 2003 को कोर्ट ने आरोपी नेपाल गिरी को फरार घोषित कर स्थाई रूप से गैर जमानती वारंट जारी कर दिया था। तभी से पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी थी। एसपी देहात ने बताया कि शुक्रवार सुबह एसएचओ बिलारी रवींद्र प्रताप सिंह की टीम ने आरोपी नेपाल गिरी को स्योडारा बेरनी रोड से गिरफ्तार किया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किया है। आर्म्स एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### फरारी के दौरान की बेटी की शादी, दुकान पर किया काम

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीओ बिलारी राजेश कुमार ने बताया कि शातिर आरोपी नेपाल गिरी ने पूछताछ में बताया कि स्योडारा में उसने अपने सात अन्य साथियों के साथ डाका डाला था। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। यह भी स्वीकार किया कि जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद कुछ तारीखों पर कोर्ट गया, लेकिन 1995 के बाद उसने कोर्ट में जाना बंद कर दिया। आरोपी ने बताया कि जब उसे लगा कि उसे सजा हो सकती है तो उसने अपनी गांव मुड़िया खेड़ा की जमीन जायदाद बेच दी और इकलौती बेटी और पत्नी को लेकर गांव से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गांव छोड़ने के बाद आरोपी बदायूं जिले के बिसौली थाना क्षेत्र के कटरी में एक हलवाई की दुकान पर काम करने लगा और वहीं रहने लगा। वहां लगभग 15 साल रहने के बाद आरोपी रामपुर के शाहबाद थाना क्षेत्र के पतौरा गांव में स्थित अपनी ससुराल में आकर रहने लगा। वहीं से अपनी बेटी का शादी भी की। शुक्रवार को मुखबिर से सूचना पाकर पुलिस ने उसे दबोच लिया। जिस समय आरोपी नेपाल गिरी ने डकैती की थी उस समय उसकी उम्र 25-26 साल थी। जबकि अब जब उसकी गिरफ्तारी हुई तो उसकी उम्र 62 हो गई है।

## व्यापारियों के हित में कार्य रही है प्रदेश की सरकार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक बर्तन बाजार में हुई। जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर व्यापारियों ने रणनीति बनाई। साथ ही सरकार की योजनाओं का समर्थन किया।

बर्तन बाजार में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की बैठक को संबोधित करते हुए सुनील कत्याल ने कहा कि सरकार व्यापारी हित में कार्य कर रही है। व्यापारी वर्ग हर हाल में सरकार के साथ है। वहीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश महामंत्री अरविंद अग्रवाल उर्फ जॉनी ने कहा कि संगठन की कार्यकारिणी को जल्दी नगर विधायक रितेश गुप्ता द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में सरकार में प्रदेश अध्यक्ष व आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल को भी निमंत्रण दिया गया है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को सरकार से काफी उम्मीदें हैं और सरकार भी व्यापारियों की हितैषी है। नगर विधायक रितेश गुप्ता उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन के संरक्षक हैं। जोकि समय-समय पर व्यापारियों को आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए तत्पर रहते हैं। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन गुप्ता, सुनील अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, सचिन गुप्ता, शिवम, आकाशदीप आदि मौजूद रहे।

# गोकशी करने वाले चार आरोपी पकड़े, जेल भेजा

संवाददाता, मैनाठेर

**अमृत विचार:** मैनाठेर क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने चार दिन पहले तीन गोकशी करने वाले चार लोगों को मुरादाबाद-संभल रोड से तमंचे और गोकशी के औजार सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मैनाठेर पुलिस ने गोकशी के मामले चार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम नाजिम पुत्र मुन्ना हाजी निवासी फत्तेपुर, अजीम पुत्र मुन्ना हाजी निवासी फत्तेपुर, सईम पुत्र फाययुम निवासी मुंडी मिलक, उस्मान निवासी फजल नगर थाना कटघर बताया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि संभल क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशुओं को पिकअप और क्रेटा कार में भरकर लाते थे और खेत में काट कर उनका मांस कार में ले जाकर दिल्ली में बेच दिया करते थे। आरोपियों ने बताया कि 19 फरवरी को भी उन्होंने संभल क्षेत्र से तीन पशुओं को कार में भरकर लालपुर हमीर के जंगलों में ले गए और उनको काटकर क्रेटा कार से उनका मांस दिल्ली ले जाकर बेच दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों और गोकशी से संबंधित उपकरण उनके पास से बरामद कर चारों को जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मैनाठेर इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह, उम्मेद सिह पोसवाल, चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार, हेड कांस्टेबल रिजवान हुसैन, मनोज पवार, नितिन कुमार, राजकुमार, सौरभ, फहीम, नासिर हुसैन, विनीस आदि शामिल थे।

### दो को तमंचे के साथ पकड़ा, भेजा जेल

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास तमंचे बरामद हुए हैं। चेकिंग के दौरान सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह तोमर ने बागड़पुर अंडरपास से कैलसा रोड की तरफ जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध अवस्था में जाते व्यक्ति की तलाशी ली। उसके पास से एक 315 बोर का तमंचा एवं एक कारतूस मिला। उसने अपना नाम शुभम उर्फ छोटू पुत्र वीरेंद्र सिंह निवासी ग्राम तोफापुर भवानी थाना डिडौली जिला अमरोहा बताया। दूसरी ओर सब इंस्पेक्टर लोकेश कुमार हासमपुर गोपाल से ग्राम भाडरी को जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। उसके पास से एक 312 बोर का तमंचा एवं कारतूस मिला। उसने अपना नाम सचिन पुत्र निरंजन सिंह ग्राम तोफापुर जिला अमरोहा बताया। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

# फोन पर अश्लील बातें करने और धमकी देने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ शिकायत पर एसएसपी ने दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश**

**अमृत विचार:** गलशहीद थाना क्षेत्र की एक महिला ने कटघर क्षेत्र के युवक पर फोन कर अश्लील बातें और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए है।

थाना गलशहीद क्षेत्र की रहने वाली महिला ने बताया कि थाना कटघर क्षेत्र के रामपुर दोराहा निवासी कासिम उसके पति से कारोबारी रंजिश रखता है। जिसके तहत कासिम आए दिन महिला को फोन कर अश्लील बातें करते है। महिला ने कई बार उससे फोन करने के लिए मना किया और अपने पति से शिकायत की। पति ने आरोपी कासिम से विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी। बाद में आरोपी ने फिर से कॉल की अश्लील बातें करने लगा। जिस पर महिला ने चेतावनी देकर फोन काट दिया। जिसके बाद आरोपी कासिम अपने साथी नावेद व फुरकान उर्फ पुन्ना के साथ महिला के घर घुस आए और मारपीट करने लगे। इस बीच आरोपियों ने महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। शोर होने पर मोहल्ले के लोग आ गए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ गलशहीद थाना पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार करने के आदेश दिए है।

## परीक्षा में पेपर लीक की सीबीआई जांच की मांग

**मैनाठेर, अमृत विचार:** मैनाठेर क्षेत्र के डींगरपुर के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक होने पर सीबीआई जांच की मांग की।

डींगरपुर निवासी समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य व राष्ट्रीय सचिव मुंशाद अली पाशा ने कार्यकर्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की घटना हुई है जिसकी सीबीआई जांच कर कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान नूरुल हसन पाशा, मोहम्मद हफीज, जाने आलम, मोहम्मद रजा, नजाकत अली, रिजवान पाशा, कादिर हुसैन पाशा आदि मौजूद रहे।

# एजेंसी की मदद में उतरा रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग



पुराने कपूर कंपनी पुल क्षेत्र में कटे पेड़।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**तत्परता**

**▸▸ समय से निर्माण पूरा कराने को दो हिस्से में बांटी परियोजना**

**▸▸ पटरियों के बीच खड़े होंगे पोल कारखाना से आएगा गर्डर**

**अमृत विचार:** महानगर की पांच लाख से अधिक आबादी की लाइफ लाइन (कपूर कंपनी पुल) तैयार करने में रेलवे प्रबंधन कोई शिथिलता नहीं बरतना चाहता है। निर्माण का ठेका जारी करने के साथ ही निर्माण विभाग मौके पर कार्य का माहौल बनाने में जुट गया है। सितंबर तक पुल तैयार करने का लक्ष्य लेकर चलने वाले अधिकारी रेलवे के हिस्से का काम पूरा करने में जुट गए हैं।

निर्माण विभाग की टीम प्रस्तावित पुल के लिए भूमि उपलब्ध कराने में जुट गयी है। नया पुल पुराने से छह मीटर दूर बनेगा, इसके लिए लाइनपार और स्टेशन रोड क्षेत्र की कुछ दुकानें हटायी जानीं हैं। विभाग की नापजोख में दोनों ओर की तीन-तीन दुकानें पुल के दायरे में आ रही हैं जबकि, कपूर कंपनी पुल तिराहा क्षेत्र में रेलवे का एक कक्ष भी हटाया जाना है। पहले इसमें विभाग के कर्मचारी रहते थे। इसी क्षेत्र में प्राचीन देवी मंदिर भी है। रेलवे लाइन तक निर्माण सामग्री पहुंचाने और फाउंडेशन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने में विभाग जुट गया है। इसके लिए रेलवे लाइन के किनारे के पेड़ काटे जा रहे हैं।

दोनों ओर की दुकानों को हटाने के लिए सिविल इंजीनियरिंग और बिजली विभाग की टीम कार्रवाई की योजना बना रही है। ढांचा निर्माण विभाग के कारखाने में हो रहा है, जबकि डिजाइन और अन्य सुरक्षा उपायों के लिए एजेंसी तय कर दी गयी है। रेल प्रबंधन पुल निर्माण के लिए करीब आठ लाख रुपये एजेंसी को देने की योजना बनायी है। पूरी परियोजना 14 करोड़ में पूरी होगी। रेलवे का इंजीनियरिंग विभाग अपने हिस्से का कार्य करेगा। विधानसभा चुनाव के पहले मौजूदा पुल से आवागमन बंद कर दिया गया। उसके बाद लोग नाराज और परेशान होने लगे। इसके बाद जनप्रतिनिधियों का दबाव रेल प्रबंधन पर दिखने लगा। इसी प्रबंधन ने पुल का ठेका दो हिस्से में कर दिया। रेलवे के मंडल अभियंता (मुख्यालय) हरपाल सिंह का कहना है, नया पुल तीन मीटर चौड़ा होगा। नया पुल पुराने के पास ही बनेगा, जिससे लोग पहले की तरह पैदल ही आ जा सकेंगे। रेल लाइन से पेड़ काटे जा रहे हैं। जल्द एजेंसी काम शुरू कर देगी।

## संत रविदास का पूरा जीवन प्रेरणा का पुंज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती की पूर्व संध्या पर मूंढापांडे के प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर नगली में उन्हें याद किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास का पूरा जीवन प्रेरणा का पुंज है। प्रधानाध्यापक डॉ. हरनंदन प्रसाद ने कहा कि समाज में अनेकों संत हुए जिन्होंने मनुष्य के जीवन में परिवर्तन कर समाज को घृणा व द्वेष को त्यागना सिखाया है। उन्हीं में से एक संत शिरोमणि रविदास थे।

जिन्होंने जीवन भर कठिन संघर्ष करके अपने कर्म को प्रधान मानते हुए यह सिखाया कि उपासना या आस्था दिखाने से नहीं मन से होती है। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहना है। इस मौके पर शिक्षक व स्कूली बच्चों ने भी विचार व्यक्त किए।

**उम्मीद** | मार्च के अंत तक पूरा हो जाएगा कार्य, 500 किलोमीटर लंबी पुरानी रेल पटरी बदली जाएगी

# 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दौड़ेंगी ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अब दिल्ली से आ रहीं तेज गति की ट्रेनें लखनऊ तक उसी रफ्तार से पहुंचेंगी। रेल पटरी बदलने के बाद लखनऊ तक 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनों का संचालन हो सकेगा। अभी गाजियाबाद से मुरादाबाद सेक्शन की गति मंडल में सबसे अधिक है जबकि, पटरी बदल जाने के बाद राजधानी तक के स्टेशनों का कॉशन (कम गति से ट्रेन संचालन का प्रतिबंध) हटा लिया जाएगा।

यह कार्य मार्च के अंत तक पूरा होने का लक्ष्य है। मंडल में सेमी हाईस्पीड रेल सेवा की संभावना भी इस तैयारी से बढ़ रही है। आरंभ में मुरादाबाद- बरेली- लखनऊ सेक्शन में रेल पटरी बदली जा रही है। उधर, सहारनपुर सेक्शन में भी ट्रैक बदलने का कार्य होगा। सूत्रों की मानें तो मंडल में 500 किलोमीटर रेल पटरी बदली जानी है। अभी मुरादाबाद से गाजियाबाद सेक्शन में 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ रही हैं, हालांकि इस सेक्शन में स्पीड परीक्षण 120 किमी प्रति घंटे तक किया गया है।

| मुरादाबाद से लखनऊ तक की यात्रा की प्रमुख बातें |
|---|
| दूरी 306 .88 किलोमीटर |
| यात्रा की अवधि 5 घंटा और 38 मिनट |
| प्रति दिन कनेक्शन 29 जोड़ी |
| सबसे कम किराया 439 .70 रुपये |
| सबसे ज्यादा कीमत 1,342 .80 रुपये |
| पहली गाड़ी 12 :20 बजे एएम |
| अंतिम प्रस्थान 11 :58 बजे पीएम |

मार्च के पहले सप्ताह तक कोहरा सीजन की निरस्त सभी ट्रेनों का बहाल कर दिया जाएगा। ऐसे में पुरानी पटरी बदलने के बाद मुरादाबाद से लखनऊ स्टेशन के बीच तेज गति से ट्रेनें दौड़ सकेंगी। सूत्रों का कहना है कि मुरादाबाद से बरेली स्टेशन के बीच ट्रैक संबंधी कार्य की वजह से ट्रेनों को पूरी गति से नहीं दौड़ाया जा रहा है। इस वजह से भी मेल, एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें भी समय की पटरी पर शत प्रतिशत परिणाम नहीं दे रहीं हैं।

पुरानी पटरी बदलने और जगह-जगह गति पर लगाई गयी रोक हटने के बाद यात्रियों को सफर का आनंद और बढ़ जाएगा। सीनियर डीईएन (सी) पारितोष गौतम का कहना है कि मार्च के आखिर तक पटरी बदलने का कार्य पूरा हो जाएगा। निश्चित रूप से इस वजह से मंडल में ट्रेनों की समयबद्धता में सुधार होगा। रेलवे में संरक्षा प्राथमिकता में सबसे ऊपर है। पटरी बदलने से इस बात की गारंटी बढ़ जाएगी।

## अवैध खनन से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुरजननगर चौकी क्षेत्र में गुरुवार रात्रि 1:30 बजे अवैध रूप से खनन से भरकर आ रहा ट्रक सुरजननगर गांधी स्मारक कॉलेज के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। जिस पर चालक व परिचालक ने ट्रक से कूद कर जान बचाई। ज्ञात हो कि सुरजननगर मार्ग पर अवैध रूप से बॉर्डर पार करके खनन माफिया खनन से भरे वाहनों को उत्तराखंड के जसपुर से यूपी के रास्तों से होते हुए रात के अंधेरे में सीधे बिजनौर की सीमा में चले जाते हैं। गुरुवार की रात में उत्तराखंड का बॉर्डर पार कर आ रहे खनन से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे सुरजननगर गांधी स्मारक कॉलेज के पास पलट गया। ट्रक के पलट जाने से चालक बच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुँच गई थी। खनन से भरे ट्रक के पलट जाने से प्रशासन के दावों की पोल खुल गई।

# मौसम बदला, ट्रेनें फिर भी विलंबित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौसम बदलने के साथ ट्रेनों की प्रतीक्षा यात्रियों को भारी पड़ रही है। दिन और रात के तापमान में अंतर से लोगों की दिनचर्या प्रभावित दिख रही है। आलम यह है कि तेज हवा से गला सूखने और धूप से दिनचर्या बदलने के बाद यात्री ट्रेनों की देरी से गुस्से में हैं।

दैनिक रेल यात्री भी लोकल ट्रेनों की देरी से परेशान हैं जबकि, लंबी दूरी की ट्रेनों का प्रभावित होना जारी है। कुंभ एक्सप्रेस के विलंब से चलने का सिलसिला लगातार तीन दिन से जारी है। यह गाड़ी यात्रियों को झुंझला रही है। शुक्रवार को यह ट्रेन 11 घंटे 19 मिनट की विलंब से यहां पहुंची। उधर, अप दिशा यानी दिल्ली की ओर आने वाली सत्याग्रह भी 8 घंटे 27 मिनट प्रभावित है। डाउन दिशा में यह गाड़ी 2: 49 मिनट विलंबित रही।



ट्रेन में सवार होने की कोशिश करते यात्री। ● अमृत विचार

सूत्रों का कहना है कि देरी से पहुंची ट्रेन का विलंब से चलना स्वाभाविक है। गाड़ी की सफाई और तकनीकी जांच की वजह से वापसी में यह ट्रेन लेट हो गयी।

गरीब रथ के यात्री भी सवा घंटे उसकी प्रतीक्षा को मजबूर हुए। सियालदह 2 घंटे 23 मिनट और अवध- असम तीन घंटे लेट पहुंची। शाम को जलियांवाला बाग एक्सप्रेस 1 घंटा 10 मिनट, किसान मेल 1 घंटा 42 मिनट, सद्भावना एक्सप्रेस 8 घंटे 38 मिनट, दून 2 घंटा 21 मिनट और वैष्णोदेवी कटरा जाने वाली साप्ताहिक गाड़ी 3 घंटा 18 घंटे देरी से पहुंची।

## एक नजर

### डिप्टी एसपी ने कोतवाली पुलिस को दिए दिशा-निर्देश

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** डिप्टी एसपी राजेश कुमार तिवारी ने कोतवाली पहुंचकर समस्त विवेचकों के साथ बैठक की। इस दौरान डिप्टी एसपी ने दस्तावेजों के चेक किया और जांच प्रार्थना पत्र एवं पेंडिंग विवेचनाओं की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी त्योहार व चुनाव सम्बन्धित तैयारी को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा, उपनिरीक्षक देव सिंह, उपनिरीक्षक निशांत पवार, आसिम मिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### खेत में चकरोड निकालने की एसडीएम से शिकायत की

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बैजनाथपुर निवासी अजय कुमार पुत्र गोपाल सिंह ने उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा को शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के कुछ किसान हल्का लेखपाल से हमसाज होकर उसके खेत में जबरन चक मार्ग निकाल रहे हैं। उसका खेत आबादी के निकट है और मौके पर राजस्व अभिलेखों के रिकॉर्ड के अनुसार एक एकड़ से भी कम है। किसान का आरोप है कि लेखपाल जबरन आसपास के खेतों की पैमाइश न कर खेत में जबरन चक मार्ग निकालने का प्रयास कर रहा है जबकि बराबर के खेत राजस्व अभिलेखों से ज्यादा है। पीड़ित ने आसपास के खेतों की पैमाइश करने की भी मांग की।

### युवती को तमंचे के बल पर किया अगवा, दी तहरीर

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि गुरुवार की रात उसकी पुत्री उसकी पत्नी व समधन के पास सो रही थी। मुस्लिम समुदाय के चार-पांच लोग घर में घुस आए और उसकी पुत्री को धारदार हथियार व तमंचे के बल पर अगवा करके ले गए। घर में रखे 95 हजार रुपये एवं सोने का टीका भी गायब है। बाद में पता चला कि रात का फायदा उठाकर जुनैद ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी पुत्री को अगवा कर लिया। वह शिकायत करने जुनैद के घर गया तो आरोपियों ने व अन्य लोगों ने गालियां देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और गांव से भगाने की धमकी दी। पीड़ित ने पुत्री की बरामदगी तथा जुनैद और उसके परिजनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।


नवीन नगर में संत गाडगे की मूर्ति पर माल्यार्पण करते समिति के पदाधिकारी व सदस्य।

## प्रेरणा दिवस के रूप में मनी जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आंबेडकर पार्क सिविल लाइन में शुक्रवार को संत गाडगे महाराज सेवा ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती मनाई।

इसे मानवतावादी प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। अध्यक्ष एडवोकेट किशन लाल चौधरी ने गाडगे बाबा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, गांव-गांव जाकर उन्होंने सफाई की अलख जगाई। कार्यक्रम का संचालन विष्णु दिवाकर व चन्द्रपाल दिवाकर ने किया। इस दौरान राजेश दिवाकर, महावीर प्रसाद मौर्य, राजकुमार गौतम, मनीष प्रताप सिंह, मोहनराम, सुमित चौधरी, सुनील चौधरी, सतीश दिवाकर, वीरपाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

उधर, जिला धोबी महासभा की ओर से संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। इसमें अध्यक्ष ताराचंद चौधरी ने महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान नरोत्तम चौधरी, मोती लाल, मुन्ना लाल, करन सिंह दिवाकर, राजीव आदि मौजूद रहे।

### श्रीबांके बिहारी सेवा समिति की ओर से कानून गोयान में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

## धूमधाम से निकाली कलश यात्रा, जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से कानून गोयान स्थित सांवलदास गंगा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शुक्रवार को कथा का आरंभ कलश स्थापना चौकी पूजन और क्षेत्र में कलश यात्रा निकाल कर किया।

कलश यात्रा हाथी वाला मंदिर से आरंभ होकर चामुंडा मंदिर कानून गोयान फैजगंज रंजन वाली गली संतमत सत्संग आश्रम होते हुए गंगा मंदिर पर समाप्त हुई। इसमें सैकड़ों महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर शामिल हुईं और हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा कृष्णा हरे हरे का कीर्तन करते हुए चल रही थीं। कथा में कथा व्यास आचार्य पंडित विनीत शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा के दर्शन करने से मात्र पापों का नाश हो जाता है। जो भक्त श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करते हैं उनकी सात पीढ़ियां चित्र दो से मुक्त हो जाती हैं। व्यवस्था में नवनीत शर्मा, सच्चिदानंद भटनागर, सुरेश चंद गुप्ता, पंडित दिनेश चंद्र शर्मा, अशोक कुमार गुप्ता, भवानी गुप्ता, राधा शर्मा, रानी रस्तोगी आदि ने सहयोग दिया।


श्रीमद्भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


दिव्य लोक आश्रम में अखंड रामायण पाठ के विराम के बाद आरती करते भक्त।

### अखंड रामायण पाठ को दिया विश्राम, प्रभु के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** विश्व जागृति मिशन की ओर से आयोजित अखंड रामायण पाठ को शुक्रवार को विराम दिया गया। जिसके बाद पंडित वीरेंद्र जोशी व संतोष ने हवन कराया। वहीं दिल्ली से आए पं. अशोक ने भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर पूनम गुलाटी और सिम्मी कपूर ने भी सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर परम पूज्य सतगुरु सुधांशु जी महाराज ने वर्चुअली श्रद्धालुओं को दीक्षा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा यह बड़े आनंद का विषय है कि आज आप सब लोगों के 25 वर्ष पूरे हुए हैं। व्यवस्था में मंडल प्रधान राकेश अग्रवाल, शोभा अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, गीता अग्रवाल, राजीव गुलाटी, रचित अग्रवाल, आरसी शर्मा, संजीव वर्मा, रामकिशोर गंगवार, विनोद भटनागर, रणवीर सिंह, तरुण मदान, अश्वनी, हरि शंकर, गंगाराम आदि मौजूद रहे।

## चार मोहल्लों में 8 घंटे गुल रही बिजली

### दौलत बाग, नागफनी व घोसीवाली पुलिया के 2000 उपभोक्ताओं ने झेली परेशानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ते ही बिजली कटौती भी बढ़ने लगी है। उपकरणों में फाल्ट होने और बिजली कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं के फोन नहीं उठाने की शिकायतें बढ़ने लगीं हैं। दौलत बाग, नागफनी, घोसी वाली पुलिया नवाबपुरा में गुरुवार रात 3 बजे के बाद फाल्ट होने से अगले दिन सुबह 10 बजे तक 2000 उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना पड़ा।

गुरुवार रात को दौलतबाग, नागफनी मोहल्ले में रात दो बजे तारों में फाल्ट हो गया। जिसके बाद बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह लोगों ने देखा तो इनवर्टर का बैटरी भी जवाब दे चुका था। वहीं पानी के टैंक भी खाली थे। जिससे नौकरीपेशा लोगों व छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों ने एसडीओ को कई घंटे बिजली न मिलने पर फोन मिलाने शुरू किए, लेकिन सुबह साढ़े दस बजे से पहले एसडीओ व जेई ने फोन नहीं उठाए। 11 बजे के बाद बिजली कर्मचारी पहुंचे तब फाल्ट सही होने पर 8 घंटे के बाद बिजली सुचारू चालू हो सकी।

वहीं घोसियों वाली पुलिया और नवाबपुरा में गुरुवार रात 3 बजे के बाद ट्रांसफार्मर में जा रहे बिजली के तारों में आग लग गई। पांच मिनट में आग से तार टूट गए। जिससे दोनों मोहल्लों में 850 उपभोक्ताओं की बिजली गुल हो गई। लोगों ने रात को बिजली विभाग के लाइनमैन और टीजीटू को फोन मिलाया जिसपर लाइन मैन ने सुबह फाल्ट सही करने की बात कह कर फोन काट दिया। सुबह नौ बजे बिजलीकर्मियों ने पहुंच कर लटके तारों को जोड़ा जिससे 6 घंटे बाद दोनों मोहल्लों की बिजली आपूर्ति शुरू हुई।


जिला अस्पताल के सामने विद्युत लाइन की मरम्मत करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

> गर्मी के लिए विभाग में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। इसमें क्षेत्र में सभी पुराने उपकरण बदले जाएंगे। लाइनमैन और टीजीटू आरडीएसएस के कार्य में निजी संस्था के साथ कार्य कर रहे हैं। फाल्ट होने के बाद जनता के फोन नहीं उठना अनुशासनहीनता है। इसमें उपभोक्ता यदि किसी कर्मचारी का शिकायत करेगा तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **–मनीष चोपड़ा**, अधीक्षण अभियंता

#### 7 घंटे बाधित रहेगी आपूर्ति

शनिवार को आरडीएसएस योजना में तार बदलने का कार्य सुबह 9 :30 से शाम 4 :30 बजे तक लगातार चलेगा। जिसमें बिजली आपूर्ति सात घंटे बाधित रहेगी। जिसमें वितरण खंड द्वितीय के मोहल्ला भोला नाथ कॉलोनी, देहरी गांव, गागन संभल रोड, मोहल्ले कानून गोयान की बिजली व्यवस्था प्रभावित रहेगी। वहीं वितरण खंड तृतीय के गंज गुरहट्टी, लालबाग, रेती स्ट्रीट, कटरानाज क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली व्यवस्था ठप रहेगी।

#### मरम्मत कार्य से इन क्षेत्रों में हुई बिजली कटौती

स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते घोषित कटौती में पीली कोठी से लेकर महिला थाना, आंबेडकर पार्क, कलेक्ट्रेट और मंडलायुक्त कार्यालय मार्ग की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक ठप रही। जिससे 800 उपभोक्ताओं को लगातार पांच घंटे बिना बिजली के परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं हरथला कांठ रोड पर पुराने बिजली के खंभों को हटाने के लिए 10 :30 बजे से शाम 4 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। एक फीडर पर कार्य के चलते 500 से अधिक उपभोक्ताओं को 5 घंटे बिजली गुल रही।

### बैंक के सेल्स मैनेजर को डंपर ने रौंदा, मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** बाइक से रुद्रपुर जा रहे एक्सिस बैंक के सेल्स मैनेजर को जौहर अस्पताल के पास डंपर ने रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इसके अलावा पहाड़ी गांव के पास बाइक ने सवारी के इंतजार में खड़े ग्रामीण को टक्कर मार दी। ग्रामीण ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के आगापुर की दुर्गा कालोनी निवासी अनिल अग्रवाल का 26 साल का बेटा कुशाग्र अग्रवाल रुद्रपुर के थाना गदरपुर के ग्राम भैंसिया स्थित एक्सिस बैंक में ब्रांच सेल्स मैनेजर था। रोजाना की तरह शुक्रवार की सुबह करीब 9:15 बजे वह बैंक जा रहा था। सुबह करीब 9:32 बजे जौहर अस्पताल के पास डंपर ने पीछे से उसकी बाइक को रौंद दिया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर फरार हो गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी जेब से मिले कागजों के आधार पर परिजनों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


ट्रॉफी के साथ मुरादाबाद के वेटलिफ्टर। ● अमृत विचार

## यूपी ग्रामीण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** यूपी ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता में महानगर के चार वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने पदक जीतकर नाम रोशन किया है। इनमें कन्हैया ने गोल्ड जीता है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से जनपद के खिलाड़ियों में खुशी है।

वेट लिफ्टिंग कोच सर्वेश सिंह ने बताया कि यूपी ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता लखनऊ में आयोजित हुई। इसमें सीनियर वर्ग की वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई। इसमें महानगर के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 61 किलो भार वर्ग में कन्हैया ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 67 किलो भार वर्ग में सुमित शर्मा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। जबकि 81 किलो भार वर्ग में सानेआलम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में प्रीति ने सिल्वर मेडल जीता।

## विधायक का पास लगी कार का दस हजार का चालान काटा

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार:** महिंद्रा थार कार पर विधायक का पास व लाल नीली बत्ती लगाने पर पुलिस ने 10,000 रुपये का चालान काट दिया। चालान काटने पर युवक ने हंगामा किया। चालान काटने के बाद कार चला रहे युवक का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र की कस्बा चौकी के पास गुरुवार को एएसपी अमरिंदर सिंह की अगुवाई में सभी सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान जो भी बाइक वाले बिना हेलमेट एवं कागज के दिखाई दिए उनपर चालानी कार्रवाई की गई। उसी समय उधर से थार कार गुजर रही थी। एएसपी ने कार को रुकवा लिया। पूछा कि इस पर जो विधायक का पास लगा है। कौन विधायक हैं। कार पर लाल नीली बत्ती भी लगी हुई थी। कार चला रहे मोहम्मद फैज पुत्र अब्दुल रशीद निवासी गोधूलि रेस्टोरेंट के पास पाकबड़ा कोई भी सही जबाब नहीं देने पर एवं कार पर विधायक पास एवं लाल नीली बत्ती लगाने पर पुलिस ने कार का 10,000 का चालान काट दिया। उसके बाद कार चला रहे मोहम्मद फैज का पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया।


विधायक का पास लगी कार। ● अमृत विचार

### नशेड़ी युवक को पुलिस ने भेजा नशा मुक्ति केंद्र

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम सुरजनगर में झंडा चौक पर नशा कर कर उत्पात मचा रहे युवक को सूर्य नगर पुलिस चौकी इंचार्ज ने हिरासत में लेकर नशा मुक्ति केंद्र बिजनौर भेजा।

सुरजननगर में बाजार झंडा चौक पर एक युवक आए दिन नशा करके उत्पाद मचाता था। इससे परेशान होकर पश्चिमी यूपी व्यापार मंडल सुरजन नगर ने पुलिस से शिकायत की। जिस पर पुलिस ने उसको हिरासत में लेकर चेतावनी देकर छोड़ दिया। इस पर युवक कुछ दिन तक शांत रहा। गुरुवार रात्रि को युवक ने पुनः उत्पात मचाया। व्यापार मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान के नेतृत्व में शुक्रवार को व्यापार मंडल के सदस्य व ग्राम प्रधान वीर सिंह, जनसेवक हेमंत चौहान के साथ सुरजन नगर चौकी पहुंचे और युवक की शिकायत की।

## शराब के नशे में ट्रक चालक ने घर में फंदे पर लटक कर दी जान

संवाददाता, ढकिया

**▸▸ परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए किया अंतिम संस्कार**

**अमृत विचार :** ट्रक चालक ने नशे मे धुत होकर अपने घर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। कमरे में लगे कुंडे में रस्सी डाली और फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। ट्रक चालक की आत्महत्या की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिए बिना ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

ढकिया चौकी क्षेत्र के यूसुफनगर गांव निवासी 37 वर्षीय भूरे यादव ट्रक चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया जाता है कि भूरा शराब का आदी था। उसने गुरुवार की रात भी जमकर शराब पी। इसके बाद वह अपने कमरे में घुस गया और दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी समय बीत जाने के बाद भी जब उसने कमरे का दरवाजा खोलकर तब उसकी पत्नी ने कमरे में झांककर देखा तो उसकी चीख निकल गई। पति भूरा फंदे पर लटका था।

पत्नी की चीख सुन परिजन व पड़ोसी एकत्र हो गए। उन्होंने किवाड़ तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं टूटीं। तब आनन-फानन में कमरे की दीवार तोड़कर भूरा के शव को नीचे उतारा।

फिर परिजन व ग्रामीणों ने बिना पुलिस को सूचना दिए उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस ने यूसुफनगर इस तरह की घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

## 90 सड़कों पर खर्च होंगे 50 करोड़

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**▸▸ लोक निर्माण विभाग ने सड़कों के निर्माण को धनराशि स्वीकृत की**

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग ने क्षेत्र की जर्जर सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए लगभग 50 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस धनराशि से करीब 90 जर्जर सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

विधायक नवाबजान खां ने बताया कि काफी समय से क्षेत्र की सड़कों की जर्जर के निर्माण के लिए लोक निर्माण को जानकारी दी जा रही थी। लोक निर्माण विभाग से जर्जर सड़कों के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है। इसमें भोजपुर रोशनपुर टांडा मार्ग के किलोमीटर 1 से 10 किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए 653 लाख रुपये की स्वीकृति हुई है, जिसमें 163 लाख रुपये अवमुक्त हो गया है। साथ ही लोनिवि से टीएम मार्ग से डिलारी मार्ग की मरम्मत के लिए 160 लाख, राजपुर केसरिया से सुमालखेड़ा मार्ग में मरम्मत एवं सुधार 47.54 लाख, वीरपुर से कुकरझुंडी मार्ग निर्माण को 59.09 लाख, ठाकुरद्वारा डिलारी मार्ग 8 किमी से पसियापुरा पंडितपुर मार्ग की मरम्मत को 54.08 लाख, डिलारी दोराहा मार्ग से पीपलीघनश्याम मार्ग के निर्माण को 48.91 लाख, ठाकुरद्वारा तहसील मुख्यालय से अल्पसंख्य इंटर कालेज मार्ग की मरम्मत को 68.15 लाख, दलपतपुर अलीगंज मार्ग से चकमेवला मार्ग के लिए 44.82 लाख, दलतपुर बमनिया से पीपलीष्योराम मार्ग को 179.51 लाख, राजपुर केसरिया से सहसपुरी ढाकवाला कुंडेसरी मार्ग की मरम्मत को 136.59 लाख, गुलडिया से इस्लामनगर चौराहा मार्ग की मरम्मत को 96.78 लाख, डिलारी दोराहा, करनपुर सुरजन नगर जसपुर मार्ग के नवीनीकरण को 580 लाख रुपये स्वीकृत किया गया है। नगला ताहर मार्ग पर पुलिस निर्माण के लिए 64 लाख रुपये, ढकिया में नदी तक मार्ग निर्माण को 90.88 लाख, शरीफ नगर-रतूपुरा मार्ग निर्माण के लिए 28.32 लाख, रतूपुरा ठाकुरद्वारा मार्ग के लिए 50.53 लाख, डिलारी सुरजन नगर रोड से शेरपुर पट्टी तक सड़क निर्माण को 55.29, पीपलीघनश्याम में सड़क निर्माण को 45.93 लाख, मसतल्लीपुर कटारमल मार्ग को 17.68 लाख, दूल्हापुर पट्टी जाट मार्ग की मरम्मत कार्य को 45.59 लाख, ठाकुरद्वारा रजवाहा संपर्क मार्ग को 125.45 लाख, टीएम मार्ग से नूरपुर कमालपुर मार्ग की मरम्मत एवं सुधार कार्य 44.73 लाख, टीमएम मार्ग से ईलर मार्ग में मरम्मत को 51.89 लाख, आलमपुर से सुमालखेड़ा मार्ग में मरम्मत एवं सुधार 47.54 लाख...


विवेकानंद हॉस्पिटल में स्मार्ट फोन के साथ मेधावी विद्यार्थी एवं हॉस्पिटल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## स्मार्ट फोन पाकर खुश हुए मेधावी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**▸▸ विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में हुआ वितरण**

**अमृत विचार:** एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में शुक्रवार को मेधावी विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया।

इस अवसर पर एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रिटायर्ड चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. ओमकार नाथ खन्ना को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने एशियन विवेकानंद सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल पहुंच कर सेंटर फॉर साइट आंखों का अस्पताल एवं एमआरआई मशीन का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ.ओमकार नाथ खन्ना, सुभाष चंद्र ढल, डॉ.नीरज विनोद खन्ना, एसपी खोसला आदि मौजूद रहे।

**स्थायी तंत्र वार्ता** — उरमू के मंडल सचिव शलभ सिंह ने सिलसिलेवार रखीं मांगें, कर्मचारी हित के कार्य में नहीं होगी कोई रुकावट : डीआरएम

## प्रमुख मांगों पर रेल प्रबंधन के निर्णय से कर्मचारी खुश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रेल प्रबंधन के साथ उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की स्थायी तंत्र वार्ता (पीएनएम) का शुक्रवार को समापन हो गया। कर्मचारियों की मांग के मद्देनजर रेल प्रबंधन की ओर से पत्र जारी किए गए। मुख्य रूप से 16 मांगों के संबंध में रेल प्रशासन की घोषणा से कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त की है। उरमू के मंडल सचिव शलभ सिंह ने प्रबंधन से बात की। रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने कर्मचारियों से ड्यूटी के प्रति समर्पण भाव से काम की अपेक्षा की। कहा, कर्मचारी हित में रेल प्रबंधन कार्य में कोई रुकावट नहीं आने दी जाएगी। प्रवर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने आभार व्यक्त किया।

मंडल सचिव शलभ सिंह ने बताया कि बैठक के दूसरे दिन प्रबंधन ने ट्रैकमैन को साइकिल अलाउंस भुगतान एरियर के साथ करने का आश्वासन दिया है, जबकि जॉब एनालिसिस के आधार प्वाइंट्समैन का ड्यूटी रोस्टर 8 घंटे किया जाएगा। सीएलआई और रनिंग स्टाफ का रोटेशन से ड्यूटी लगेगी। 33 गेट पर 8 घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू कर दिया गया है। 17 अतिरिक्त गेटों पर 8 घंटे का ड्यूटी रोस्टर लागू होगा। बताया गया है कि मंडलीय चिकित्सालय में हड्डी के चिकित्सक के संविदा पर रखे जाने की विज्ञप्ति जारी कर दी गयी है। रनिंग रूम में सुविधाएं अपग्रेड होंगी।


उरमू की पीएनएम में रेल अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

मुरादाबाद में शंटिंग स्टाफ के शेड की व्यवस्था की जाएगी। ट्रेन मैनेजर/गुड्स से ट्रेन मैनेजर/पैसेंजर/मेल में प्रमोशन होगा। जोनल ट्रेनिंग स्कूल चंदौसी के हॉस्टल में 60 नए कमरों की व्यवस्था की जायेगी। बैठक में संगठन की ओर से मंडल अध्यक्ष एस के उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमारी, बुशरा जाफरी, रमेश, शेखर ठाकुर, अनीस, पीके भटनागर, नरेंद्र कुमार, धर्मवीर, आकाश, अरुण पासवान, ठाकुर सिद्धार्थ शंकर, अमित यादव, राकेश कुमार, सीपी सिंह, रवि थापा, संतोष यादव, राजीव गुप्ता, अरविंद तथा नितिन कुमार उपस्थित रहे। रेल प्रबंधन की ओर से सभी शाखा अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### एसडीएम ने मंदिर संबंधी विवाद का निपटारा कराया

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम छज्जूपुरा दोयम में एसडीएम ने पहुंचकर मंदिर संबंधी विवाद का निस्तारण किया। ग्राम छज्जूपुरा दोयम के कुछ ग्रामीणों ने थाना छजलैट एवं एसडीएम को पत्र लिखकर गांव के ही कुछ दबंगों द्वारा भगवान शिव के मंदिर के समीप तथा मार्ग पर कब्जे के प्रयास के संबंध में शिकायत की थी। मंदिर के पास एक व्यक्ति का सवा 6 बीघा का पट्टा है। इस पट्टे से बची मंदिर की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जे के प्रयास के संबंध में काफी समय से विवाद चल रहा है। एसडीएम सचिन राजपूत शुक्रवार को गांव पहुंचे। उन्होंने पैमाइश कराकर पट्टे की भूमि पूरी करा दी और शेष भूमि मंदिर को देने का आश्वासन ग्रामीणों को दिलाया।

### शिक्षक की बाइक चोरी

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में शादी में शामिल होने गए शिक्षक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित द्वारा तहरीर देने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। थाना कांठ के कस्बा ऊमरी कलां के मोहल्ला चौधरियान निवासी शमीम अहमद पुत्र नसीम अहमद शिक्षक हैं। 22 फरवरी की शाम को वह कांठ अमरोहा रोड पर हसन फार्म हाउस में एक शादी में शामिल होने गए थे, वहां से उनकी बाइक अज्ञात चोर ने चुरा ली और फरार हो गया। उन्होंने पीआरबी पुलिस को कॉल किया। इसके बाद ऊमरी कलां चौकी पुलिस को घटना की तहरीर दी। चोर बाइक चुराता हुआ फार्म हाउस के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया परंतु तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी।

### हादसों में पांच लोग घायल

**कांठ, अमृत विचार :** दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक बच्चा व महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी सुनील पुत्र शेर सिंह व उनकी पत्नी डोली तथा आठ वर्षीय बालक विधान करनपुर मार्ग पर बाइक फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार सीएचसी कांठ में कराया गया। वहीं दूसरी दुर्घटना में ग्राम मुख्तियारपुर नवादा मार्ग पर दिव्यांशु (18) पुत्र गुड्डू एवं ग्राम महमूदपुर भगवान दास निवासी अभिषेक पुत्र देवराज की बाइक आपस में टकरा गई। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों का सीएचसी कांठ में उपचार कराया गया है।

### युवती को भगाने का आरोप

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर निवासी महिला ने थाना कुंदरकी में पहुंचकर बताया कि वह परिवार के साथ हिमाचल में मजदूरी करती थी। वहीं पर ग्राम रतनपुर थाना पाकबड़ा निवासी एक शादीशुदा व्यक्ति भी काम करता था। वह उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर वहां से फरार हो गया। वहीं पुलिस ने मामला पाकबड़ा थाने का बताते हुए महिला को लौटा दिया।

# आंदोलनकारी किसानों का दमन कर रही केंद्र की मोदी सरकार

## किसानों ने नारेबाजी और प्रदर्शन कर मनाया काला दिवस

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा व अखिल भारतीय किसान सभा के कार्यकर्ता ब्लॉक परिसर में देशव्यापी काला दिवस मनाने के लिए एकत्र हुए। 21 फरवरी को प्रदर्शन के दौरान शहीद हुए युवा किसान शुभकरण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

ब्लॉक परिसर से कमालपुरी चौराहा, शगुन तिराहा व मुख्य बाजार से होते हुए कदीर तिराहा पर आकर कार्यक्रम समाप्त किया। कार्यक्रम में किसान हाथों में काले झंडे व काली पट्टियां बांधकर पहुंचे। किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार व हरियाणा की खट्टर सरकार दमनकारी नीतियां लागू कर शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे किसानों पर गोलियां चलवा रही है और किसानों के ट्रैक्टरों को क्षति पहुंचाई जा रही है। कहा कि सरकार की दमनकारी नीतियों का विरोध किया जाएगा। कामरेड जाबिर हुसैन ने कहा कि देश में लोकतंत्र की हत्या की जा रही है और आंदोलन कर रहे किसानों पर रबर की गोलियां व आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं। अब समय आ गया है सरकारों को मुंहतोड़ जवाब देना ही होगा। इस दौरान युवा शहीद किसान शुभकरण सिंह के परिवार को एक करोड़ मुआवजा व उसकी बहनों को सरकारी नौकरी देने, खनोरी की घटना की जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश द्वारा करवाने, संयुक्त किसान मोर्चा के साथ किए गए समझौते को लागू करने व समस्त फसलों की खरीद का गारंटी कानून बनाने आदि की मांग की गई। इस दौरान डॉ. सईद सिद्दीकी, कामरेड हरस्वरूप सिंह, दयाराम साहनी, कामरेड भारत सिंह, कामरेड गुलशेर अली, जाबिर हुसैन, करन सिंह, कामरेड इलियास, अम्मन खां, हाजी कल्लू, सुरेंद्र सिंह व बलबीर सिंह आदि मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सत्संग में जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने का आह्वान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

▸▸ संत निरंकारी भवन में 25 से शुरू किया जाएगा अभियान

**अमृत विचार :** संत निरंकारी सत्संग भवन में ब्रह्म प्रकाश गुप्ता ने बताया कि संत निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव पर 25 फरवरी को अमृत परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन का शुभारंभ किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण और इसके बचाव हेतु अपनाई जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाना एवं क्रियान्वित रूप देना है। यह जानकारी देते हुए संत निरंकारी मंडल के स्थानीय मीडिया प्रभारी नरेश चंचल बताया कि अमृत परियोजना के अंतर्गत ठाकुरद्वारा तहसील के ग्राम फैजुल्लागंज स्थित खोखरा तालाब की सफाई करने का कार्य मिशन के सेवादारों द्वारा मुखी ब्रह्म प्रकाश गुप्ता और सेवादल संचालक डॉ. रामकुमार सिंह के नेतृत्व में 25 फरवरी को सुबह 8:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक किया जाएगा। कहा कि बाबा हरदेव सिंह द्वारा समाज कल्याण के लिए जीवनपर्यंत अनेक कार्य किये गये हैं।


संत निरंकारी भवन में मौजूद ब्रह्म प्रकाश गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार

# डायट प्राचार्य ने विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया

संवाददाता, कांठ

**निर्देश**

▸▸ निपुण भारत अभियान को सफल बनाने का आह्वान

**अमृत विचार:** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट)के उप शिक्षा निदेशक/ प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता ने शुक्रवार को कई विद्यालयों का निरीक्षण किया। विद्यालयों में पंजीकृत बच्चों के विपरीत बच्चे कम उपस्थित पाए गए। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए विद्यालयों को शीघ्र निपुण बनाने का आह्वान किया।

उप शिक्षा निदेशक ने स्टेशन रोड स्थित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। यहां 255 बच्चे पंजीकृत थे। मौके पर 159 बच्चे पाए गए। सभी शिक्षिकाएं एवं शिक्षक उपस्थित पाए गए। इस विद्यालय को 31 मार्च तक निपुण विद्यालय बनाने का आश्वासन इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह ने दिया है। डायट प्राचार्य ने प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर इंग्लिश मीडियम का निरीक्षण किया यहां पर भी पंजीकृत बच्चों की अपेक्षा कम बच्चे पाए गए। बाद में प्राथमिक विद्यालय माननगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। यहां भी पंजीकृत बच्चों के विपरीत कम बच्चे उपस्थित पाए गए। विभिन्न योजना के बारे में भी उन्होंने जानकारी प्राप्त की। प्राथमिक विद्यालय छजलेट का भी निरीक्षण किया। उप शिक्षा निदेशक ने निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए शिक्षकों से निपुण भारत अभियान को सफल बनाने की अपील की। उनके साथ डायट प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार यादव भी थे।

# जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर भंडारा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** संत शिरोमणि गुरु रविदास के 648वें जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर नगर व क्षेत्र में हवन और यज्ञ का आयोजन किया गया। वहीं विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को मोहल्ला घोसीपुरा और महमूदपुर माफी में पहले विधि विधान के साथ हवन यज्ञ किया गया। यहां आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष आचार्य भावेश शर्मा ने फीता काटकर किया। उन्होंने हवन में वैदिक मंत्रोचार के साथ आहुतियां दिलवाई। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास का जन्म रविवार और सूर्य भगवान जिन्हें ग्रहों का राजा कहा जाता है, के दिन होने के कारण ही रविदास कहा गया। इसके बाद दोनों ही स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मोहल्ला घोसीपुरा में मोनू कुमार, सचिन कुमार, ओमपाल सिंह, विपिन कुमार, नितिन कुमार, कैलाश सिंह, हरिओम सिंह, नन्हे सिंह, आकाश कुमार, भूपेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार तथा ग्राम महमूदपुर माफी में समिति अध्यक्ष ठाकुर सिंह, सुधीर चौहान, अरविंद, नवनीत सिंह, दिनेश कुमार, रामकिशोर सिंह, गांधी कुमार, विकास कुमार, नवीन कुमार, रिंकू कुमार, भगवत सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि आचार्य भावेश शर्मा को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

# ग्राम ठाठ में मनी संत रविदास जयंती

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार:** ग्राम ठाठ में संत रविदास की जयंती मनाई गई। गांव में शोभायात्रा पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाली गई।

ग्राम ठाठ में मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवराज सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि ने भक्ति काल के सर्वोत्तम भक्त और कवि के रूप में ख्याति प्राप्त की। गांव में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें संत रविदास, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, राम लक्ष्मण सीता आदि की झांकियों की सराहना की गई। इससे पूर्व संत रविदास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए तथा हवन में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दी। इस मौके पर पूर्व भीम आर्मी के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार जाटव, जाटव मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, मा. मुनेश, गंगाराम सिंह आदि मौजूद रहे।

## इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित होने पर परेशान रहे उपभोक्ता

**कांठ, अमृत विचार:** पंजाब नेशनल बैंक शाखा में इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। घंटों लाइन में खड़ा होने के बाद भी उनको रकम नहीं मिल सकी। लेनदेन करने आए खाताधारकों को निराश होकर लौटना पड़ा।

शनिवार को रविदास जयंती का अवकाश है। अगले दिन रविवार का अवकाश है। अब बैंक सोमवार को खुलेंगे। इसको लेकर खाताधारक अधिक परेशान दिखे। शुक्रवार को खाताधारक पंजाब नेशनल बैंक शाखा पहुंचे उन्होंने खाते से रकम निकालनी चाही, लेकिन काउंटर पर कर्मचारियों ने बताया कि बैंक की कनेक्टिविटी गायब है। जिसकी वजह से धनराशि खाते में ट्रांसफर और निकासी नहीं हो पा रही है। यह सुनकर खाते धारक निराश हो गए।


संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते छात्र व शिक्षक। ● अमृत विचार

# स्कूल में संत रविदास की जयंती मनाई

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** शुक्रवार को नगर स्थित नरेंद्र भूषण स्कूल में संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित किए।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य फैजल अब्बास नकवी ने कहा कि संत रविदास महान संत थे। उनका कहना था कि मन चंगा तो कठौती में गंगा अर्थात यदि आपका मन अपने कर्म में लगता है तो आपको घर बैठे ही भगवान के दर्शन हो सकते हैं।

साथ ही आपका जीवन आपके कर्मों से सफल बन सकता है। हमें उनके विचारों का अपने जीवन में अनुसरण करना चाहिए। इस अवसर पर अध्यापिका नेहा चौधरी, प्राजंलि शर्मा, श्वेता दिवाकर, फरहीन खान, बुशरा, आबिदा, जेबा अंसारी उपस्थित रहे।

## एनडीआरएफ की टीम ने दिया आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

**कांठ, अमृत विचार:** एनडीआरएफ की केंद्रीय टीम ने तहसील में लेखपालों और कर्मचारियों को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी तेजी से करनी शुरू कर दी है। इसी क्रम में दिल्ली से आई एनडीआरएफ की केंद्रीय टीम ने लेखपालों, राजस्व निरीक्षकों एवं तहसील के कर्मियों को आपदा से बचाव का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि वह आग लगने पर या अन्य किसी तरह की आपदा आने पर किस तरह से अपना बचाव कर सकते हैं। इसके बारे में विस्तार से रिहर्सल के माध्यम से लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व तहसील कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर तहसील के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित रहे।

### तमंचे सहित दो युवक गिरफ्तार

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शुक्रवार को पुलिस में मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर दो अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने दो तमंचे और कारतूस बरामद किये। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को कुंदरकी जलालपुर रोड पर पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शिवा निवासी ग्राम धीमरी थाना मझोला बताया है जबकि दूसरे आरोपी को पुलिस द्वारा हाईवे स्थित नानपुर बस स्टैंड के पास गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से तलाशी में एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम जतिन निवासी ग्राम धीमरी थाना मझोला बताया। पुलिस में दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

**कार्रवाई** | संयुक्त टीम ने नगर की टूटी सड़कों का स्थलीय निरीक्षण किया

# पालिका ने रोका नगर में पाइप लाइन बिछाने का कार्य

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन ने पेयजल एवं गैस पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़ी सड़कों की समय से मरम्मत नहीं कराने पर निर्माण कार्य रुकवा दिया। प्रकरण उच्चाधिकारियों तक पहुंचा तो शुक्रवार को तीन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने स्थलीय निरीक्षण किया।

नगर में जल निगम विभाग की टीम पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य कर रही है। इसके साथ ही टोरंट एजेंसी का गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य भी चल रहा है। दोनों एजेंसियां 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करने की जल्दबाजी में सड़कों को तोड़कर पाइप लाइन बिछा रही हैं। जल निगम की टीम नगर की सड़कों को बीच से तोड़कर पाइप लाइन डाल रही है। सड़कें उखड़ी होने के साथ ही जगह-जगह पानी भी भर रहा है। साथ ही सड़कों के किनारे एजेंसी जगह-जगह गड्ढे खोदकर गैस पाइप लाइन डाल रही है। एक ही सड़क को दो जगह तोड़ने से सड़कों पर राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो रहा है। नागरिकों की शिकायत पर नगर पालिका प्रशासन ने दोनों एजेंसियों का कार्य रुकवा दिया था। इसको लेकर जल निगम और टोरंटो के प्रतिनिधियों ने एडीएमई गुलाब चंद से शिकायत की थी। एडीएमई के निर्देश पर शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ललित आर्य, टोरंटो एवं जल निगम के अधिकारियों की टीम ने कई वार्डों का निरीक्षण किया। इसमें नगर की संकरी सड़कें भी पूरी तरह उखड़ी मिलीं, जिनकी मरम्मत नहीं की गई थी।


सड़कों का स्थलीय निरीक्षण करते चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी व अन्य।

> नगर में जल निगम एवं टोरंट की टीम को पाइप लाइन के लिए नई सड़क तोड़ने का कार्य नहीं करने दिया जाएगा, जब तक कि पूर्व में तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत नहीं कर दी जाएगी।
>
> -इरफान सैफी, अध्यक्ष नगर पालिका

> एडीएमई के निर्देश पर संयुक्त निरीक्षण किया गया। इसमें टोरंट के प्रतिनिधियों ने गैस पाइप लाइन की टेस्टिंग तक अस्थायी रूप से गड्ढे भरने का आश्वासन दिया है, जबकि जल निगम पूर्व में बिछ चुकी पाइप लाइन की सड़कों की मरम्मत करेगा। इसके बाद ही आगे के कार्य की अनुमति दी जाएगी।
>
> -ललित आर्य, अधिशासी अधिकारी

## सार-संक्षेप

### मुस्लिम पसमांदा मंच के जिलाध्यक्ष बने इमरान



**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्वालखेड़ा गांव निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र स्व. आलेहसन प्रधान को भारतीय मुस्लिम पसमांदा मंच का मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। शुक्रवार को नगर में मंच के कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पसमांदा मंच के राष्ट्रीय महामंत्री आतिफ कमाल एडवोकेट ने मोहम्मद इमरान को मनोनयन पत्र सौंपा। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के कार्यकाल में पसमांदा मुसलमानों को अधिकार और सम्मान मिल रहा है। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।


कार्यक्रम में भाग लेते हुए पं. विनोद कुमार मिश्रा व अन्य। ● अमृत विचार

### हम्जापुर में प्रभात फेरी के बाद भंडारे का आयोजन

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के हम्जापुर गांव में प्रभात फेरी के समापन के बाद हनुमत धाम शिव मंदिर मोड के प्राचीन मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हम्जापुर गांव में भक्तों ने प्रभात फेरी निकाली। इस के बाद हनुमत धाम शिव मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के कई गांवों के श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के भाई भूकन, राजवीर सिंह, रामवीर सिंह, रूम सिंह, सौदान सिंह यादव, हरपाल सिंह, पुष्पेंद्र यादव, राम प्रकाश, ओमपाल सिंह, बाबू राम सिंह, भरत सिंह यादव, पूर्व प्रधान राजेंद्र सिंह यादव, समसपुर बाबा रोहतास गिरी शामिल रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती जिला अध्यक्ष पं. विनोद कुमार मिश्रा ने भाग लिया।


नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

### विधायक ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**कांठ, अमृत विचार :** शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पूर्व केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने जनसुनवाई की। क्षेत्रीय विधायक ने नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया। पाकबड़ा थानान्तर्गत एक ग्राम से आंबेडकर युवक संघ के कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्या रखी, जिस पर विधायक ने कोतवाली निरीक्षक से फोन पर बात कर समाधान करने के लिए कहा। इस अवसर पर अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अतीक अहमद, नईम अंसारी, अमजद अली, जितेंद्र कुमार प्रधान पति, सभासद शमीम, नासिर कमाल आदि मौजूद रहे।

### उर्दू प्रवक्ता डॉ. नेहा का लखनऊ में होगा सम्मान

**कांठ, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में उर्दू प्रवक्ता डॉ0 नेहा इकबाल को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उप्र द्वारा आयोजित वार्षिक पुरस्कार सम्मान समारोह में अकबर इलाहाबादी पुरस्कार से 3 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। डॉ. नेहा इक़बाल की अब तक 3 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिनमें से दो पुस्तकें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हुई हैं। इन्होंने यह पुस्तकें उर्दू के प्रसिद्ध शायर जौन एलिया पर लिखी है। पूर्व में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, लखनऊ की ओर से इनकी पुस्तक जौन एलिया : हयात और शायरी को पुरस्कार मिल चुका है। अमरोहा में जन्मी डॉ0 नेहा इक़बाल को बचपन से ही लिखने- पढ़ने का शौक रहा। 2002 में पिता इकबाल अहमद का स्वर्गवास होने के बाद डॉ. नेहा इकबाल की माता ने अपने चारों बेटे-बेटियों को न सिर्फ अच्छी शिक्षा दिलाई। माता उप्रावि में प्रधानाध्यापिका के पद पर थीं। डॉ. नेहा को पुरस्कार मिलने पर डायट प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता, प्रवक्ता डॉ. अनिल यादव, सुदेश बिश्नोई, डॉ. सुनील कुमार, शीतल कुमार, डॉ. लोकेंद्र आदि ने बधाई दी है।



### मां के साथ गाली गलौज करने पर युवक गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** अपनी मां के साथ गाली गलौज करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को नगर के मछली बाजार निवासी समीर पुत्र शाहिद अपनी वृद्ध माता से गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो गया और उसने हंगामा शुरू कर दिया। मोहल्ले में लोगों की भीड़ भी जुट गई। लोगों ने युवक को समझने का प्रयास किया। तो वह उनसे भी गाली गलौज करने करने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया। जहां जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### शिव मंदिर से चोरी करते पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामनगर शिव मंदिर से पीतल के दो घंटे चोरी करते पुजारी ने गांव के एक व्यक्ति की मदद से चोर को पकड़ लिया। ग्राम इस्लामनगर निवासी हरिओम गांव के ही शिव मंदिर में पुजारी हैं। शुक्रवार की दोपहर एक व्यक्ति ई रिक्शा से उतरकर शिव मंदिर में घुसा। थोड़ी देर बाद वह बाहर निकला। जिस पर पुजारी ने उसे शक होने पर रोका। मगर वह भागने लगा। पुजारी ने गांव के एक व्यक्ति की मदद से उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से दो पीतल के घंटे मिले, जोकि शिव मंदिर के थे। सूचना पाकर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने आरोपी पूछताछ की। उसने अपना नाम हाशिम निवासी करुला गली नंबर एक थाना कटघर जिला मुरादाबाद बताया। क्राइम इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने थावंला से कच्ची शराब बनाने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से भारी तादाद में कच्ची अपमिश्रित शराब के अलावा शराब बनाने के उपकरण आदि बरामद हुए। दरोगा अनुज कुमार सिंह व जयवीर सिंह आदि ने बिलारी के गांव थावंला के रहने वाले अतीक उर्फ लंबू पुत्र जमील, इमरान उर्फ इलायची पुत्र बदलू, बब्लू पुत्र जमील को मुखबिर की सूचना के बाद गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी यूरिया का उपयोग करके कच्ची शराब बनाया करते थे। पकड़े गए आरोपियों के पास से 380 लीटर लहन, 26 लीटर कच्ची अपमिश्रित शराब, दो गैस सिलेंडर, ड्रम, चूल्हा, भट्टी व शराब बनाने के उपकरण के अलावा 5 किलो यूरिया भी बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी अतीक उर्फ लम्बू पर बिलारी थाना क्षेत्र में 12 मुकदमे दर्ज हैं। इमरान उर्फ इलायची पर गोवध अधिनियम गैंगस्टर एक्ट सहित 10 मुकदमें व बबलू पर बिलारी थाना क्षेत्र में 6 मुकदमे दर्ज हैं। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## एक नजर

### महिला को घर में घुसकर पीटा, चार पर रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला संवाददाता, अमृत विचार :** घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट कर दी गई। मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के मोहल्ला मायापुरी निवासी राजकुमार व नितिन के बीच किसी बात को लेकर पुराना विवाद है। आरोप है कि गुरुवार रात नितिन व उसके साथी राजकुमार के घर के सामने पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। राजकुमार की पत्नी अंजलि ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी नितिन, शिवम, नन्हें व विपिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### दयाराम समता सैनिक दल के राष्ट्रीय महासचिव बने

**गजरौला, अमृत विचार :** ब्लाक क्षेत्र के गांव अहरौला तेजवन निवासी दयाराम गौतम को समता सैनिक दल का राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार सागर व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीडी सुजात ने दयाराम गौतम को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया है। दयाराम गौतम ने कहा कि वे दल की नीतियों का प्रचार प्रसार कर लोगों को जोड़ेंगे और सबके सुख दुख में भागीदार बनेंगे। उनको जो भी जिम्मेदारियां मिलेंगी वह उन सबका पूरी निष्ठा से पालन कर संगठन से लोगों को जोड़ेंगे। उन्हें समर्थकों ने शुभकामनाएं दीं हैं।

### खाने को लेकर बरातियों व घरातियों में मारपीट

**गजरौला, अमृत विचार :** बैंक्वेट हॉल में शादी समारोह के दौरान खाना खाने को लेकर बरातियों व घरातियों में विवाद हो गया। इस दौरान मारपीट के बीच मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद रिश्तेदारों ने दोनों पक्षों को समझाकर किसी तरह विवाद शांत कराया। शहर के एक बैंक्वेट हाल में गुरुवार रात शादी होनी थी। इसी दौरान बरात में शामिल एक युवक ने आयोजन स्थल पर रखी प्लेट फेंक दी। दुल्हन पक्ष ने इस पर विरोध जताया तो दोनों ओर से गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। मौके पर अफरातफरी मच गई। शादी की रस्में भी रुक गई। बाद में वहां मौजूद रिश्तेदारों ने बमुश्किल दोनों पक्षों को समझाकर विवाद शांत कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# एनडीए से गठबंधन की घोषणा जल्द

## रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने किया दावा, सपा-कांग्रेस को दी शुभकामना

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** अमरोहा पहुंचे रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कांग्रेस और सपा गठबंधन को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एनडीए के साथ अपने गठबंधन पर कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने दिल्ली में चल रहा है किसान आंदोलन का भी जल्द हल निकालने की बात कही।

शुक्रवार सुबह रालोद अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद जयंत चौधरी राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह के अमरोहा-अतरासी मार्ग स्थित हाकमपुर गांव में उनके आवास पर पहुंचे थे। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने चौधरी रामवीर सिंह के भतीजे के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने विशाल चौधरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी। इसके बाद वह पपसरा में सपा नेता चौधरी सरजीत सिंह के आवास पर पहुंचे। यहां उनकी माता के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का जल्द ही हल निकाला जाएगा। बोले, दोनों ही ओर से धैर्य रखने की आवश्यकता है। हिंसा से किसी का भी किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता। वहीं सपा-कांग्रेस के गठबंधन के सवाल पूछने पर उन्होंने अपनी ओर से इस गठबंधन को शुभकामनाएं दी और ज्यादा कुछ बोलने से इनकार कर दिया। इसके अलावा जब उनसे एनडीए के गठबंधन पर सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी। वहीं पूर्व राज्यपाल सत्यपाल सिंह मलिक के घर हुई सीबीआई की छापेमारी पर सवाल पूछने पर जयंत चौधरी ने कहा कि जब पूर्व राज्यपाल ने ही इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है तो वह भी इस सवाल का कोई जवाब नहीं देना चाहते। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, जिलाध्यक्ष मनवीर चिकारा, उम्मेद सिंह, हरपाल सिंह, सचिन चौधरी, जनम सिंह, मदनपाल सिंह, जयपाल सिंह, प्रशांत औलख, पुष्पेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे।



विशाल चौधरी के परिजनों को सांत्वना देते जयंत चौधरी। ● अमृत विचार

# आज अमरोहा आएंगे राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में होंगे शामिल

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज अमरोहा आऐंगे। वह भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर लोगों से वार्ता भी करेंगे। यात्रा की तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसियों ने रणनीति बनाई। प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी न्याय यात्रा की तैयारियों को लेकर कई दिनों अमरोहा ही डटे हैं। शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जिले में पाकबड़ा से कैलसा की तरफ को प्रवेश करेगी। इसके बाद कैलसा होते हुए अमरोहा आएगी। टीएसआई धर्मेंद्र खोखर ने बताया कि यात्रा मुरादाबाद से पाकबड़ा से पायती कलां, रामहट, कैलसा चौराहा, अमरोहा शहर में माया धर्म कांटा, रविदास चौक, आंबेडकर पार्क, गांधी मूर्ति, टीपी नगर के बाद बंबूगढ़ से होते हुए जोया से गजरौला की तरफ रवाना हो जाएगी। अमरोहा आने पर कार्यकर्ताओं की भीड़ भी होगी। जिसके चलते इसके चलते शहर में जाम लग सकता है। जाम से निपटने के लिए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान लागू किया है। कई इलाकों में ट्रैफिक का रूट बदला रहेगा। शहर में जाम न लगे इसको लेकर रूट प्लान तैयार किया गया है।

- **जाम से बचने को यातायात पुलिस का प्लान लागू**
- **पार्टी कार्यकर्ता कई दिनों से कर रहे यात्रा की तैयारी**

### रूट प्लान

- पाकबड़ा से कैलसा की तरफ आने वाले सभी भारी वाहनों को अगवानपुर की तरफ मोड़ दिया जाएगा।
- कांठ रोड से अमरोहा की तरह कोई वाहन नहीं आएगा। उनको डायवर्ट करके नौगांवा सादात बाइपास याहियापुर की तरफ निकाला जाएगा। यहां से वाहनों को धनौरा बाइपास से अमरोहा की तरफ भेजा जाएगा।
- नौगांवा सादात की तरफ से आने वाले वाहनों को रजाकपुर बाइपास पर रोक दिया जाएगा और यहां से डायवर्ट करते बाइपास होते हुए बाहर-बाहर शहर में भेजा जाएगा।
- अतरासी रोड से आने वाले सभी वाहनों को शहर में आने दिया जाएगा। उन्हें नहीं रोका जाएगा।
- यात्रा के दौरान जोया रोड पूरी तरह बंद रहेगा। जोया की तरफ से आने वाले सभी वाहनों को संभल बाइपास से होकर बंबूगढ़ चौराहा, कांकर सराय रोड, माया धर्मकांटा से शहर में भेजा जाएगा।
- शहर में टीपी नगर की तरफ जाने वाले छोटे बड़े सभी वाहनों को कल्याणपुर चौराहा से रोक दिया जाएगा। उन्हें टीपी नगर की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा।



गजरौला में अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार के शिलान्यास पर पूजन करते विधायक राजीव तरारा व साथ में अन्य।

# अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार का शिलान्यास

**गजरौला, संवाददाता**

**अमृत विचार :** धनौरा विधायक राजीव तरारा ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर स्मृति द्वार का शिलान्यास किया। उन्होंने उनके जीवन के बारे में बताया। विधायक ने उनके बताए रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में पाल समाज के लोगों की मांग पर विधायक ने देवी अहिल्याबाई स्मृति द्वार बनवाने की घोषणा की थी। शुक्रवार को विधायक राजीव तरारा ने फाजलपुर रेलवे फाटक के पास मायापुरी को जाने वाले मार्ग पर द्वार का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि महान विभूतियों के सम्मान में कुछ भी करने का अवसर ईश्वरीय अनुकंपा होती है। जोकि मुझे प्राप्त हुई है। इस दौरान अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेशाध्यक्ष राजेश पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जसमाल सिंह पाल, नैन सिंह पाल, जिलाध्यक्ष मदन सिंह पाल, राजपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह पाल, अहिल्या फाउंडेशन अध्यक्ष संजीव पाल, सतपाल सिंह पाल, पुनीत पाल, हरिराज पाल, सूरज पाल,भूकन पाल, रामगोपाल, विपिन पाल, भाजपा मंडलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, अंकुश पाल, रणवीर पाल, गुलाब सिंह मौजूद रहे।

# बैंकों की हड़ताल से करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/हसनपुर**

**अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक कर्मचारियों की हड़ताल से जिले भर में करीब पांच करोड़ के लेनदेन पर असर पड़ा। हालांकि लोगों ने एटीएम और दूसरे बैंकों की शाखाओं से अपना काम चलाया। कर्मचारियों ने बैंक गेट पर ताला लगा दिया और अपनी मांगों के लिए नारेबाजी की। लोगों को अभी दो दिन और परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि 24 को माह का चौथा शनिवार है और 25 फरवरी को रविवार की वजह से बैंक बंद रहेंगी।

शुक्रवार को ग्रामीण बैंक के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। इस दौरान नगर स्थित शाखाओं में पूरी तरह से काम काज ठप रहा। जिससे करोड़ों रुपये का कारोबार प्रभावित हुआ। हड़ताल से बैंकों में ताले लटके रहे। वहीं, रुपयों की जमा निकासी व अन्य कार्य न होने से उपभोक्ताओं को निराश होकर लौटना पड़ा। राष्ट्रीय ग्रामीण बैंक की स्थापना सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण बैंक कर्मचारी 23 फरवरी को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते नगर स्थित यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक की तीनों शाखों पर ताला लटका रहा। बैंक बंद होने से जहां व्यापारियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं ग्रामीण उपभोक्ता भी काफी परेशान रहे। सबसे ज्यादा लोगों को ग्रामीण क्षेत्र में आई। लोग सुबह ही अपने जरूरी काम के लिए बैंक पहुंचे, लेकिन हड़ताल की जानकारी मिलने पर बैरंग वापस लौट गए। एलडीएम मिट्ठूराम ने बताया जनपद में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की 112 शाखाएं हैं। जिनके कर्मचारी हड़ताल पर रहे। जिसकी वजह से करीब पांच करोड़ रुपये के लेनदेन पर असर पड़ा। लेकिन उन्होंने बताया कि अब नेटवर्किंग, एटीएम और दूसरी बैंकों के जरिए लोगों ने अपना काम चलाया।



बंद पड़ी ग्रामीण बैंक की शाखा। ● अमृत विचार

### हड़ताल से उपभोक्ताओं को हुई परेशानी

**गजरौला, अमृत विचार :** शुक्रवार को ग्रामीण बैंक के कर्मी हड़ताल पर रहे। जिसके चलते कामकाज ठप रहा। ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। उपभोक्ताओं को अभी दो दिन और परेशानी झेलनी पड़ेगी। बैंक कर्मचारी शुक्रवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहे। उपभोक्ताओं को हड़ताल के बारे में जानकारी नहीं थी। वह अपने काम के लिए बैंक पहुंचे। ताला लटका देख वह बिना काम के ही घरों को वापस लौट गए। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंकों की हड़ताल के चलते करोड़ों रुपये का लेनदेन ठप हुआ। आगामी दो दिन अवकाश के चलते बैंक बंद रहेंगी। जिसके चलते उपभोक्ताओं के काम अभी दो दिन और नहीं हो सकेंगे।

# ट्रेन के आगे कूदकर 12वीं के छात्र ने की आत्महत्या

**संवाददाता, गजरौला**

- **परिजनों ने किसी बात पर आजम को डांट दिया था**
- **घर से परीक्षा देने की बात कहकर गया था**

**अमृत विचार :** घर से परीक्षा देने जाने की बात कहकर निकले कक्षा-12 के छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। जीआरपी व आरपीएफ मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना पर छात्र के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परीक्षा देने जाने के लिए कहकर शुक्रवार सुबह घर से निकला था। परिजनों के किसी बात पर डांटने से नाराज था।



सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव हरियाणा निवासी आजम पुत्र अमजद अली कक्षा 12 का छात्र था। उसकी बोर्ड परीक्षा शुरू हुई थीं। बताया जाता है कि उसे परिजनों ने किसी बात पर डांट दिया था। पिता अमजद के मुताबिक आजम शुक्रवार सुबह नौ बजे परीक्षा देने की बात कहते हुए घर से निकला था। इसके बाद शाम करीब चार बजे आजम ने गजरौला रेलवे स्टेशन से गुजर रही श्रमजीवी एक्सप्रेस के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। फिलहाल आत्महत्या की सही वजह की जानकारी नहीं हो सकी। वहीं घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जीआरपी ने फोन कर आजम के परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें

**संवाददाता, डिडौली**

**अमृत विचार :** ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी पंकज चौधरी का डिडौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

शुक्रवार को दोनों नेता गाजियाबाद से सड़क मार्ग द्वारा मुरादाबाद में सामाजिक सम्मेलन में शामिल होने जा रहे थे। जिनका डिडौली में जिला पंचायत सदस्य के पति हाजी सत्तार के आवास पर स्वागत किया गया। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं लोकसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। कहा तीसरी बार फिर नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से ही मेहनत करने की जरूरत है। सरकार की योजनाओं की जानकारी सबको देनी है। जिससे योजनाओं का पता चल सके। इस मौके पर राम प्रकाश वर्मा, विजय गुप्ता, पोपाल सिंह, सत्यपाल सिंह चौहान, मुखराम प्रधान, सनी ठाकुर, जीशान अली, अमित ठाकुर, प्रतीक शर्मा, सौरव गुप्ता, नरेंद्र कुमार वर्मा, हरिओम कपासिया, गिरीश गुप्ता, चमन सिंह, मास्टर संदीप पवार, नरदेव पवार इत्यादि मौजूद रहे।



नरेंद्र कश्यप और पंकज चौधरी का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

- **राज्यमंत्री एवं ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी का भाजपाइयों ने किया स्वागत**

### पुलिस से नाराज लोगों ने की नारेबाजी

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र का गांव गुरैठा खादर निवासी गुड्डी पत्नी स्व. विनोद की गवां रहरा ईंट भट्ठा स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर चाय की दुकान है। आरोप है कि यहां तैनात दड़ियाल पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों ने उससे मारपीट की एवं दुकान को हटाने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने जिलाधिकारी एवं एसपी से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि पुलिस ने सिर्फ दूसरे पक्ष की सुनवाई करते हुए मामला दर्ज कर लिया, जबकि उनकी तरफ से बार बार शिकायत देने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज परिजनों ने शुक्रवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस उनकी सुनवाई नहीं करती तो ब्लॉक कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे।

**डर** | रास्ते में आते जाते लोगों से छीन लेते हैं सामान

# बंदरों से लोग परेशान, पालिका अनजान

**गजरौला, संवाददाता**

**अमृत विचार :** शहर में बंदरों का उत्पात कम नहीं हो रहा है। स्थिति यह है कि लोगों को अब अपने घर से भी निकलने में डर लगने लगा है। शहर के लगभग सभी मोहल्लों में उत्पात मचा रहे यह बंदर अब तक कई लोगों को हमला कर जख्मी कर चुके हैं। अब बंदर हाथ में थैले लेकर रास्तों से गुजरने वालों पर सबसे ज्यादा हमला करते हैं। इसके बाद भी पालिका के अधिकारी अनजान बने हुए हैं और बंदरों से निजात दिलवाने के लिए कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं।

शहर में बंदरों का सबसे ज्यादा उत्पात रेलवे स्टेशन व माल गोदाम मार्ग पर है। बंदरों के झुंड लोगों का रास्ता रोककर सड़क पर बैठ जाते हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। रास्ता रोकने पर स्कूली बच्चे दूसरे रास्तों से होते हुए किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं। वहीं मोहल्ले वाले भी बंदरों के हमले की डर की वजह से अपने मकान की छतों तक पर नहीं जाते। रास्ते से गुजरने वाले लोगों से बंदर थैली तक छीनकर ले जाते हैं। हटाने की कोशिश करने पर बंदर लोगों पर ही हमाल कर देते हैं। लोग नगर पालिका से बंदरों से निजात दिलवाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलुना ने बंदरों से निजात दिलवाने के लिए मुहिम छेड़ रखी है। कई बार नगर पालिका से उन्होंने शिकायत भी की है। लेकिन अभी तक भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ईओ गार्गी त्यागी ने बताया कि आगामी बोर्ड की बैठक में बंदरों को पकड़वाने का प्रस्ताव रखा जाएगा।



गजरौला में रेलवे स्टेशन परिसर में बैठे बंदर। ● अमृत विचार

# मछली विक्रेता को दो भाइयों ने मारी थी गोली, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय संवाददाता, अमरोहा**

**अमृत विचार :** मछली विक्रेता को गोली मारकर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव सिकरिया के रहने वाले दो सगे भाइयों ने रास्ता घेरकर मछली विक्रेता को गोली मारी थी।

पुलिस दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी है। यह मामला थाना नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव सिकरिया का है। मंगलवार देर रात गांव सिकरिया के जंगल में अज्ञात लोगों ने गांव सिकरिया निवासी मछली विक्रेता दिलदार को गोली मारकर घायल कर दिया था। उस समय दिलदार अपनी ननिहाल सिकरिया से एक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव से निकला तो वहां पर घात लगाए बैठे तीन लोगों ने उसका रास्ता घेर लिया और पेट में गोली मार दी। जिसके बाद घायल दिलदार को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया था। घटना के कुछ दिन तक परिजनों ने इस मामले में कोई तहरीर नहीं दी थी। इसके बाद दिलदार की पत्नी शबाना ने गुरुवार को थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने गांव सिकरिया निवासी दो सगे भाई नवाब पुत्र कालू व राफिया पुत्र कालू को नामजद करते हुए एक अज्ञात समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वहीं आरोपियों की तलाश भी कर रही है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मछली विक्रेता को गोली मारकर घायल करने के मामले में दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जल्द ही आरोपियों गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला रंजिशन लग रहा है।

RMCI BAREILLY Excellence towards profession
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*इनवेजस रेडियोलॉजी की जाँचे छोड़ कर *T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

## एक नजर

### जिला अस्पताल में मना कन्या जन्मोत्सव

**अमरोहा, अमृत विचार :** महिला कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिला संयुक्त चिकित्साल में कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान महिलाओं को सामान की किट का वितरण भी किया गया। शुक्रवार को कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा समाज में फैली कुरितियों व बेटा-बेटियों में व्याप्त असमानता को दूर करना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना का मुख्य उद्देश्य है। जिला संयुक्त चिकित्सालय में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत वहां उपस्थित सभी आम जनमानस को बताया कि बेटियों को बेटों के समान शिक्षा व सुविधा दें। बेटियां भी वर्तमान समय में किसी से कम नहीं है। हर क्षेत्र में काम कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. अवनीश कुमार बाल रोग विशेषज्ञ ने संयुक्त चिकित्सालय में कन्याओं को जन्म देने वाली 48 महिलाओं को बेबी किट, मच्छरदानी एवं स्लीपिंग बैग देकर सम्मनित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी, डॉ. अविनाश कुमार बाल रोग विशेषज्ञ, प्रदीप कुमार चीफ फार्मासिस्ट आदि मौजूद रहे।

# रोडवेज बस स्टैंड में लगाया ताला

## एआरएम ने कहा, गजरौला-हसनपुर के बीच बसों का संचालन अवैध

संवाददाता, हसनपुर

- एआरएम ने आरटीओ को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र
- बस यूनियन के मुंशी ने कहा मामला न्यायालय में विचाराधीन



हसनपुर में रोडवेज बस स्टैंड पर लगा ताला। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** हसनपुर से गजरौला के बीच संचालित होने वाली नौ बसों को परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने अवैध बताते हुए रोडवेज बस स्टैंड से बाहर निकलवा दिया और रोडवेज बस स्टैंड में ताला लगवा दिया। वहीं मुंशी ने मामला न्यायालय में विचाराधीन बताते हुए कहा कि सभी बसों का 2026 तक का परमिट है।

हसनपुर-गजरौला मिनी बस यूनियन के तहत हसनपुर से लगभग नौ बसें गजरौला के लिए नगर स्थित रोडवेज बस स्टैंड से प्रतिदिन संचालित की जाती थीं। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी एवं टीआई नरेंद्र पाल सिंह बस स्टैंड पर पहुंचे और उन्होंने बस स्टैंड के अंदर खड़ी ई-रिक्शा एवं बसों की वीडियो बनानी शुरू कर दी। दोनों ने स्टैंड में खड़ीं बसों एवं ई-रिक्शा बाहर निकलवा दिया। जब इस मामले में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि संचालित सभी बसों की रायल्टी कार्यालय में जमा नहीं हुई है। जिसके कारण उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने इन्हें कोई अधिकार पत्र जारी नहीं किया है। इसलिए इन बसों का संचालन पूर्ण रूप से अवैध है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की ओर से आरटीओ को इनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा गया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही विभाग द्वारा गजरौला, आदमपुर, रहरा एवं अमरोहा के लिए हसनपुर बस स्टैंड से बसे संचालित की जाएगी। वहीं बस यूनियन के मुंशी पवन कुमार का कहना है कि संचालित सभी नौ बसें टैक्स जमा कर रही हैं। सभी का परमिट 2026 तक का है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है, मामले की न्यायालय में सात मार्च को सुनवाई है।

## गन्ना लदे ओवरलोड ट्रकों से हादसे की आशंका

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** धनौरा में चीनी मिलों को ट्रकों से गन्ना आपूर्ति की जा रही है। सभी गन्ने के ओवरलोड ट्रक घनी आबादी क्षेत्र से गुजरते हैं।

चीनी मिलों द्वारा क्षेत्र में बनाए तौल केंद्रों से गन्ने को ट्रकों से मिलों को भेजा जाता है। गन्ना क्रय केंद्रों से ट्रकों को ओवरलोड भरा जाता है। जिससे इनके रास्ते पर पलटने का खतरा बना रहता है। ग्राम केसर, नवाबपुरा, मोहद्दीनपुर, कमेलपुर, मलकपुर शुमाली गांवों की तरफ से आने वाले ओवरलोड ट्रक महादेव चौराहे, ब्लॉक चौराहे व होमगार्ड चौकी के पास से मिल रोड पर मुड़ते हैं तो हमेशा हादसे की आशंका रहती है। कई बार ऐसे हादसे हो भी चुके हैं। गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रकों से राहगीर व दुकानदार सब चिंतित रहते हैं। उधर, इस सब के बावजूद कई बच्चे यहां ट्रकों से जान जोखिम में डालकर गन्ना खींचते हैं। इस कारण कभी भी हादसा हो सकता है। नागरिकों ने प्रशासन से ट्रकों में मानक अनुसार गन्ना लदवाने की मांग की है।

## सार संक्षेप


हसनपुर में पुलिस के साथ आशीष। ● अमृत विचार

### पुलिस ने लापता युवक को परिजनों को सौंपा

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के मोहल्ले से गुमशुदा युवक को कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। हसनपुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला होली चौक निवासी कुलदीप राजपूत का 31 वर्षीय पुत्र आशीष परिजनों की किसी बात से नाराज होकर घर से कहीं चला गया था। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने 19 फरवरी को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत जयपुर से आशीष को कोतवाली पुलिस ने बरामद किया और उसके परिजनों को सौंप दिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि युवक जयपुर चला गया था। पुलिस ने बरामद कर सुरक्षित परिजनों को सौंप दिया है।


गांव नवाबपुरा में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

### गांव में पसरी गंदगी के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव में गंदगी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर समस्या का समाधान करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि गंदगी के कारण मार्ग से निकलना दुश्वार है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सफाईकर्मी नहीं आता। जिससे गांव में गंदगी के अंबार लगे हैं। शुक्रवार को तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोहरका के गांव नवाबपुरा के ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा है कि काफी समय से गांव में सफाईकर्मी नहीं आ रहा। जिससे गांव के रास्ते पर गंदगी के अंबार लगे हैं। कीचड़ व गंदगी से नालियां अटी पड़ी है। ग्रामीणों ने गांव में सफाईकर्मी भेजने की मांग करते हुए गांव में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्दी गांव में सफाई करने नहीं आया तो उप जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वालों में रामफल, बेदराम, गजराम, ओमवीर, रामौतार, प्रकाश, हरकेश, जितेंद्र, प्रताप सिंह, सुभाष आदि मौजूद रहे।

### डेढ़ साल से साइकिल से कर रहे चुनाव प्रचार


साईकिल से प्रचार करते नरेंद्र सिंह।

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति साइकिल से लोकसभा क्षेत्र में डेढ़ साल से लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहा है। हसनपुर तहसील क्षेत्र के गांव तरारा निवासी नरेंद्र सिंह जनता के बीच निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में साइकिल से प्रचार कर रहे हैं। नरेंद्र सिंह ने बताया कि वह लगभग डेढ़ वर्ष से पूरी लोकसभा क्षेत्र में साइकिल से प्रचार कर रहे हैं। उनका कहना है जो लोग प्रचार में ज्यादा पैसा खर्च करते हैं। वह जनता को लूटते हैं। वह अपनी प्राथमिकताओं को बताते हुए कहते हैं कि सबसे पहले शहरों में जल निकासी की समस्या का समाधान करने हेतु सीवर लाइन के प्रयास किए जाएंगे। जो विद्युत आपूर्ति प्रति यूनिट सात रुपये मिल रही है वह साढ़े तीन रुपये प्रति यूनिट के हिसाब दिलाने का प्रयास होगा। उनके द्वारा प्रचार का अपनाया तरीका जनता में चर्चा का विषय है। नरेंद्र सिंह का कहना है अगर जनता ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें लोकसभा चुनाव में जीत दिलवाई तो जनता के बीच बैठकर विकास कार्यों का फैसला होगा।


शोभायात्रा के स्वागत के दौरान मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने शोभायात्रा का किया स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** व्यापारी सुरक्षा फोरम के जिला अध्यक्ष रमेश कलाल के नेतृत्व में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। कटरा बाजार स्थित आलोक गोयल के प्रतिष्ठान पर पुष्प वर्षा से श्रीरामायण संकीर्तन मंडल की शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामायण संकीर्तन मंडल अध्यक्ष चैनसुख गोले, महामंत्री अतुल पंडित, कोषाध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारियों का माला पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर मनोज वर्मा, चौधरी हरिश वीर सिंह, प्रवेश वर्मा, राकेश महेश्वरी, ऊषा शर्मा, सिद्धार्थ अग्रवाल, अनिल कुमार सर्राफ, रवि रस्तोगी, आलोक गोयल, हृदेश गोयल, आयुष गोयल, मरगूब सिद्दीकी मुजाहिद अली आलोक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महिला की हत्या में दोषी को उम्रकैद, 50 हजार रुपये जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** न्यायालय ने महिला की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारवास की सजा सुनाई है। दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। गिरफ्तारी के बाद से आरोपी जेल में है।

यह घटना 17 अक्टूबर 2018 को थाना मंडी धनौरा क्षेत्र के गांव रसूलपुर भंवर में हुई थी। गांव में किसान ज्ञान सिंह का परिवार रहता है। वह अपनी पत्नी चरनजीत के साथ खेत पर बने घर में रहते थे। घटना वाले दिन ज्ञान सिंह अपनी पत्नी को घर छोड़कर दुकान से कुछ सामान लेने गए थे। कुछ देर बाद जब वह घर वापस लौटे तब तक गांव में रहने वाले मेजर सिंह ने रंजिश के चलते चरनजीत को घर के पीछे ले जाकर दुपट्टे से उनका गला घोंटकर हत्या कर दी थी। हत्या कर मौके से भाग रहे मेजर सिंह को गांव के लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

मामले में ज्ञान सिंह की तहरीर पर पुलिस ने मेजर सिंह के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया था। तभी से वह जेल में है, काफी प्रयास के बाद भी कोर्ट से उसे जमानत नहीं मिल सकी थी। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट संजय कुमार की अदालत की विचाराधीन थी।

केस की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी ने पैरवी की। शनिवार को केस की अंतिम सुनवाई हुई। जहां साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मेजर सिंह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोषी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# रिसाइकिलिंग प्लांट का विरोध करेगी भाकियू शंकर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा


एडीएम को ज्ञापन सौंपते भाकियू शंकर के पदाधिकारी।


कैंडल मार्च निकालते भाकियू चढ़ूनी के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** भाकियू शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। कहा कि 27 फरवरी को गजरौला-हसनपुर मार्ग जाम कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

शुक्रवार को संगठन ने गन्ना मूल्य भुगतान समय पर कराने और गजरौला-हसनपुर मार्ग पर बन रहे रिसाइकिलिंग प्लांट को लेकर विरोध जताया। कहा कि इस संयंत्र से जल और वायु प्रदूषण बढ़ेगा। कहा कि गजरौला व उसके आसपास का इलाका काफी प्रदूषित हो चुका है।

अगह यह प्लांट यहां लगेगा तो और प्रदूषण होगा। यहां की भूमि व जलवायु पर गहरा असर पड़ेगा। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एडीएम वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। बताया कि प्लांट के विरोध में शनिवार को हसनपुर में भी प्रदर्शन किया जाएगा। 27 फरवरी को प्लांट की जगह पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान संगठन के जिला संरक्षक धर्मवीर सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष नेमपाल सिंह, अमीपाल सिंह, किरनपाल सिंह, विक्रम पवार, मुजफ्फर अली, मोहम्मद अखलाक आदि रहे।

### भाकियू चढूनी ने शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**गजरौला, अमृत विचार :** भाकियू चढूनी संगठन ने गजरौला में ब्लैक डे मनाया और कैंडल मार्च निकाल कर शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी। संगठन के जिलाध्यक्ष नरेश चौधरी ने बताया कि जींद जिले के खनौरी बॉर्डर पर किसान शुभकरण सिंह शहीद हो गए और कई किसान घायल हो गए। खनौरी सीमा पर किसानों पर पुलिस ने गोलियां चलाई और आंसू गैस के गोले भी दागे। नरेश चौधरी ने बताया कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन करने का सबको अधिकार है, यह अधिकार किसानों से छीना जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि संगठन ने शुक्रवार को ब्लैक डे मनाकर चौधरी चरण सिंह नगर से इंदिरा चौक तक पैदल कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, रवि चौधरी, नरेश धारीवाल, अमित गिल, अभिषेक चड्ढा, समरपाल सिंह, सुभम चौधरी, सनी चौधरी, नफीस मेवाती, जाकिर चौधरी, शकील अहमद, इमरान अली, बाबू अली, अजब सिंह, फरमान आदि मौजूद रहे।


हसनपुर में सीसी रोड निर्माण का फीता काटकर आरंभ करते विधायक व अन्य।

# विधायक ने किया सीसी रोड का शिलान्यास

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** विधायक ने नगर से गांव को जोड़ने वाली लगभग 2130 मीटर लंबी सीसी एवं डामर रोड के निर्माण कार्य का आरंभ किया।

हसनपुर नगर से ग्राम रामपुर भूड़ का मार्ग काफी जर्जर हो चुका है। जिसके कारण ग्रामीण एवं नगर वासियों को यहां आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों की मांग पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने पीडब्ल्यूडी से सड़क निर्माण का प्रस्ताव शासन से पास कराया था। शुक्रवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने 2130 मीटर लंबी सीसी एवं डामर रोड के निर्माण कार्य का फीता काटकर आरंभ किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार बिना भेदभाव के विकास कार्य कर रही है। जितना विकास कार्य भाजपा के शासन में हो रहा है, उतना किसी भी पार्टी की सरकार में नहीं हुआ। इस मौके पर मयंक अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, संजय शर्मा, देवेंद्र खड़गवंशी, नंदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़ कर रहे दो युवकों पर रिपोर्ट

**अमरोहा, अमृत विचार :** घर में घुसकर किशोरी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

यह मामला थाना देहात क्षेत्र के गांव का है। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार शाम किसान और उसकी पत्नी खेत पर गए हुए थे। उसकी 16 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। आरोप है कि गांव के पास के रहने वाले युवक राजेश व रिंकू किशोरी को अकेला देखकर घर में घुस आए। यहां किशोरी को अकेला देख उससे छेड़खानी की और दुष्कर्म का प्रयास भी किया। इस दौरान किसान और उसकी पत्नी घर पर आ गए तो इसके बाद दोनों ने दंपती से मारपीट की। मामले में किसान की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राजेश व रिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अनिल इलेवन ने 19 रनों से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



खुशी जताते विजेता टीम के सदस्य व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शहर के दाऊद सराय रोड स्थित स्टार न्यू फ्रेंड्स क्रिकेट एकेडमी के तहत शेरु परवेज मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा है। इसमें अनिल इलेवन ने सेमीफाइनल 19 रनों से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

शुक्रवार को पहला सेमीफाइनल मैच अनिल एलेवन और हिंद एग्रीकल्चर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर अनिल इलेवन ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए। करन 31, विवेक ने 24, राहुल ने 23 रन बनाए। हिन्द एग्रीकल्चर के गेंदबाज काशिफ ने तीन, अबुल हसन व जिब्रान ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हिंद एग्रीकल्चर के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की मगर लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए और 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 139 रन ही बना सके। अनिल इलेवन ने यह मैच 19 रनों से जीत लिया। अमन ने 66, फरमान ने 26, काशिफ ने 11 रन बनाए। अनिल एलेवन के गेंदबाज अभिषेक, करन, अनिल ने दो-दो विकेट लिए। बेहतरीन आलराउंडर प्रदर्शन करने पर करन यादव को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह पुरस्कार मान्यता प्राप्त विद्यालय प्रबंध समिति के जिलाध्यक्ष कमर नकवी ने दिया। इस मौके पर इकबाल हैदर, सलमान मंसूरी, मोहम्मद इमरान, मिक्की खान, वजीर अहमद, खुर्शीद अहमद, आरिफ मसूद, सलीम पहलवान, नईम शेख, अमीन राइनी, अनस जैदी, मोहम्मद अजीम, फहीम पहलवान, शाहरुख पठान, तैयब सुल्तान, अदनान मसरूर, फैजी खान, साईम खान, अजहर अब्बासी, शुऐब फारुकी, रामिश बोस, मोइन उल हक, शाह फैज, हनी आदि लोग मौजूद रहे।

## आयोजन

महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया

# महादेव के अवतरण का पर्व है शिवरात्रि

सैदनगली, संवाददाता


सैदनगली में शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू राजस्थान की स्थानीय शाखा सैदनगली द्वारा महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया। जिसमें 70 से भी अधिक भाई बहनों ने शिवध्वज हाथ में लेकर नारे लगाते हुए कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए शोभायात्रा निकाली।

अमरोहा जिला प्रभारी राजयोगिनी मनीषा दीदी ने शोभायात्रा को झंडी दिखाते हुए रवाना किया। साथ में परमात्मा की याद में शुभ संकल्पों के साथ शिवध्वजारोहण किया। राजयोगिनी बीके मनीषा ने महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा की महाशिवरात्रि पावन पर्व सभी पर्वों में महान पर्व है। क्योंकि यह सभी धर्मात्माओं, देवात्माओं, महानात्माओं के पिता देवों के देव महादेव शिव परमात्मा के दिव्य अवतरण का पर्व है। परमात्मा शिव स्वयंभू इस धरा पर ब्रह्मा तन में अवतरित हो अपना सत्य परिचय देते हैं। राजयोगिनी बीके योगिता ने बताया कि शिव जयंती का त्योहार हमें संदेश देता है। वर्तमान समय परमपिता परमात्मा शिव ब्रह्मा तन में अवतरित हो नई दुनिया की स्थापना का कार्य कर रहे हैं।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा 88 वर्षों से ईश्वरीय ज्ञान एवं राजयोग के अभ्यास द्वारा जीवन में मूल्यों का निर्माण कर एक सुंदर सुख -शांति संपन्न दुनिया की स्थापना का कार्य हो रहा है। इस कार्यक्रम में बीके अर्चना, बीके प्रवेश, मनोज, कुलदीप, विपिन त्यागी, राकेश मनारिया, पुरुषोत्तम शरण, करण सिंह, विनोद कुमार, महावीर, रामपाल, गजेंद्र, लज्जाराम, अंजलि, संजू प्रवेश, गीता आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### खड़ंजे की ईंटों को लेकर मां-बेटी को पीटा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर में जल मिशन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए मजदूरों ने खड़ंजा उखाड़ कर ईंटों को रख दिया था। शुक्रवार सुबह 11 बजे मजदूर रास्ते पर ईंटे बिछा रहे थे। गांव निवासी एक व्यक्ति ने घर के पास रखी ईंटों को मजदूरों से उठाने से मना कर दिया। इसका ग्रामीण भूरे की पत्नी मैशर व बेटी सोनम ने विरोध किया। आरोप है कि इस बात को लेकर व्यक्ति पत्नी, दो बेटी व बेटे के साथ भूरे के घर घुस आया और लाठी डंडों से मारपीट कर मैशर व सोनम को घायल कर दिया।

### पुलिस ने चाकू के साथ आरोपी पकड़ा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली के उपनिरीक्षक नन्हें सिंह ने नगर के मोहल्ला मुण्डा निवासी ब्रजपाल को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। इसका शस्त्र अधिनियम में चालान कर न्यायिक रिमांड के लिए भेजा गया है।

### सामूहिक विवाह योजना : 181 जोड़ों ने लिए सात फेरे, 35 का पढ़ाया गया निकाह

# 214 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे, आशीर्वाद मिला

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तहसील स्तरीय कार्यक्रम में शुक्रवार को 214 जोड़ों का रीति रिवाज के साथ विवाह कराया गया। इनमें 181 हिंदू जोड़ों ने सात फेरे लिए तो 33 मुस्लिम जोड़ों को निकाह पढ़ाया गया।

संभल में हसनपुर मार्ग स्थित एके रिसोर्ट में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें पंडितों ने विधि विधान से मंत्रोच्चार से हिंदू जोड़ों के फेरे कराए तो दूसरी ओर मौलवी ने जोड़ों को निकाह पढ़ाने की रस्म पूरी कराई। जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने वैवाहिक बंधन में बंधे जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उपहार में सामान दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि कार्यक्रम में 181 हिंदू और 33 मुस्लिम जोड़ों का विवाह



सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान जोड़ों को आशीर्वाद देते अधिकारी। ● अमृत विचार

कराया गया। इनमें संभल ब्लॉक के 104 हिंदू और 10 मुस्लिम, असमोली ब्लॉक के 68 हिंदू और 19 मुस्लिम, संभल नगर पालिका परिषद के 7 हिंदू और 4 मुस्लिम, सिरसी नगर पंचायत के 2 हिंदू जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। उन्होंने बताया कि जिन जोड़ों का विवाह होने से वंचित रह गया हैं, उनका विवाह एक मार्च को जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कराया जाएगा। वहीं बेटियों की शादी होने से परिजनों का सपना पूरा हुआ तो खुशी का माहौल बन गया। इस दौरान सीडीओ भरत कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक, ब्लॉक प्रमुख असमोली संतोष देवी, बीडीओ संभल प्रेमपाल सिंह, बीडीओ असमोली अजीत सिंह, डीआईजो ब्रजेश कुमार, नगर पालिका संभल और नगर पंचायत सिरसी के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### अवैध खनन करते दो ट्रैक्टर ट्रॉलियां पकड़ीं

**बहजोई, अमृत विचार :** बिना अनुमति अवैध खनन कर रहे दो ट्रैक्टर ट्रालियों को खनन निरीक्षक ने पकड़ लिया। खनन निरीक्षक ने दोनों ट्रैक्टर स्वामी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है।

खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम को सूचना मिली कि बहजोई बबराला मार्ग से लगे हुए गांव के जंगलों से अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली लाई जा रही है। जिस पर वह अपनी टीम के साथ बहजोई बबराला मार्ग पर पहुंच गए। जहां उन्होंने बबराला की ओर से आ रहे दो ट्रैक्टर ट्रालियों को रोक लिया। ट्रैक्टर ट्राली रोकने के बाद उन्होंने ट्रैक्टर चला रहे चालकों से खनन करने को लेकर अनुमति मांगी तो वह अनुमति नहीं दिखा पाए। खनन निरीक्षक ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति के खनन करने को लेकर 25-25 हजार रुपए का जुर्माना डाला। खनन निरीक्षक मोहम्मद हलीम ने बताया कि जुर्माना लगाया गया है।

## सार संक्षेप

### हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरा, पशु की मौत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर भैंस पर गिर गया। करंट लगने से भैंस की मौत हो गई। हालांकि पास में ही चारपाई पर बैठे पशुपालक के बच्चे बाल-बाल बच गए। पशुपालक ने बिजली विभाग को सूचना दी, लेकिन कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। गांव हीरापुर निवासी शाईम खां की भैंस शुक्रवार को घर के आंगन में बंधी थी। पास में ही बच्चे चारपाई पर बैठे थे। शाईम खां के घर के ऊपर से जर्जर हाइटेंशन लाइन जुल्फेकार के खेत पर लगे ट्यूबवेल तक जा रही है। दोपहर करीब 12 बजे हाइटेंशन लाइन का तार टूटकर भैंस पर गिर गया। जिससे भैंस की मौत हो गई। शाईम खां ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सूचना दी लेकिन शाम तक कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा। शाईम खां का कहना रहा कि जर्जर लाइन को बदलने की मांग कई बार की गई लेकिन विभाग ने कदम नहीं उठाए। शाईम खां ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### मौसा के साथ भागी किशोरी को परिजनों ने पकड़ा

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने अपने साढू पर नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने मुरादाबाद मार्ग के किनारे खड़ी किशोरी को पकड़ लिया। बताया गया कि किशोरी गुरुवार दोपहर मुरादाबाद जिले के एक गांव निवासी अपने मौसा के साथ घर से चली गई थी। शाम को परिजनों को जानकारी हुई तो उन्होंने किशोरी को बहला फुसलाकर घर से ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। इसके बाद परिजन किशोरी की देर रात तक तलाश करते रहे, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह परिजन कार व बाइक से किशोरी की तलाश में निकले। इस बीच परिजनों ने सिरसी पुलिस चौकी के पास देखा तो किशोरी सड़क किनारे अकेली खड़ी थी। यहां परिजनों ने किशोरी को पकड़ लिया और अपने साथ लेकर घर आ गए।

### प्रेमी शिक्षक के साथ जाने वाली छात्रा बरामद

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर देर रात शिक्षक प्रेमी के साथ घर से भागी हाईस्कूल की छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस छात्रा से प्रेम प्रसंग के चलते एक वर्ष पहले शिक्षक को स्कूल से भी निकाल दिया गया था। ग्रामीण की 16 वर्षीय किशोरी क्षेत्र के एक गांव के निजी स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा है। उस स्कूल में थाना क्षेत्र के गांव मन्नीखेड़ा निवासी अंकित एक वर्ष पहले पढ़ाने जाता था। जब किशोरी कक्षा आठ की छात्रा थी, उसी समय अंकित ने छात्रा को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग हो गया था। एक वर्ष पहले छात्रा के परिजनों की शिकायत पर स्कूल प्रशासन ने अंकित को स्कूल से निकाल दिया था। इसके बाद भी छात्रा व अंकित के बीच दूरियां कम नहीं हुईं। 20 फरवरी को छात्रा परिजनों को खाने में नशीला पदार्थ खिलाकर देर रात प्रेमी शिक्षक के साथ फरार हो गई थी। परिजनों ने अंकित के खिलाफ बेटी को घर से उठाकर ले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। शुक्रवार को पुलिस ने संभल हसनपुर मार्ग पर गांव रमपुरा के पास स्थित पेट्रोल पंप से छात्रा को बरामद कर लिया।

### कुत्ते के हमले में बालक जख्मी

**संभल, अमृत विचार :** गांव मलकपुर नवादा निवासी सुनील का 5 वर्षीय बेटा सुमित शुक्रवार सुबह घर के बाहर रास्ते में खेल रहा था। रास्ते पर जा रहा कुत्ता अचानक हिंसक हो गया और सुमित को रास्ते में गिराकर हमला कर दिया। चीख पुकार को सुनकर आनन फानन परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी डंडों से डरा-धमका कर कुत्ते से सुमित को छुड़ाया। हमले में सुमित जख्मी हुआ है। परिजन सुमित को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर से उपचार कराया।

### शिविर में 105 बच्चों की आंखों की हुई जांच



बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर।

**बबराला, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बबराला गंगा के बैनर तले भानु आई केयर के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। इसमें डॉ. राहुल यादव और उनकी टीम ने 105 स्कूली बच्चों की आंखों की जांच की। शुक्रवार को विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में लगे नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतुल गोयल ने किया। विशिष्ट अतिथि अभय वार्ष्णेय टेस्टी ने नेत्र शिविरों की सराहना की। स्कूल के निदेशक निखिल गोयल ने कहा कि रोटरी क्लब जिस तरह से समाजसेवा कर रहा है, वह प्रशंसनीय है। इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. सुशील शर्मा, सोनल शर्मा, विजय गोयल, श्वेता गुप्ता, निशु, अंशु, श्वेता सिंह, सुरेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### किशोरी से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**गुन्नौर अमृत विचार :** किशोरी को रास्ते में रोककर छेड़खानी के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है जबकि एक फरार है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की थी कि 13 फरवरी की शाम सात बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी शौच के लिए जा रही थी। इस दौरान गांव बहलोलपुर निवासी सोनू व पुष्पेन्द्र ने उससे छेड़खानी दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस से मुठभेड़ में पशु तस्कर घायल

### सेवापुर पदारस मार्ग पर गांव मालपुर मजार के पास हुआ आमना-सामना

**संवाददाता, संभल/ओबरी**

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात पुलिस की पशु तस्करों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान गोली लगने से एक पशु तस्कर घायल हो गया। बाद में दूसरे पशु तस्कर को भी कांबिंग के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को गुरुवार रात एक बजे सूचना मिली थी कि गांव सेवापुर पदारथपुर के पास पशु तस्कर किसी घटना को अंजाम देने के लिए सक्रिय हैं। सूचना के बाद पुलिस ने सेवापुर पदारस मार्ग पर गांव मालपुर मजार के निकट चेकिंग शुरू की। सामने से आ रही बाइक को रुकने के लिए इशारा किया तो बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो एक बदमाश गोली लगने से



मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर जानकारी लेते एएसपी श्रीशचंद्र ● अमृत विचार

- घायल बदमाश और उसका साथी भी गिरफ्तार
- दोनों के पास से तमंचा कारतूस और नकदी मिली

घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दबोच लिया, जबकि उसका साथी जंगल में भाग निकला। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। मुठभेड़ की सूचना पर आसपास के थानों की पुलिस के साथ ही पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने फरार बदमाश की तलाश में जंगल में कांबिंग की।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घायल बदमाश का नाम राम



मुठभेड़ में घायल बदमाश।

रहीस उर्फ रहीसा निवासी गांव बमनपुरी थाना कैला देवी है। वह पशु तस्कर है और उसके खिलाफ गोवध सहित 24 मामले दर्ज हैं। उसके पास से तमंचा, कारतूस, बाइक व 33 सौ रुपये की नकदी मिली है। उधर, पुलिस ने खासपुर तिराहा के निकट से दूसरे बदमाश को भी पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश का नाम राजा खान निवासी मोहल्ला मुल्लाना कस्बा नरौली थाना बनियाठेर है। उसके पास से भी पुलिस ने तमंचा, कारतूस, उपकरण व पांच हजार रुपये की नकदी मिली है।

# सीएए बवाल में शामिल रहे आठ लोगों को किया गिरफ्तार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**सख्ती**

- देश में सीएए लागू करने की चर्चा के बीच हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** देश में लोकसभा चुनाव से पहले सीएए लागू करने की चर्चा के बीच पुलिस ने शुक्रवार को पांच साल पहले सीएए बवाल में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। संभल सदर कोतवाली पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका में कार्रवाई की है।

वर्ष 2019 में जब केंद्र सरकार ने एनआरसी व सीएए को लेकर काम शुरू किया था तो संभल में भी बवाल हुआ था। धरना प्रदर्शन, आगजनी, पथराव व तोड़फोड़ की घटनाएं भी हुई थीं। जो लोग इन घटनाओं में शामिल थे, उनके खिलाफ मामले दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। अब देश में सीएए लागू करने की चर्चा के बीच पुलिस पांच साल पहले बवाल में शामिल रहे लोगों को तलाशकर उन्हें पाबंद कर रही है। संभल सदर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को मोहल्ला मियां सराय निवासी फहीम, सारिक, तश्तपुर निवासी फईम, मोहम्मद तहसीन, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद तालिब, मोहल्ला पंजू सराय निवासी फिरोज और फुलवार मियां सराय निवासी जीशान को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया। इन सभी को उप जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां दो-दो लाख की जमानत से पाबंद कर इन्हें जमानत दे दी गई। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि सीएए बवाल के आरोपियों को शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार कर उप जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया है।



सपा की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते फिरोज खां। ● अमृत विचार

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करेंगे सपा कार्यकर्ता

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य फिरोज खां ने कहा कि शनिवार को संभल पहुंच रही कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

बहजोई मार्ग पर पक्का बाग स्थित निजी कार्यालय में हुई बैठक में सपा नेता फिरोज खां ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता शनिवार सुबह 11 बजे कार्यालय पर इकट्ठा होंगे। वहां से करीब 100 वाहनों से चौधरी सराय चौराहा पर पहुंचकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश में नई दिशा लाएगी। सपा पूरी तरह गठबंधन के साथ है। बैठक में राहुल, रामरहीस यादव, जवर सिंह, इमरान, अब्बास खां, सालिम, निक्की, पप्पू और सुरेंद्र यादव आदि रहे।

# दृष्टिबाधितों के लिए यशवर्धन व हसन बनाएंगे खास की बोर्ड

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल के 10 वीं के दो छात्र यशवर्धन पंवार व मोहम्मद हसन दृष्टिबाधित लोगों के लिए एक प्रोटोटाइप इलेक्ट्रॉनिक यूनिवर्सल ब्लाइंड कीबोर्ड बनाएंगे। शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल ने इन दोनों छात्रों का चयन किया है।

प्रधानाचार्य मनीष पंवार ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय की स्कूल इनोवेशन प्रतियोगिता के पहले दौर में कुल 2556 स्कूलों ने भाग लिया। सेल ने 40 स्कूलों का चयन किया गया है। उत्तर प्रदेश से केवल दो विद्यालयों के छात्र ही चुने गए हैं। अपने गुरु आलोक राय के मार्गदर्शन में प्रतिभाग करने वाले स्कूल के छात्र यशवर्धन पंवार व मोहम्मद



प्रबंधक हरीश गर्ग व प्रधानाचार्य के साथ छात्र यशवर्धन पंवार व मोहम्मद हसन।

- बाल विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों का शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल ने किया चयन
- देश के 2556 स्कूलों ने किया प्रतिभाग, 40 हुए चयनित

हसन का चयन हुआ है। ये दोनों सीबीएसई 10वीं की परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षाओं के बाद वे दृष्टिबाधित लोगों की मदद के लिए मॉडल को डिजाइन करने के लिए बूट कैंप में भाग लेंगे। पंवार व मोहम्मद हसन ने चयनित होकर पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के प्रबंधक हरीश चन्द्र गर्ग ने दोनों बच्चों को आशीर्वाद देते हुए गुरु के प्रयासों की सराहना की।

### जेठ व ससुर पर दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज

**धनारी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने जेठ व ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। इस मामले में अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। महिला के अनुसार, वह 15 जनवरी को ससुराल में अपने घर आ गई तो जेठ व ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला अपने पति को छोड़ कर तीन चार वर्ष पहले चली गई थी। मामला दर्ज किया गया है।




**राजनीति** कई मार्गों पर यातायात का संचालन रोका, बैरियर लगाकर पुलिसकर्मियों की हुई तैनाती

# जिले में आज पहुंचेगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा, मार्ग परिवर्तित

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को संभल पहुंचेगी। इसके लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन किया है। वाहनों को निकालने के लिए 15 डायवर्जन प्वाइंट बनाए गए हैं। जहां बैरियर लगाकर पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। कई मार्गों पर वाहनों का यातायात संचालन रोक दिया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा जनपद अमरोहा के जोया होते हुए गांव मातीपुर की ओर से संभल सीमा में प्रवेश करेगी। इसके बाद यात्रा संभल बाईपास से होकर मुरादाबाद रोड से होकर शहर में प्रवेश करेगी। यात्रा चंदौसी चौराहा होकर चौधरी सराय आएगी। यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि



बैठक में यात्रा की सफलता को रणनीति बनाते कांग्रेस के पदाधिकारी।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर असमोली थाना क्षेत्र में गांव मातीपुर से मनोटा पुल, असमोली मिल चौराहा, नाहरठेर, भोलेश्वर चौकी चौराहा होकर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। भोलेश्वर चौकी बाईपास से वाजिदपुरम बाईपास तक वाहनों की आवाजाही पर पाबंदी लगाई गई है। वहीं वाजिदपुरम बाईपास से चंदौसी चौराहा, चौधरी सराय चौराहा तक भी वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। चौधरी सराय से ईदगाह तिराहा, कमालपुर सराय से खिरनी तिराहा, नारंगपुर मोड़ से गवां बबराला पर केसरपुर तिराहा तक वाहनों की आवाजाही नहीं होगी। केसरपुर तिराहा से दीपपुर डांडा से पुलिस चौकी टी प्वाइंट से अनूपशहर तक वाहनों का आवागमन नहीं होगा।

### जनपद में 35 स्थानों पर होगा स्वागत, जुटे रहे कांग्रेसी

**संभल, अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता के लिए कांग्रेस पदाधिकारी दिन भर जुटे रहे। जनपद में 35 स्थानों पर न्याय यात्रा लेकर आ रहे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का स्वागत करने की तैयारी की गई है। शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका गांधी की न्याय यात्रा के रास्ते पर कांग्रेस नेताओं ने होर्डिंग व पोस्टर लगाए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा ने बताया कि सबसे पहल संभल जोया मार्ग पर जनपद के पहले गांव मातीपुर में न्याया यात्रा का स्वागत किया जाएगा। मनोटा और फिर असमोली में स्वागत का कार्यक्रम रखा गया है। इसी तरह मदाला, परियावली, नाहरठेर में स्वागत के बाद संभल शहर के चन्दौसी चौराहा, भारत पेट्रोल पंप, यशोदा चौराहा, जनता पेट्रोल पंप, हल्लू सराय तिराहा, भगत सिंह पार्क, नाला व चौधरी सराय चौराहा पर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी का स्वागत होगा। बैनीपुर, मूसापुर, रायपुर, खिरनी तिराहा, नारंगपुर, रझेड़ा, शकरपुर, कमालपुर, गवां तिराहा, बबराला अड्डा गवां, केसरपुर तिराहा, मोलनपुर हरदासपुर, दीपपुर व गंगापुल अनूपशहर पर स्वागत के बाद यात्रा बुलंदशहर में प्रवेश कर जाएगी।

### इन रास्तों पर रहेगा रूट डायवर्जन

**संभल।** वाहनों के लिए रूट डायवर्जन प्वाइंट मनोटा पुल, असमोली चौराहा, भोलेश्वर चौकी, खग्गूपुरा, वाजिदपुरम, बाईपास चंदौसी रोड, चौधरी सराय चौराहा, सिरसी-बिलारी तिराहा, ईदगाह तिराहा गवां रोड, खिरनी तिराहा, गवां रहरा तिराहा, केसरपुर तिराहा, बेहटा जय सिंह चौराहा बहजोई बनाए गए हैं।

## एक नजर

### लाभार्थियों से संपर्क करें भाजपा कार्यकर्ता

**कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार :** भाजपा छाबड़ा मंडल की कुढ़फतेहगढ़ स्थित पंचायत भवन में शुक्रवार को बैठक हुई। इसमें भाजपा जिला मंत्री आकाश अग्रवाल व जिला सहसंयोजक योगेश गोल्डन ने लाभार्थी संपर्क अभियान के बारे में जानकारी दी। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थियों की सूची के अनुसार घर-घर जाकर संपर्क करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह, राम नरेश यादव, रामाशंकर मौर्य, अंकित शर्मा, केपी पाल, भूरे खां, जेके शर्मा, कमलवीर सिंह, रवि कुमार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर क्षेत्र के प्रगति विहार निवासी ब्रजपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उसने बताया कि शुक्रवार सुबह वह अपने घर पर बैठा था। कुछ लोग घर के पास ही बजरी से धूल उड़ा रहे थे। उसने मना किया तो उन्होंने मारपीट की। घर से खींच कर अपने घर तक मारते हुए ले गए। जिससे उसके चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सचिन, गुजित, टिंकू, धनवीर व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### एसडीएम से की पेड़ काटने की शिकायत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बर्रई निवासी विनोद यादव ने उप जिलाधिकारी से पेड़ के कटान की शिकायत की है। शिकायती पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पत्र में विनोद यादव का कहना है कि गांव के कुछ लोग ग्राम समाज के पेड़ों का अवैध रूप से कटान कर रहे हैं। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाए।

### बस की टक्कर से बाइक सवार पिता -पुत्र घायल

**बहजोई, अमृत विचार :** धनारी क्षेत्र के गांव मानपुर निवासी गुड्डू अपने पिता उमराव के साथ बाइक पर सवार होकर धनारी से अपने घर लौट रहा था। धनारी के निकट बबराला मार्ग पर निजी बस ने पीछे से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे पिता-पुत्र घायल गए। एंबुलेंस से घायलों को बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से चिकित्सक ने दोनों जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# समस्याओं का निस्तारण न होने पर होगा आंदोलन

## राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा, किसानों की समस्याएं बताईं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति आंदोलित है। समिति के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर उप जिलाधिकारी नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा। समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की। निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

ज्ञापन में बताया कि खंड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा को पूर्व में कई बार किसानों की समस्याएं बताई गईं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। आरोप है कि किसानों को सरकारी अधिकारियों का सहयोग नहीं मिल रहा है। किसानों को अपनी फसलों को बचाना दूभर हो गया है। वे रात भर फसलों की रखवाली करते हैं लेकिन छुट्टा गोवंश फसलों को बर्बाद कर देते हैं। किसान छुट्टा पशुओं से तंग आकर गन्ना, मक्का, उड़द, बाजरा जैसी मुख्य फसलों को बोना छोड़ चुके हैं। कहा कि अगर प्रशासन का यही कार्य करने का तरीका रहा तो किसान एक जुट होकर सड़को पर उतर कर आंदोलन करने का मजबूर होंगे। चन्दौसी शहर के निकट गांवों से छुट्टा पशुओं को पकड़ कर गोशाला भिजवाया जाएं। ग्राम पंचायत असालतपुर जारई के अन्तर्गत लगभग 150 मीटर कीचड़ भरी सड़क की नालियों का निर्माण अति शीघ्र शुरू कराए जाने, ग्राम पंचायत देवरखेड़ा के अशोक नगर की अधूरी सड़क को पूरा कराया जाने की मांग की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा, जिलाध्यक्ष राहुल कश्यप, शैलभ शर्मा, विपिन चन्द्र शर्मा, विनोद कुमार शर्मा, शानू शर्मा, भोले सिंह, संजीव राघव, नत्थू लाल, दिनेश, रामऔतार, अजय पाल, अतर सिंह आदि मौजूद रहे।


चन्दौसी तहसील में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते समिति के पदाधिकारी।

### अंडरपास निर्माण शुरू होने तक जारी रहेगा धरना

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 32वें दिन भी जारी रहा। एसडीएम और यूपीडा के अधिकारियों ने धरना समाप्त करने का अनुरोध किया, लेकिन किसान नहीं माने। अंडरपास निर्माण शुरू होने तक धरना जारी रखने की बात कही। गांव भटौला में धरनास्थल पर भाकियू असली की जिला स्तरीय पंचायत हुई। उसमें कहा गया कि अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर धरना चलते हुए 32 दिन हो गए, लेकिन प्रशासन गंभीर नहीं दिख रहा। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने कहा कि वह दिल्ली आंदोलन पर नजर बनाए हुए हैं। जब भी राष्ट्रीय आह्वान होगा तो आंदोलन के लिए तैयार रहेंगे। इस बीच धरनास्थल पर एसडीएम सुनील कुमार त्रिवेदी और यूपीडा के अधिकारी पहुंचे। एसडीएम ने अंडरपास के लिए अप्रूवल हो जाने की बात कहते हुए धरना समाप्त करने का अनुरोध किया। किसानों ने ऐलान किया कि जब तक लिखित में कुछ नहीं मिलेगा या अंडरपास निर्माण शुरू नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान चौधरी संजीव गांधी, चौधरी अर्जुन सिंह, मोनू चौधरी, रामकिशोर यादव, कृष्णपाल यादव, सुल्तान सिंह, दलवीर सिंह, रामकिशन, प्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

# खेत से लौट रहे किसान की हादसे में मौत

संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में मेरठ-बदायूं हाईवे पर फसल की रखवाली कर घर लौट रहे साइकिल सवार किसान को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसका शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव खेड़ामानी निवासी महेश कुमार (32) गुरुवार देर रात खेत पर फसल की रखवाली करने के बाद साइकिल से घर लौटने लगा। मेरठ-बदायूं हाईवे पर गांव बैरपुर महराजी बस स्टैंड के पास सड़क पार करते वक्त साइकिल सवार महेश कुमार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे महेश कुमार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची।

परिजन मौके पर पहुंचे। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज की। महेश कुमार की मौत पर पत्नी रामवती और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।


किसान की मौत के बाद बिलखतीं परिवार की महिलाएं।

### सड़क पार कर रहा बालक बाइक की टक्कर से घायल

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव दबोई खुर्द निवासी बली हयात का सात वर्षीय बेटा गौसे आजम शुक्रवार को सैदनगली मनोटा मार्ग पार कर दूसरी ओर जा रहा था। तेज रफ्तार बाइक ने गौसे आजम को टक्कर मार दी और चालक बाइक लेकर मौके से भाग गया। सड़क पर घायल को देखकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजन उपचार कराने गौसे आजम को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र असमोली आ गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बाइक गिरने से पिता पुत्र समेत तीन घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** बिचैटा चौराहा और थाना कुढ़फतेहढ़ के बीच सामने से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में बाइक सवार फिसल कर गिए गए। जिससे पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्साधिकारी ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब ढाई से तीन बजे के बीच उस समय हुआ, जब नरेश निवासी गांव मिर्जापुर भगतपुर थाना कुढ़फतेहगढ़ अपने बेटे अवनेश व रिश्तेदार भारत सिंह निवासी गांव मोहम्मद नगर थाना सैफनी जिला रामपुर के साथ बाइक से दावत खाने के लिए जनपद बदायूं के बिसौली क्षेत्र के गांव मंगलपुर जा रहे थे। बाइक नरेश चला रहा था। जैसे ही गांव कुढ़फतेहगढ़ से बिचैटा चौराहा के बीच पहुंचे। उस समय सामने से आ रहे वाहन से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान की जान गई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर की नरौली पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव सराय सिकंदर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किसान की मौत हो गई। गांव भाटौर निवासी मुकेश कुमार (50) का गांव सराय सिकंदर के निकट खेत है।

शुक्रवार दोपहर वह साइकिल से खेत पर गए थे। वह शाम करीब छह बजे साइकिल से घर लौट रहे थे। गांव सराय सिकंदर और गांव भाटौर मार्ग पर अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने मुकेश को पहचान लिया और नरौली चौकी पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल चन्दौसी भिजवाया। जहां चिकित्साधिकारी ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन भी सीएचसी पहुंचे। पत्नी सुरेशवाला व दो बेटे राजकमल सिंह व मेघराज सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पौस्टमार्टम को भेजा है। तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।

## सार संक्षेप

### महिला का बैग छीन कर भागा बाइक सवार


पीड़िता कंचन बौद्ध।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के कैथल गेट पर शुक्रवार दोपहर बाइक सवार व्यक्ति महिला का बैग छीन कर भाग गया। घटना से स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है। मोहल्ला राज निवासी महिला कंचन बौद्ध पत्नी नरेश भारती ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी बहन ममता रानी के साथ बाजार से घर पैदल जा रही थीं। कंधे पर हैंड बैग लटका था। जैसे ही वे दोनों कैथल गेट स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास पहुंचीं। तभी पीछे से आए बाइक सवार उसके पास रुक गया। बाइक सवार व्यक्ति ने उनका बैग छीन लिया। पीड़िता ने बताया कि बैग में 500 रुपये और जरुरी कागजात थे।


गांव मोहम्मदगंज में बैठक के बाद मौजूद भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी।

### जुबेर जिला महासचिव व नाजिम नगराध्यक्ष बने

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक बैठक शुक्रवार को गांव मोहम्मदगंज में हुई। इसमें आंदोलन कर रहे किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने और गोली चलाने की निंदा की गई। आंदोलन में जान गंवाने वाले किसान शुंभकरण सिंह को श्रद्धांजलि दी। युवा प्रदेश प्रवक्ता कौशल क्रांतिकारी ने कहा कि एमएसपी किसानों का अधिकार है। सरकार को किसानों से वार्ता कर उनकी मांगों को पूरा कर देना चाहिए। इस दौरान मोहम्मद जुबेर को जिला महासचिव संभल नियुक्त किया गया। मोहम्मद नाजिम को नगर अध्यक्ष चन्दौसी, आदित्य सिंह को युवा नगराध्यक्ष, शिवम यादव को युवा नगर सचिव नियुक्त किया गया। इस दौरान रजत यादव, रासिद, रामेश्वर, नाजिम जाबिर, शिवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


गांव गुमथल में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित भाजपाई।

### घर-घर जाकर बताएं सरकार की योजनाएं

**बनियाठेर, अमृत विचार :** गांव गुमथल में शुक्रवार को भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत बूथ संख्या 30 पर कार्यक्रम हुआ। इसमें वक्ताओं ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 सीटों पर जीत हासिल करेगी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को सरकार की योजनाएं बताएं। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान रामजी तोमर, मंडल अध्यक्ष गिरिराज किशोर मौर्य, बूथ अध्यक्ष सत्येंद्र पाठक, विकास शर्मा, दीपक दिवाकर, अनमोल पाठक, शिवम शर्मा, अवधेश शर्मा, अतुल शर्मा, गिरधर शर्मा, अंशु शर्मा, मोहनलाल, विष्णु शर्मा, प्रशांत गुप्ता, सौरभ गुप्ता आदि रहे।


संत गाडगे की जयंती मनाते महापुरुष स्मारक समिति के सदस्य।

### जयंती पर समाज सुधारक संत गाडगे बाबा को किया याद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत की ओर से महान समाज सुधारक संत गाडगे बाबा की जयंती एवं स्वतंत्रता सेनानी सरदार अजीत सिंह (शहीद भगत सिंह के चाचा) की जयंती मोहल्ला कागजी स्थित शहीद गिरीश चंद्र जूनियर हाईस्कूल में मनाई गई। इसमें कवि माधव मिश्र ने कहा कि संत गाडगे बाबा का जन्म दो फरवरी 1876 को महाराष्ट्र के अमरावती जिले के अंजनगांव क्षेत्र के शेंडगांव में धोबी परिवार में हुआ था। उन्होंने क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह के जीवन पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान संगीता गौतम, संचालन बृजेंद्र प्रसाद तिवारी, देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, दीपेंद्र नाथ गुप्ता, हेमंत गुप्ता, विशन स्वरूप, एनके शर्मा, राम किशोर अग्रवाल, पूजा आनंद, नीलिमा गुप्ता आदि रहे।

### दिवाकर समाज ने संत गाडगे की जयंती मनाई

**चन्दौसी, अमृत विचार :** आवास विकास कॉलोनी स्थित संत गाडगे पार्क में स्वच्छता के जनक संत गाडगे की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री के पति रामपाल दिवाकर ने किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष इंदू रानी, चंद्रसेन दिवाकर, सभासद रीना कुमारी, राजरानी, मंजू देवी, अनुराधा शामिल हुई। डॉ. जितेंद्र कुमार ने कहा कि दिवाकर समाज एक दूसरे से मिलकर रहे और आपस में संबंधों को मजबूत करे। संत गाडगे बाबा के सादगी जीवन यापन और स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। यहां सेवाराम दिवाकर, दृगपाल दिवाकर, प्रधान बाबूलाल दिवाकर, उत्तम दिवाकर ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। इस अवसर पर उमेश चंद्र दिवाकर, आरबी दिवाकर, लालाराम, रामभरोसे, दलवीर, श्याम दिवाकर, लटूरी सिंह दिवाकर, वीरपाल दिवाकर, राजेंद्र दिवाकर, रमन दिवाकर, राहुल राय दिवाकर, राहुल दिवाकर आदि रहे। अध्यक्षता बाबूराम दिवाकर व संचालन रिंकू दिवाकर ने किया।

### कथा में श्रोताओं को महत्व समझाया


कथा वाचक अशोक दीक्षित।

**बनियाठेर, अमृत विचार :** गांव अकरौली में श्री रामकथा के दूसरे दिन शुक्रवार को कथा वाचक अशोक दीक्षित ने श्रोताओं के प्रकार और कथा में श्रोताओं के महत्व को समझाया। कहा कि श्रोता 14 प्रकार के होते हैं। जिन्हें कथा सुनने के बाद कथा का सही ज्ञान होता है। इस दौरान उन्होंने भजन भी सुनाए। भजनों को सुन कर श्रद्धालु भाव विभोर होकर झूम उठे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान हरि किशन शर्मा, पीयूष त्रिवेदी, अचला शर्मा, हरकिशोर, नंदकिशोर, शबीता, सुधीर शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, रामकुंवर चंद्रा, शिवम चौहान, आस्था रूहेला, वर्षा रूहेला आदि मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**संभल, अमृत विचार :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का शिविर प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा की अध्यक्षता में लगा। प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देशन में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता और शिक्षा संबंधी नारे लगाकर शिविर स्थल प्राथमिक विद्यालय घुंघावली तक और द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी सचिन कुमार के साथ स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरपुर तक रैली निकाली। शिविर के दूसरे चरण में महाविद्यालय सभागार में कौशल विकास हेतु युवा विषय पर हुई गोष्ठी में डॉ. जीत सिंह ने विभिन्न वोकेशनल कोर्स एवं स्किल डेवलपमेंट कोर्स पर चर्चा की। इस दौरान डॉ. राष्ट्रवर्द्धन, डॉ. आसिम, सुभाष आदि का सहयोग रहा।

# प्रभात फेरी के समापन पर निकाली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली के मोहल्ला मंगलवाला स्थित बाबा जाहरवीर मंदिर से माघ में निकलने वाली प्रभात फेरी का समापन किया गया। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गई।

शाम को निकली प्रभात फेरी का शुभारंभ मंदिर के पुजारी व विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के राजेश गुप्ता सहित सभी भक्तों और कार्यकर्ताओं ने फीता काटकर किया। ठेली पर विराजमान भगवान के दरबार के आगे कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेरते हुए चल रही थी। वहीं डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य कर रहे थे और जयकारे लगा रहे थे।

फेरी बाबा जाहरवीर मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला मकूपुरा, बेहटा साहू तिराहा, धीमर वाली पुलिया, पीपल वाला, साहूकारा, मैन मार्केट, सब्जी मंडी, बाजरिया, मंसा देवी से पार्क के रास्ते वापस मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर किशनलाल, घर्मपाल, राजेश गुप्ता, सुरेश प्रजापति, रोशन प्रजापति, अरविंद कुमार, कमल सैनी, दीपक कश्यप, दिनेश कुमार, टीटू सैनी, विनीत कश्यप, अमित कश्यप, सोनू, अवधेश कुमार, राजपाल, मुन्नालाल, आकाश कुमार, निखिल गुप्ता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद रही।


नरौली में फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ करते अतिथि।


गांव कैथल में प्रभात फेरी निकालते लोग। ● अमृत विचार

**कार्यक्रम**

▸▸ कीर्तन मंडली ने भजनों की बिखेरी छटा, डीजे पर श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

### कैथल गांव में निकाली शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गांव कैथल में माघ मास में निकाली गई प्रभात फेरी के समापन पर शुक्रवार को शोभायात्रा निकाली गई। इसमें झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। भजनों पर श्रद्धालु झूम रहे थे। गांव कैथल के शिव मंदिर से शोभायात्रा का आरंभ हुआ। इसमें सबसे आगे डीजे पर युवा थिरकते हुए चल रहे थे। हनुमान जी, माता लक्ष्मी, अमरनाथ बाबा आदि झांकी शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रही थीं। कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर भक्ति का माहौल बना रही थी। शोभायात्रा गांव के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। जहां प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान लालू कोरी, नेमपाल कोरी, विजय पाल, प्यारेलाल, किशनपाल, राजू आदि रही।

# बंदरों के हिलाने से टूटकर मकान पर टिका खंभा, बड़ा हादसा बचा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित वैष्णो बिहार में शुक्रवार सुबह बिजली लाइन का खंभा बंदर के हिलाने से टूट कर एक मकान पर जा टिका।

वैष्णो बिहार निवासी पवन अग्रवाल के मकान के निकट बिजली खंभा खड़ा हुआ है। शुक्रवार सुबह करीब पौने आठ बजे बंदर खंभा हिला रहे थे। इससे खंभा टूट गया और मकान की दीवार पर टिक गया। हादसे के वक्त घटनास्थल के पास ही दो कारें खड़ी थीं। खंभा यदि कारों पर गिरता तो भारी नुकसान हो सकता था। गली में भी कोई नहीं था। धमाके की आवाज सुन कर पास पड़ोस के लोग घरों से बाहर आ गए और बिजली विभाग के कर्मचारियों को फोन कर आपूर्ति बंद कराई।

शाम को बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और खंभा लगा कर बिजली सप्लाई सुचारु की। दिन भर कॉलोनी की बिजली गुल रही। शाम छह बजे के बाद आपूर्ति बहाल हुई।


मकान पर गिरा बिजली का खंभा।

### ट्रक की टक्कर से खंभा टूटा, चालक भागा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जारई रोड पर गुरुवार देर रात ट्रक की टक्कर से हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया। इसके बाद चालक ट्रक छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।


व्यापारियों के साथ बैठक करते अधीक्षण अभियंता। ● अमृत विचार

# व्यापारियों को बिजली विभाग की योजनाओं के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड चदौसी स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय में शुक्रवार शाम शहर के लोगों, जनप्रतिनिधियों व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ने बिजली सेवा व जनसंपर्क अभियान के तहत विद्युत व्यवस्था का सुदृढीकरण अनुरक्षण व जन समस्याओं के बारे में चर्चा की। आरडीएसएस योजना के संबन्ध में एवं स्मार्ट मीटर योजना और अग्रिम वर्षों में कराने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। व्यापारियों व जनप्रतिनिधियों ने सुझाव भी दिए। इस दौरान अधीशासी अभियंता सुशील कुमार पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी अजय कुमार शुक्ला समेत प्रेमग्रोवर, शाहआलम मंसूरी, योगेश गोल्डन, डॉ. नजामुला आदि रहे।

**आस्था** | गणेश कॉलोनी स्थित भोलेनाथ वाटिका में चल रही श्रीमद् भागवत कथा

# भागवत कथा शुरू होने से पहले निकाली कलशयात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** नगर की गणेश कॉलोनी स्थित भोलेनाथ वाटिका में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा से पूर्व शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भजन कीर्तन किया।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ यज्ञाचार्य मनीष भारद्वाज ने पूजन किया।। कलश यात्रा में महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश उठा कर चल रही थीं। कीर्तन मंडली भजनों की छटा बिखेर कर भक्ति का माहौल बना रही थी। कलश यात्रा मोहल्ला मोती स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर मनिहार चौक, सीता रोड, गणेश मंदिर होते हुये विनायक मार्ग स्थित भोलेनाथ वाटिका में पहुंच कर संपन्न हुई। तदोपरांत भागवत कथा के प्रथम दिवस की शुरुआत दीप प्रज्जवलन, भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। वृन्दावन से पधारे कथा वाचक आचार्य संतोष भारद्वाज ने प्रिय प्रीतम की वंदना जय राधे जय राधे राधे जय श्री राधे से की। तत्पश्चात भागवत के प्रथम श्लोक का उच्चारण कर श्रीमद भागवत कथा का प्रारंभ किया।

मुख्य यजमान सुशील कुमार भोलेनाथ एवं वीना वार्ष्णेय रहे। भागवत कथा के पहले दिन धुंधकारी की कथा सुनाई। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, सुभाष चंद्र भोलेनाथ, प्रतीक वार्ष्णेय, अशोक वार्ष्णेय, वीना वार्ष्णेय, नम्रता गुप्ता, महिमा वार्ष्णेय, दुर्गेश पाल, प्रतिभा चौधरी, हरीश वार्ष्णेय, शकुंतला देवी, डॉ. मधुपमा वार्ष्णेय आदि रहे।


मोहल्ला मोती स्थित शिव मंदिर से कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते ॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# कूटनीति की ताकत

वर्ष 2024 वैश्विक राजनीति में मील का पत्थर साबित होने जा रहा है। अमेरिका और रूस-चीन के गठबंधन के बीच टकराव ही वैश्विक और क्षेत्रीय तनावों और समीकरणों की दशा-दिशा तय करेगा। आने वाले वर्षों में दुनिया के समीकरणों में बहुत अहम बदलाव होने जा रहे हैं। ये बदलाव भू-राजनीतिक और भू-आर्थिक क्षेत्रों में भारत के तय उभार से और अधिक रेखांकित होंगे। दुनिया इस जटिल और उभरते भू-राजनीतिक मंजर के साथ तालमेल बिठाने के लिए जूझ रही है, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में सत्ता और निर्णय प्रक्रिया की ताकत के पारंपरिक संतुलन में बहुत बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं जिनसे वैश्विक प्रशासन में एक नए युग की शुरुआत का पता चलता है। चीन-भारत संबंध संतुलन की स्थिति में पहुंचना, इसे बरकरार रखना बड़ी चुनौती होगी। आर्थिक मोर्चे पर एक ऐसा समय आएगा जब चीन की अर्थव्यवस्था वृद्धि नहीं करेगी और भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को 'रायसीना संवाद' के एक परिचर्चा सत्र में चीन की 'चाल' के खिलाफ आगाह किया और कहा कि भारत को संतुलन की स्थिति पर बेहतर शर्तें पाने के लिए अन्य कारकों का उपयोग करने के अपने अधिकारों का परित्याग नहीं करना चाहिए।

मौजूदा भू-राजनीतिक माहौल, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में ऐसा बदलाव ला रहा है, जो स्थायी हैं। ये ऐसा तथ्य है, जो अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक समीकरणों को नया आकार दे रहा है। रायसीना संवाद जियो-पॉलिटिक्स और भू-इकोनॉमी पर आधारित एक वार्षिक सम्मेलन है जिसका उद्देश्य दुनिया के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों का समाधान करना है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान एक बड़ी शक्ति के रूप में भारत की छवि उभर कर सामने आई। विवादास्पद मुद्दों के समाधान के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में आमूल-चूल सुधार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक नियम एकपक्षीय हित में नहीं होने चाहिए। अपनी बढ़ती अर्थव्यवस्था और आबादी, सामरिक रूप से अहम भौगोलिक स्थिति और बढ़ते प्रभाव की वजह से भारत, विश्व मंच पर अधिक अहम भूमिका निभाने जा रहा है। ये उभार न केवल भारत के अपने विकास का प्रतीक है, बल्कि ये एक व्यापक चलन यानी, अंतर्राष्ट्रीय मामलों को आकार देने में ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का भी संकेत है। पिछले आठ सालों से इस सम्मलेन में करीब 100 देशों के प्रतिनिधि शामिल होते आए हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम के जरिए भारत सरकार अपनी कूटनीतिक क्षमता को बढ़ा रही है। भारत सरकार इस कार्यक्रम के जरिए अंतर्राष्ट्रीय संबंधों और मुद्दों को लेकर अपनी नीति दुनिया के सामने स्पष्ट करती है। सम्मेलन भारत की कूटनीतिक सफलता को दर्शाता है।

# विविधता का रसायन और उसकी अनिवार्यताएं



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न-भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है। वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे।

यह बहुत पुराना देश है और बहुत विविधताओं का देश है। यहां सबके लिए जगह है। सहिष्णुता इसके जींस में है। एकरूपता यहां एक बेगानी चीज है, जो भी यहां आया और इसे अपनी धरती समझकर बस गया, इसने सबको अपना लिया। उनके देवी-देवता, उत्सव-त्योहार भी अपना लिए। मेरे बचपन तक कुछ फकीर-जैसे दिखते लोग गाजी मियां का निशान (झंडा) उठाए, गांव-गांव घूमते, सतरिख (बाराबंकी) की यात्रा पर जाते थे। औरतें गाजी मियां की मानता मानती थीं और मानता पूरी होने पर सतरिख की यात्रा करने के बजाय इन्हीं निशान उठाने वालों की मार्फत अपना चढ़ावा भेज देती थीं। ये निशान उठाने वाले मानता मानने वालों के लिए स्वयं सेवक का काम करते थे।

गाजी मियां (गाजी सैयद सालार मसूद) एक ऐतिहासिक व्यक्ति हैं। वे महमूद गजनवी के भांजे थे और गाजी (धर्मयोद्धा) थे तो इस्लाम के विस्तार के लिए युद्ध करने अपने मामा महमूद गजनवी के साथ भारत आए थे। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, यही 16 साल के करीब। सतरिख (बाराबंकी) वह जगह थी जिसे अपना सदर मुकाम बनाकर सालार मसूद बहराइच, हरदोई और बनारस के राजाओं से युद्ध कर रहे थे। उनके पिता सैयद सालार साहू की सतरिख में ही मृत्यु हुई थी। बाद में सालार मसूद बहराइच के राजभर राजा सुहेलदेव से हुए युद्ध में पराजित और गंभीर रूप से घायल हो गए। बहराइच में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के समय उनकी उम्र महज 20 साल थी।

किंवदंती है कि सालार मसूद अपने मामा महमूद गजनवी के ठीक विपरीत, संत स्वभाव के आदमी थे। अभी तक सतरिख में उनकी गद्दी पर धूनी जलती है और हिंदू तथा मुसलमान दोनों उसका दर्शन करने जाते हैं। संत और फकीर में इस देश के लोग भेद नहीं करते थे, खासकर औरतें जिनके बहुत सारे दुःख और बहुत तरह के दुःख होते थे। बच्चों पर संकट के समय तो वे किसी से भी मिन्नत-आरजू करने, गिड़गिड़ाने को तैयार हो जाती थीं। मानता मानना उसी का हिस्सा था। आस-पड़ोस में, नाते-रिश्तेदारी में किसी विशेष की मानता से राहत की खबर हवा में उड़ती रहती थी। वहीं से वे उसे पकड़ लेती थीं और खुद विपत्ति में पड़ने पर उसे त्राता के रूप में याद करती थीं, उससे याचना करती थीं, उसकी मानता मानती थीं। विपत्ति से छुटकारा मिलने पर मानता पूरी करने को लेकर फिक्रमंद रहती थीं, उसे एक देय कर्ज की तरह याद किए रहती थीं और मौका मिलते ही पूरी करने निकल पड़ती थीं। गाजी मियां एक सुविधाजनक त्राता थे जिनकी मजार तक जाने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनके स्वयं सेवक गांव-गांव घूमते थे।

मुहर्रम पर मेरे गांव के बगल के गांव में ताजिया उठता था और दोपहर बाद एक बाग में मेला लगता था। सौदा-सुलफ के अलावा उस मेले का खास आकर्षण कुश्ती और 'लकड़ी' का खेल होता था। लकड़ी दरअसल गतके को कहते थे, जो एक छोटा डंडा होता था जिस पर चमड़े का खोल चढ़ा रहता था। प्रहार और आत्मरक्षा की फुर्ती का बहुत सधा हुआ खेल था जिसमें किसी को चोट नहीं लगती थी, लेकिन अपनी तेज गतिशीलता से खिलाड़ी दर्शकों को रोमांचित कर देते थे। जोड़ियों पर जोड़ियां उतरती जाती थीं और हम हर बार नए-नए दांव-पेंच के प्रदर्शन से अभिभूत एकटक देखते रहते थे। हमारे यहां बोली जाने वाली अवधी में अरबी-फारसी के सैकड़ों शब्द दाखिल होकर इस कदर घुलमिल गए हैं कि लगता ही नहीं, ये अवधी के नहीं हैं, कभी बाहर से आए होंगे। बस गैर-पढ़े-लिखे लोग क, ख, ग, ज, फ की नुक्तेवाली ध्वनि का उच्चारण नहीं कर पाते। हिंदू और मुसलमान दोनों अवधी बोलते हैं। पढ़े-लिखे गैर पढ़े-लिखे सभी। पढ़े-लिखे मुसलमानों की बस यही पहचान है कि वे अवधी में बोलते समय भी बाकायदे नुक्ते की ध्वनि के साथ बोलते हैं। ये ध्वनियां हमें कब और कहां-कहां से मिली होंगी? धीरे-धीरे कुछ खो भी गई होंगी। संस्कृत के मूर्धन्य ष और ऋ और लृ का उच्चारण हम भूल चुके हैं, लेकिन हिंदी में भी कुछ ऐसी ध्वनियां हैं, जो संस्कृत में नहीं हैं। जैसे ड़ और ढ़। संस्कृत में केवल ड और ढ की ध्वनि है जब कि हिंदी में ड और ड़ तथा ढ और ढ़ की अलग-अलग ध्वनियां हैं। मराठी में ड़ और ल के बीच एक और ध्वनि है, जो इधर बहुत प्रचलित है। वह है ळ। यहां मराठी लोग जब इस ध्वनि का उच्चारण करते हैं, बहुत ध्यान से सुनने के बावजूद हम अंतर को इस तरह नहीं पकड़ पाते कि उसे बोल भी सकें। ध्वनियों की और शरीर के ध्वनि-यंत्रों की विविधता का भी यह देश है।

बहुत संभव है ये ध्वनियां भिन्न-भिन्न भागों में बोली जानी वाले भिन्न-भिन्न प्राकृत रूपों से आई हों। कुछ लोगों को भ्रम है कि संस्कृत के तत्सम शब्द प्राकृत से होते हुए आज की भाषाओं और बोलियों में तद्भव रूप में आए हैं। संस्कृत और प्राकृत दो समांतर धाराएं हैं, जो जाने कब से साथ-साथ प्रवाहित होती रही हैं। सामान्यजन हमेशा भिन्न-भिन्न क्षेत्र की भिन्न भिन्न प्राकृत (जिनमें से क्षेत्र विशेष की प्राकृत का नाम पाली था) में ही बोलते थे। संस्कृत पढ़े-लिखे लोगों की बोलने और लिखने की भाषा थी और देशभर में उन्हीं लोगों के बीच संपर्क-भाषा भी थी। किसी-किसी काल में किसी-किसी राजनीतिक इकाई में प्रशासन की भाषा भी थी। इसीलिए संस्कृत में लिखा साहित्य और शास्त्र पूरे देश में पढ़ा-पढ़ाया जाता था और उसका अधिकांश अभी तक जीवित है।

वैदिक संस्कृत के काल में भी सामान्यजन में प्राकृतों के प्राचीन रूप बोले जाते रहे होंगे। अवधी सहित यहां की बोलियों का इतिहास लौकिक संस्कृत से अधिक प्राचीन है। पता नहीं, अवध के गांवों के गैर-पढ़े-लिखे लोग चार धाम बनने के शुरू के चरण में जब रामेश्वरम और जगन्नाथ पुरी की यात्रा पर जाते रहे होंगे, उनका काम कैसे चलता रहा होगा? अब तो वहां के स्थानीय लोगों के पॉकेट्स हैं, जहां सभी धड़ल्ले से हिंदी बोलते-समझते हैं।

विविधता को संभाले हुए एक होकर जीने की पद्धति हमारे हजारों साल के सहजीवन की उपलब्धि है। विविधता और एकता के इस सामंजस्य को जो नहीं समझता और किसी कारणवश इस देश के प्रति परायेपन का भाव बनाए रखना चाहता है, अस्मिताओं के उभार के इस युग में उसका भविष्य उत्तरोत्तर विषम होता जाने वाला है।

## प्रसंगवश

# क्या कहानियां प्रेरणा देती हैं

आखिर सफलता की कहानियां हमें किस तरह प्रभावित करती हैं? बात इसलिए जरूरी है, क्योंकि हम इंसान सदियों से अपने बच्चों को कहानियां सुनाते हैं। क्योंकि हम मानते हैं कि दूसरे लोगों की सफलता हमारे बच्चे को और मेहनत करने की प्रेरणा देगी, पर क्या बच्चे सचमुच मोटिवेट होते हैं? या और ज्यादाहीन महसूस करने लगते हैं।



संजय वर्मा
इंदौर

मनोविज्ञान में एक शब्द है 'सिग्निफिकेंट अदर्स'। मतलब अजनबी लोगों के इस संसार में वे कुछ नजदीकी लोग, जो हमारे लिए मायने रखते हैं। ऐसा समझें कि यदि कोई अजनबी गरीब बच्चा कलेक्टर बन जाए तो मुझे प्रेरणा मिल सकती है, पर मेरा चचेरा भाई तहसीलदार भी बन गया तो मुझे ईर्ष्या होगी, मैं छोटा महसूस करूंगा? मतलब सफलता की कहानी प्रेरणा तो देगी, लेकिन वह नजदीकी लोगों की नहीं होनी चाहिए।

वहीं दूर के लोगों की कहानी सुनकर इंसान बेहतर बनता है यह मानना भी मुश्किल है। यदि ऐसा होता तो राम की मर्यादा, शिवाजी का साहस और हरिश्चंद्र के त्याग की कहानी सुनकर बड़े हुए बच्चे इतने बेईमान, झूठे और स्वार्थी कैसे हो जाते हैं? अब्दुल कलाम आजाद की गरीबी से निकलकर वैज्ञानिक बनने की कहानी सुनकर कितने बच्चे वैज्ञानिक बने? तो क्या हम मान लें कहानियां अपने मकसद में नाकामयाब रही हैं? अगर कहानी नहीं है तो फिर वह क्या है जिससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है? और अगर कहानी अपने मकसद में नाकामयाब रही है तो फिर हम कहानियां क्यों सुनाते हैं?

मेरा अपना मानना है कि किसी असफल या लो फील कर रहे बच्चे को किसी और की सफलता की कहानी सुनाकर आप उसे जलील कर सकते हैं, मोटिवेट नहीं कर सकते। अपने तीस साल के व्यावसायिक जीवन में मैंने दसियों बच्चों को ट्रेंड किया। उनमें से ज्यादातर लोग आज कामयाब हैं। मेरा अनुभव कहता है, लोग दूसरों की नहीं खुद अपनी सफलता से मोटिवेट होते हैं। हौसला देने से आगे बढ़ते हैं, कहानियों से नहीं। मुश्किलों से घिरा इंसान उस टूटे कुंए की दीवार है जिसमें से हर नई सफलता की कहानी एक और ईंट उखाड़ ले जाती है।

# आस्था से खिलवाड़ क्यों

मान्य अवधारणा है की देवी नाम केवल मनुष्यों को ही दिए जाते हैं। मगर सिलिगुड़ी वन्यप्राणी उद्यान में शेर और शेरनी का नाम अकबर और सीता पर रख दिया गया। भला ऐसी बेजा हरकत किस इशोपासक को गवारा होगी? अतः स्वाभाविक है कि विश्व हिंदू परिषद ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को दोषी और संवेदनहीन करार दिया। परिषद की बंगाल शाखा ने इसे हिंदू धर्म का अपमान बताते हुए, कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका लगा दी। अदालत ने 20 फरवरी को सुनवाई की। शेरों के जोड़े का नाम बदलने का आदेश दिया है। साथ ही अदालत ने शेरनी का नाम सीता रखने और शेर को अकबर नाम देने को लेकर बंगाल सरकार से जवाब मांगा है।

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था। 'अकबर' के साथ 'सीता' रखना हिंदू धर्म का अपमान है।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मामला सिलीगुड़ी के सफारी पार्क का है। विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता को दिया गया है। इस शेर-शेरनी के जोड़े को हाल ही में त्रिपुरा के सेपाहिजला जूलॉजिकल पार्क से कोलकता लाया गया था। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने शेरों का नाम नहीं बदला है। यहां आने से पहले ही (13 फरवरी को) उनका नाम रखा जा चुका था। जबकि वीएचपी का कहना है कि शेरों का नाम राज्य के वन विभाग ने रखा था।

इस मामले में राज्य के वन अधिकारियों और सफारी पार्क निदेशक को मुकदमें में पक्षकार बनाया गया है। सिंगल बेंच के जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल सरकार से कहा कि वह शेर-शेरनी को कोई दूसरा नाम देने पर विचार करें, ताकि विवाद को शांत किया जा सके। अदालत ने कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग सीता की पूजा करते हैं। वहीं अकबर एक कुशल, और सफल मुगल सम्राट था।

अदालत ने कहा : 'वकील साहब, क्या आप खुद अपने पालतू जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान या मुस्लिम पैगंबर के नाम पर रखेंगे। मुझे लगता है, अगर हम में से कोई भी अधिकारी होता तो हममें से कोई भी उनका नाम अकबर और सीता नहीं रखता। क्या हम में से कोई रवींद्रनाथ टैगोर के नाम पर किसी जानवर का नाम रखने के बारे में सोच सकता है? इस देश का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है।'

एडिशनल एडवोकेट जनरल ने अदालत को बताया कि पश्चिम बंगाल ने इन जानवरों को कोई नाम नहीं दिया है। त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने दिए थे। इस पर अदालत ने कहा:'धार्मिक देवता या ऐतिहासिक रूप से सम्मानित व्यक्तित्वों के नाम पर शेरों का नाम रखना अच्छा नहीं है। राज्य पहले से ही कई विवादों को देख रहा है। यह विवाद एक ऐसी चीज है जिससे बचा जा सकता है।'

अधिवक्ता ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि शेरों को नए नाम दिए जाएं, लेकिन उन्होंने अदालत से याचिका खारिज करने का भी आग्रह किया। इस पर अदालत ने कहा, 'चूंकि शेरों के नाम लिए गए हैं। याचिकाकर्ता दावा कर रहे हैं कि इससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। इसलिए मामले की जांच करनी होगी, लेकिन यह एक जनहित याचिका के तौर पर होगी।' अदालत ने आदेश दिया कि याचिका को जनहित याचिका के रूप में लिया जाए। इसे उस खंडपीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए, जो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करती है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा: 'कृपया विवाद से बचें अपने अधिकारियों से इन जानवरों का नाम बदलने के लिए कहें। किसी भी जानवर का नाम किसी हिंदू भगवान, मुस्लिम और ईसाई पैगंबर, महान पुरस्कार विजेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों आदि के नाम पर न रखें।'

न्यायमूर्ति ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है। जस्टिस भट्टाचार्य ने पूछा: 'आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए?'

## सोशल फोरम

# दिल्ली घेरने की जिद

पंजाब की सीमा पर पंजाब के तथाकथित किसानों का जमावड़ा है। इनमें कुछ अन्य प्रदेशों के आधारहीन और अराजकता में अपने लिए कुछ लाभ देखने वाले नेता भी शामिल हैं। यह भी एक किस्सा है कि चुनाव से बिल्कुल पहले केंद्र सरकार और मोदी को असहज करने के लिए यह षडयंत्र कांग्रेस द्वारा रचा गया है जिसमें कुछ आंदोलन आयोजित करने वाले व्यवसायी भी शामिल हैं। जाहिर है कि कनाडा और सीआईए भी इस आंदोलन में रुचि ले रहे हैं।



मनोज कुमार
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

आंदोलनकारियों की दो मुख्य मांगें हैं। पहली मांग है न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाया जाए। मतलब जो कोई भी इस मूल्य से कम पर कृषि उत्पाद खरीदे उसे दंडित किया जाए। दूसरी मांग है स्वामीनाथन कमेटी की संस्तुति के अनुसार कृषि उत्पाद के मूल्य निर्धारित किए जाएं। इस कमेटी के अनुसार मूल्य उत्पादन पर हुए व्यय का डेढ़ गुना होना चाहिए। आंदोलनकारी केंद्र सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं और केंद्र के निर्देश पर इन्हें हरियाणा में प्रवेश से रोका गया है जिस पर इन्होंने सड़क पर बैठकर रास्ता बंद कर दिया है। पंजाब की आप पार्टी की सरकार इन्हें पूरा सहयोग दे रही है जिसके कारण इन्हें हरियाणा सीमा तक आने में कोई कठिनाई नहीं हुई।

केंद्र सरकार के तीन मंत्री लगातार वार्ता के लिए उपलब्ध रहे हैं, पर कोई समझौता नहीं हो पाया। आंदोलनकारी दिल्ली जाने और दिल्ली का घेराव करने पर अडिग हैं। इस पूरे प्रकरण में मैं एक बात से हैरान हूं। कृषि तो भारत के संविधान के अनुसार राज्य का विषय है।

कृषि उत्पाद का उचित मूल्य दिलाना तो राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। केंद्र सरकार इसमें कहां से आ गई? केंद्र तो एक अच्छे खरीदार की भूमिका में है और एक न्यूनतम मूल्य पर खरीद करती है। राज्य चाहे तो उससे अधिक मूल्य दे सकता है। हैरानी इस बात की है कि केंद्र सरकार भी यह नहीं कह रही। अगर वह ऐसा स्टैंड लेते हैं तो इस आंदोलन का आधार ही समाप्त हो जाएगा और अगर फिर भी कोई दिल्ली घेरने की जिद करता है तो उसके प्रति की गई हर कार्यवाही न्यायसंगत होगी।

-फेसबुक वॉल से

# नायकत्व ने पुतिन में अहंकार और आत्ममुग्धता पैदा की

पुतिन की तानाशाही के मुखर विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की रूस की एक जेल में रहस्यमय मौत हो गई। महज 48 वर्ष की उम्र में। दुनिया ने इस मौत का संज्ञान लिया। कई विशेषज्ञों ने इसे 'राजनीतिक हत्या' की संज्ञा दी, लेकिन रूस के टीवी चैनलों ने अपनी न्यूज बुलेटिन के अंत में बेहद तटस्थ स्वरों में एक लाइन में उनकी मौत की खबर दी जो ' फर्जीवाड़े के आरोप में' जेल में बंद थे। हालांकि रूस के कई शहरों में इस घटना के विरोध में शोकसभाएं आयोजित हुई, प्रदर्शन किए गए जिनका पुलिस ने सख्ती से दमन किया। कितने सारे लोग जेल में डाल दिए गए, कितनों को कोर्ट ने पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अलेक्जेंडर सोल्जेनित्सिन ने इस रूस की कल्पना तो नहीं ही की होगी, जो सोवियत संघ के दौर में जनता के लोकतांत्रिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए मुखर रहे एक बड़े लेखक थे। उन्हें कम्युनिस्ट तानाशाही के खिलाफ बोलने-लिखने के कारण अमेरिका में लंबा निर्वासन झेलना पड़ा। उनके उत्कृष्ट लेखन के लिए उन्हें साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। सोवियत पराभव और विखंडन के बाद वे रूस लौटे, लेकिन जल्दी ही नए रूस में भी उनका मोहभंग होने लगा।

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए। हमें ऐसे बुद्धिजीवियों की बहुत जरूरत है, जो देश की राजनीतिक



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

एक सार्वजनिक व्याख्यान में उन्होंने अपनी निराशा व्यक्त करते हुए यह ऐतिहासिक वक्तव्य दिया था, 'रोटी मौलिक जरूरत है, लेकिन अगर हम मनुष्य हैं तो हमें विचारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी चाहिए।

संस्कृति को मनुष्यता और नागरिक अधिकारों के साथ देख सकें, उन्हें मुखर समर्थन दे सकें। जिस देश और समाज के बुद्धिजीवी सत्ता का विश्लेषण करने में साहस और ईमानदारी से काम नहीं लेंगे, उसका नैतिक पतन दूर नहीं रह जाएगा। फिर अलग तरह की तानाशाहियों से हम मुकाबिल होंगे, जो जनता के हितों को कुछ चंद मुट्ठियों में कैद कर देंगी।' रूस ने सोल्जेनित्सिन की आशंकाओं को सही साबित किया। सोवियत विघटन के बाद जर्जर और बेहाल रूस वाया येल्तसिन पुतिन के दौर में पहुंचा। देश ने धीरे-धीरे आर्थिक स्थायित्व हासिल किया, सामरिक आधार तो था ही, पुतिन ने उसे नई आक्रामकता और विस्तार दिया। वे नए नायक बन कर उभरे। इस नायकत्व ने पुतिन में अहंकार पैदा किया, आत्ममुग्धता पैदा की और सत्ता में येन केन प्रकारेण बने रहने की लिप्सा जगाई। नई सदी के रूस में नए उद्योग घराने उभरे जिनके लिए व्यावसायिक लाभों की खातिर नैतिकता और मानवीय शुचिता कोई मायने नहीं रखती थी। वे पुतिन के बन गए पुतिन उनके हो गए।नया दौर था टेक्नोलॉजी का जमाना, मीडिया के न जाने कितने रूप। ऊपर से सोशल मीडिया का सर्वव्यापी प्रसार। कितना भी प्रतिबंधित करो, कभी इधर से तो कभी उधर से सूचनाओं और विचारों का कोई झोंका आ ही जाता, जो प्रतिरोध की भावनाओं को बल दे सकता था। नए दौर में नेताओं को ब्रांडिंग की जरूरत अधिक ही महसूस होने लगी। पुराने दौर वालों से बहुत ज्यादा। पुतिन और उनके निकट के सलाहकारों ने भी इस जरूरत को शिद्दत से महसूस किया। फिर तो एक से एक कंपनियों की लाइन लग गई, जो पुतिन के लिए एक से एक पेशकश के साथ खड़े थे'हम आपकी ऐसी छवि बना देंगे जो आपको देश का पर्याय बना देगी।

करोड़ों डॉलर, बोले तो रूबल, झोंके जाने लगे हाड़ मांस के उस नश्वर जीव की छवि के निर्माण के लिए। सर्वत्र पुतिन ही पुतिन...रूस के 'पुराने वाले वैभव' को लौटाने का और 'नया रूस' बनाने का संकल्प दुहराते हुए, तिहराते हुए। रूस के कई विपक्षी नेता जेलों में बंद हैं। किसी पर कोई आरोप, किसी पर कुछ और आरोप, जो जितना साहसी प्रतिरोधी, उस पर उतने ही सख्त आरोप। कोई नहीं बता सकता कि आरोप कितने वास्तविक हैं कितने राजनीतिक। पुतिन के सहयोगी समर्थक कॉर्पोरेट घरानों की बढ़ती संपन्नता की रूस में ही नहीं, दुनिया में तूती बोल रही है। कुछ खास कॉर्पोरेट घरानों पर आरोप हैं कि पुतिन के समर्थन सहयोग के एवज में वे देश के संसाधनों पर अपना कब्जा बढ़ाते गए हैं। पुतिन ने रूस को संभाला, उसे फिर से खड़ा करने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आत्मविश्वास खो चुके देश में नए विश्वास का संचार किया, लेकिन उनके दौर ने रूस में भयानक रूप से बढ़ती आर्थिक असमानता देखी, नागरिक अधिकारों के दमन का नया दौर देखा, बाजार पर कॉर्पोरेट का सत्ता संरक्षित नाजायज कब्जा देखा, क्या-क्या नहीं देखा।

ब्रांड की कैद में घिरे नेता की चमक बढ़ती गई, बाजार पर खास लोगों का कब्जा बढ़ता गया। अब ब्रांडिंग का जलवा देखना समझना हो तो पेप्सी और कोका कोला को ही देखें जिनके बारे में दुनियाभर के आहार विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे कि यह संकट है, लेकिन उन कंपनियों ने भारत जैसे विशाल बाजार में आकर गंध मचा ही दी। कौन सुपरस्टार, कौन क्रिकेट स्टार, कितने-कितने स्टार उसके मार्केटिंग एजेंट बन करोड़ों कमाते रहे और पब्लिक उस मीठे जहर के घूंट लेती नकल में दुहराती रही...'पेप्सी अहा'। पुतिन कुछ संभाल कर, अधिक बिखरा कर, गिरा कर दृश्य से ओझल होंगे एक दिन। कितने महामानव तो ऐसे हैं जिन्होंने संभाला क्या इस पर तो बहस है, लेकिन बिखराया क्या, गिराया क्या, यह सब देख रहे हैं। अंतर यही है कि बड़े ही जतन से गढ़ी गई उनकी चेतना उन्हें इन बिखरावों, इन गिरावटों पर कूदने और हर्षित होने लायक ही बनाकर छोड़ती है।

# समतल हो गई दुनिया

बिल गेट्स (दुनिया के बहुत अमीर, माइक्रोसॉफ्ट के मालिक) कहते हैं कि माइक्रोसॉफ्ट में वे केवल एक ही बात जानते हैं: चार वर्षों में, उनके द्वारा बनाया गया प्रत्येक उत्पाद अप्रचलित हो जाएगा। एक मात्र सवाल यह है कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देगा या इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देगा। यदि माइक्रोसॉफ्ट इसे अप्रचलित कर देता है तो कंपनी फलेगी-फूलेगी। यदि इसका कोई प्रतिस्पर्धी इसे अप्रचलित कर देता है तो माइक्रोसॉफ्ट संकट में पड़ जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हम जब भी भवाली से हल्द्वानी जाते हैं, रास्ते की घड़ी बनाने की अपने समय की मशहूर एचएमटी कंपनी यही कहानी मुझे बार-बार याद दिलाती है। सब उजाड़ सा है वहां अब। ऐसे ही मेरे जिले रायबरेली की टेलीफोन फैक्ट्री। वहां पड़ोस के जनपद कानपुर की कपड़ा मिले। मोबाइल के क्षेत्र में नोकिया, जो समय के साथ नहीं दौड़ेगा, वह पिछड़ जाएगा। वैसे अब दुनिया समतल हो गई है और दुनिया के दृष्टिकोण से देखें तो मैन्यूफैक्चर सेक्टर में देश पिछड़ रहा है। चीन तो बहुत आगे निकल ही गया था, अब कपड़ा उद्योग में बांग्लादेश कमाल कर रहा है, हमसे बहुत आगे हो गया, उसकी जीडीपी रफ्तार भी हमसे आगे है। अब कारण मत पूछिएगा, न आपको सुनते अच्छा लगेगा, न मुझे बताते।

## एक नजर

### मेडिकल स्टोर स्वामी पर हमले का आरोपी गिरफ्तार

**नहटौर, अमृत विचार :** पुलिस ने मेडिकल स्टोर स्वामी पर पेंचकस से हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। बता दें कि बुधवार शाम मोहल्ला अफगानान मक्खन सिंह मार्केट निवासी मेडिकल स्टोर स्वामी राजेंद्र कुमार पर ग्राम फरीदनगर निवासी सचिन ने उस समय पेंचकस से हमला कर दिया था, जब वह अपने मेडिकल स्टोर में बैठा हुआ था। स्वयं को घिरा देखकर आरोपी मौके पर बाइक छोड़कर फरार हो गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से बाइक को कब्जे में ले लिया था। वहीं सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी को एसआई सुरेंद्र सिंह व कांस्टेबल सचिन मलिक ने एमकेडी स्कूल के पास से गिरफ्तार कर उसका सम्बंधित धाराओं में चालान कर दिया है।

### शोकसभा कर सलीम सिद्दीकी को श्रद्धांजलि दी

**नहटौर, अमृत विचार :** गुरुवार रात मोहल्ला पीर शहीद काला के मदरसा फैज उल उलूम में हाफिज अतहर हसन ने पत्रकार मरहूम सलीम सिद्दीकी को खिराजे अकीदत पेश करने के लिए शोकसभा हाफिज अतहर हसन की तिलावत के साथ शुरू की गई। गुलाम साबिर सिद्दीकी की अध्यक्षता तथा रईस उस्मानी के संचालन में शोकसभा में अनवर सिद्दीकी, रियासत बोंटिस, जावेद जाट, शमीम अहमद, असद फारूकी, शरीफ सिद्दीकी, आसिफ फराज, विशाल अहमद, बहार आलम, मोहम्मद समर, राशिद सिद्दीकी, अमीर अहमद, मौ .नसीम, अब्दुल समद मौजूद रहे।

### डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की मांग

**नगीना, अमृत विचार :** जनसेवा ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने नगीना में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोलने की मांग की। संस्था के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी अवनीश त्यागी को ज्ञापन देते हुए कहा कि नगीना डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र खोले जाने की स्वीकृति कई वर्ष पूर्व हुई थी। लेकिन पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू नहीं हो सका। उन्होंने डाकघर में पासपोर्ट सेवा केंद्र शुरू कराने की मांग की। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष, परवेज पाशी, सोहेल अययूब, तलत मसूद, कुंवर नरजीत सिंह, मुजम्मिल अजीम, अर्जुन सिंह, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाले में गिरी स्कूल वैन, दो बच्चे घायल

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर हुआ हादसा

संवाददाता, स्योहारा



नाले में गिरी स्कूल वैन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बच्चों को ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल से ले जा रही स्कूल वैन सरकारी अस्पताल के बाहर नाले में जा घुसी। जिससे वैन में बैठे बच्चों में चीखपुकार मच गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने किसी तरह बच्चों को वैन से सकुशल बाहर निकाला। इस हादसे में मामूली रूप से घायल दो बच्चों की चिकित्सक से जांच कराई गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैन को नगर पालिका की जेसीबी से नाले से बाहर निकलवाया।

शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे मुरादाबाद धामपुर मार्ग पर स्थित ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल से बच्चों को लेकर जा रही निजी स्कूल वैन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नाले में जा घुसी। जिससे वैन में बैठे बच्चों में चीखपुकार मच गई। हादसे को देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह से बच्चों को वैन से बाहर निकाला। हादसे से वैन में बैठे बच्चे बुरी तरह से डर गए। हादसे में मामूली रूप से घायल दोनों बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिखाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। हादसे की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर पालिका की जेसीबी से स्कूल वैन को नाले से निकालवाया।

### दो बाइकों की टक्कर में एक युवक घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल के परिजनों को सूचित किया। । गांव भोजपुर सिकरी मार्ग पर शुक्रवार सुबह खेड़ी निवासी प्रियांशु (18) अपने भाई को खाना देकर एमडीएस स्कूल सीकरी से गांव लौट रहा था। तभी दूसरी ओर से आ रही बाइक से उसकी आमने सामने की टक्कर हो गई। जिससे प्रियांशु के सिर में चोट आई। वहीं दूसरी बाइक सवार व्यक्ति ग्राम सिकरी निवासी था उसको मामूली चोटें आईं। आसपास खेतों में काम कर रहे लोगों की मौके भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दी गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे प्रियांशु के परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### एनपीएस की पासबुक बनवाने की अपील

**बिजनौर, अमृत विचार :** अशासकीय माध्यमिक विद्यालय में 2005 के बाद नियुक्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से एनपीएस पासबुक को 15 दिनों में बनवाने के संबंध में जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को जिविनि रामाज्ञा कुमार एवं वित्त लेखा अधिकारी (माध्यमिक) आमिर खान द्वारा निर्देशित किया है।

अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रहास सिंह ने कहा कि विद्यालय स्तर पर एनपीएस पास बुक बनवाने से एनपीएस कटौती के रखरखाव में पारदर्शिता आएगी और कटौती की धनराशि का विषय में प्रत्येक शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को संतोषजनक जानकारी उपलब्ध रहेगी। जनपद के सभी एनपीएस धारक शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कटौती की पास बुक जिम्मेदारी के साथ बनवाने का कार्य करना चाहिए। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में निरंतर संघर्षरत है जो पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा।



संत रविदास के चित्र के समक्ष नमन करते छात्र-छात्राएं व शिक्षक। ● अमृत विचार

## संत रविदास ने समाज से कुरितियों को दूर किया

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में संत शिरोमणि रविदास की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें विद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने संत रविदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षाओं को याद किया।

शुक्रवार को विद्यालय में संत शिरोमणि रविदास की जयंती कार्यक्रम मां शारदा की वंदना के साथ शुरू किया गया। आचार्य टीकम सिंह ने कहा कि उनके आध्यात्मिक ज्ञान की श्रेष्ठता के कारण उन्हें संत शिरोमणि की उपाधि प्राप्त हुई। उन्होंने सामाज से कुरितियों को दूर करने के लिए कार्य किया। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य विनेषपाल सिंह ने जीवन के प्रसंगों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने सभी छात्र छात्राओं को संत रविदास के जीवन से प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में कपिल कुमार, जोगेंद्र सिंह, अनुज कुमार, दिनेश कुमार, गजेन्द्र कुमार, रंजना शर्मा, नीतू सिंह, परवेंद्र कुमार, नरेश कुमार व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**नगीना, अमृत विचार :** चलती ट्रेन से गिरकर 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जीआरपी चौकी प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि नगीना-पुरैनी रेलवे ट्रैक पर गांव हसनअलीपुर रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति का शव मिला था। माना जा रहा है कि व्यक्ति की ट्रेन से गिरकर मौत हुई होगी। हादसे की जानकारी मिलने पर जीआरपी ने नगीना पुलिस को सूचना दी और नगीना थाने की चित्तौड़गढ़ चौकी पर शव लेकर पहुंची वहां से शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया है। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से शव को पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की पहचान नहीं हो पाई। शव से पुलिस को कोई कागजात या आधार कार्ड या कोई और साक्ष्य नहीं निकला। जिससे शव की कोई पहचान हो।

## ठेकेदार को खनन का बकाया होने पर काली सूची में डाला

संवाददाता, बढ़ापुर

▸▸ जिलाधिकारी के आदेश पर हुई कार्रवाई, दो साल के लिए किया ब्लैक लिस्ट

**अमृत विचार :** खो नदी में खनन पट्टे की सीमा से बाहर खनन करने वाले मालपानी ट्रेडर्स के विरुद्ध करीब एक करोड़ रुपये की पेनल्टी लगाने और करीब दो करोड़ की धनराशि बकाया होने पर ठेकेदार को जिलाधिकारी के आदेश पर दो वर्ष के लिये ब्लैक लिस्ट कर दिया। शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम ने खनन के पट्टे को बंद करा दिया है।

थाना क्षेत्र के तहत खो नदी में खनन के लिये प्रशासन ने दो पट्टे आवंटित किए थे। जिनमें एक पट्टा नसीरुद्दीनवाला में मैसर्स मालपानी ट्रेडर्स के विकास माहेश्वरी निवासी मालगोदाम वार्ड 11 कोटद्वार को दिया गया था। यहां शिवम कुमार खनन निरीक्षक बिजनौर एवं राजस्व टीम ने खनन क्षेत्र का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें पता चला कि मैसेर्स मालपानी ट्रेडर्स ने खनन क्षेत्र का उल्लंघन किया। जिसमें लगातार तीन बार जांच करने पर 21 जनवरी को तहसीलदार नगीना को शिकायत मिलने पर नायाब तहसीलदार नगीना ने राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल प्रेमपाल सिंह के साथ मौके का निरीक्षण किया। जिसमें पता चला कि मालपानी ट्रेडर्स ने खनन क्षेत्र से बाहर जाकर खनन किया था। जिसके आधार पर बताया गया कि खनन में एक करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है और करीब दो करोड़ की धनराशि बकाया होने पर जिलाधिकारी ने कार्रवाई करते हुए खनन रुकवा दिया है और मामले में ठेकेदार को दो साल के लिए काली सूची में डाल दिया गया है।

## सार संक्षेप

### पशु चिकित्सालय के जर्जर भवन की मरम्मत शुरू

**नहटौर, अमृत विचार :** ब्लॉक परिसर स्थित पशु चिकित्सालय के जर्जर भवन करीब छह लाख रुपये से मरम्मत का काम शुरू हो गया है। ब्लॉक परिसर में 1960 में पशु चिकित्सालय बना था। वर्तमान में पशु चिकित्सालय का भवन जर्जर हो गया था। इसकी छत का प्लास्टर भी उखड़ रहा है और बारिश में छत टपकती है। इसी को लेकर ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत के माध्यम से करीब छह लाख रुपये आवंटित किए। ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने बताया कि पशु चिकित्सालय ब्लॉक के अंतर्गत आता है। इसका मरम्मत कार्य कराया जा रहा हैं। बरसात के मौसम से पहले कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। अनुराग चौधरी ने बताया कि पशु चिकित्सालय को सही कराने के लिए ब्लॉक प्रमुख से मांग की गई थी। जिसके तहत कार्य शुरू करा दिया गया हैं। फिलहाल पशु चिकित्सालय का काम राजकीय कृषि भंडार के भवन में किए जा रहे हैं।

### सड़क किनारे संतरों से भरा वाहन पलटा

**नहटौर, अमृत विचार :** संतरे भरकर ला रहा वाहन टायर फटने से सड़क किनारे खंदक में पलट गया। जिससे हजारों रुपये का नुकसान हो गया। स्योहारा थाना क्षेत्र के सहसपुर निवासी मोहम्मद कासिम अपनी पिकअप गाड़ी में पंजाब से संतरे भरकर सहसपुर जा रहा था। जब वह नहटौर-झालू मार्ग स्थित विधायक ओमकुमार के कैम्प कार्यालय के निकट पहुंचा तो अचानक वाहन का टायर फट गया। जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंदक में पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन वाहन पलटने से नुकसान हो गया है।

### विधायक ने किया आंबेडकर द्वार का शिलान्यास



शिलान्यास करते मनोज पारस।

**नगीना, अमृत विचार :** शुक्रवार को क्षेत्रीय सपा विधायक मनोज पारस ने एनएच 74 धामपुर मार्ग पर गोयल पब्लिक स्कूल के निकट 13 लाख रुपये से बनने वाले आंबेडकर द्वार का शिलान्यास किया। आंबेडकर द्वार के शिलान्यास से पहले कैंप कार्यालय पर प्रेस वार्ता में मनोज पारस ने कहा कि नगर पालिका द्वारा नगर में अनेक महापुरुषों के नामों सहित कुल 18 द्वार बनवाए। लेकिन आंबेडकर द्वार नहीं बनवाया। समाज की मांग पर उनके द्वारा विधायक निधि से 13 लाख से आंबेडकर द्वार बनवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहने के बावजूद भी वे लगातार क्षेत्र में विकास कार्य कराने में लगे हैं। इस दौरान मनोज पारस ने क्षेत्र में कराए विकास कार्य को भी गिनाया। इस अवसर पर रामदयाल, चंदपाल सिंह, शमशाद रशीद माहिगीर, कोमल सिंह, धर्मेंद्र पारस, अक्षेश पारस, विक्की जैन, शिवकुमार गोस्वामी, भूरे सिंह, सुहेल इकबाल, उस्मान कुरैशी, मास्टर हरपाल सिंह, भूरे सिंह,धर्मवीर आदि मौजूद रहे।



नगीना में डीवीएम महाविद्यालय में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

### छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन बांटे

**नगीना, अमृत विचार :** डीवीएम महाविद्यालय एवं टेक्निकल कॉलेज में प्रदेश सरकार की योजना के तहत स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख के पति विकास राजपूत, नीरज विश्नोई मंडल अध्यक्ष नगीना मुख्य अतिथि के रूप में रहे। डीवीएम महाविद्यालय में 197 छात्र-छात्राओं को मोबाइल का वितरण किया। मुख्य अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को मोबाइल का शिक्षा के क्षेत्र में सदुपयोग करने की बात की। कहा कि मोबाइल के उपयोग से अपने जीवन में नई-नई शिक्षा को ग्रहण करें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। इस मौके पर अध्यक्ष अमित गुप्ता, मोहित गुप्ता, शिव शंकर सक्सेना, अभिषेक अग्रवाल, गर्वित चौधरी, भूपेंद्र सिंह, गरिमा ठाकुर डॉ. ओपी सिंह, मुकेश कुमार, स्वाति, शहजाद, विकास कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### दो बकरियां और दो रसोई गैस सिलेंडर चोरी

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव फरीदपुर में चोर एक घर से दो बकरी, तीन बकरी के बच्चे, दो मुर्गी व दो रसोई गैस सिलेंडर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई हैं। गांव फरीदपुर निवासी नवाब अहमद ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि वह अपने घर में परिवार सहित कमरे में सोया हुआ था। घर के सहन में बकरियां बंधी हुई थीं। गुरुवार रात अज्ञात चोर दीवार फांदकर घर में घुस गए और दो बकरी, तीन बकरी के बच्चे, दो मुर्गियां दो, रसोई गैस सिलेंडर चोरी करके ले गए। जिसकी जानकारी उसे सुबह हुई। पीड़ित नवाब अहमद ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### खो नदी के किनारे मिला महिला का शव

**धामपुर, अमृत विचार :** गांव इब्राहिमपुर नारायण उर्फ वीरामपुर में खो नदी के किनारे एक महिला का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर नारायण उर्फ वीरामपुर के पूर्व प्रधान रघुनाथ सिंह ने पुलिस को सूचना दी खो नदी के किनारे एक महिला का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई। शव की पहचान थाना शेरकोट मोहल्ला काजी सराय निवासी हसीना के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### होमगार्ड ने शिकायतकर्ता को बाजार में पीटा

**किरतपुर, अमृत विचार :** पिता का होमगार्ड से अपनी पुत्री से की गई छेड़छाड़ की शिकायत करना भारी पड़ गया। होमगार्ड ने शिकायतकर्ता की बाजार में डंडे से पिटाई कर दी। थाना क्षेत्र के बहादरपुर ग्राम निवासी नवबहार थाने में होमगार्ड हैं। उसकी ड्यूटी नगर के जैन चौराहे पर लगी थी। शुक्रवार को उसके ही ग्राम निवासी व्यक्ति ने उसके द्वारा अपनी पुत्री से छेड़छाड़ की शिकायत होमगार्ड नवबहार से की तो होमगार्ड ने उससे हाथापाई और शिकायकर्ता को चौराहे पर ही लाठीडंडों से पीट दिया। पीड़ित ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। मामले की जांच कर कार्यवाही करेंगे।

### अभद्र टिप्पणी में दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

**नहटौर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया सिख प्रतिनिधि बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष के बारे में दो युवकों द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप पर अभद्र टिप्पणी व आपत्तिजनक पोस्ट के मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के गांव फलौदी निवासी सुरेंद्र सिंह फलौदिया ऑल इंडिया सिख प्रतिनिधि बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक व्हाट्स एप ग्रुप राजनीतिक बिरादरी मंच के नाम से संचालित है। उक्त ग्रुप पर उनके बारे में आपत्तिजनक पोस्ट, गालीगलौज व धमकी भरे मैसेज किए गए है। इससे उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहा है। आरोप है कि उक्त ग्रुप के एडमिन ने प्रार्थी की बिना अनुमति के ग्रुप में जोड़ लिया। 21 फरवरी की रात को दोनों आरोपियों ने प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए मैसेज किया। सुरेंद्र सिंह फलौदिया ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बबी सिंह गुजराल, नरपेंद्र सिंह उर्फ सचिन पर रिपोर्ट दर्ज की जांच शुरू की दी है।

### तीन युवकों के विवाद में रिपोर्ट दर्ज

**किरतपुर , अमृत विचार :** नगर स्थित मोहल्ला हसनपुरा निवासी दो युवकों में किसी बात को लेकर एक युवक से कहासुनी हो गई। विवाद के दौरान मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। जिसको देख दोनों युवक दूसरे युवक को जान से मारने की धमकी देता हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने थाना प्रभारी को नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार रात नगर स्थित मोहल्ला हसनपुर निवासी फैजुल पुत्र अशरफ अपने घर जा रहा था। तभी मोहल्ले के ही नासिर पुत्र नौशाद व जुबेर फैजुल से गाली गलौज करने लगे। जिसका उसने विरोध किया तो वहां मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। तब दोनों युवक नासिर व जुबैर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। पीड़ित फैजुल ने थाना प्रभारी को नामजद प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने तहरीर के आधार पर दोनों युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## रामपुर-अमरोहा

# शत्रु संपत्ति मामले में टली सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शत्रु संपत्ति पर कब्जा करके जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने के मामले में शुक्रवार को गवाह नहीं आने पर सुनवाई टल गई। अब इस मामले में पांच मार्च को सुनवाई होगी। इस मामले में सपा नेता आजम खां, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खां और पत्नी डॉ. तजीन फात्मा व चमरौआ के विधायक नसीर अहमद खां समेत 14 लोगों के खिलाफ पिछली तारीख पर कोर्ट में आरोप तय कर दिए गए थे।

सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें शत्रु संपत्ति कब्जाने का भी मामला है। यह मामला सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अल्लामा जमीर रिजवी ने अजीमनगर थाने में दर्ज कराया था इसमें शत्रु संपत्ति को जौहर यूनिवर्सिटी में शामिल करने का आरोप है। जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन जौहर ट्रस्ट करता है। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जौहर ट्रस्ट के चेयरमैन आजम खां समेत अन्य सदस्यों को नामजद किया था। पुलिस ने जांच पूरी कर कोर्ट में आजम खां, उनके बड़े बेटे अदीब आजम, छोटे बेटे अब्दुल्ला आजम, पत्नी डा. तजीन फात्मा, चमरौआ से विधायक नसीर अहमद खां, जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सलीम कासिम, मुख्ताक अहमद सिद्दीकी, निकहत अखलाक, जेडआर सिद्दीकी, फसी जैदी, सैयद गुलाम रिजवी, रहमत हुसैन जैदी, वसीम रिजवी, उबैद उल हक, मसूद खां गुड्डू के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। शुक्रवार को गवाह नहीं आने के कारण सुनवाई टल गई। अब पांच मार्च को सुनवाई होगी।

### डूंगरपुर के चार मामलों में कोर्ट में हुई सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के तीन मामलों में शुक्रवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष ने सफाई साक्ष्य में दस्तावेज प्रस्तुत किए। कोर्ट ने बहस के लिए 26 फरवरी, एक और पांच मार्च की तारीख लगाई हैं। डूंगरपुर बस्ती में रहने लोगों ने 2019 में गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इनमें पूर्व मंत्री आजम खां के इशारे पर मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी से ध्वस्त करने का आरोप था। इन मुकदमों में आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत कई आरोपी हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हुई। बचाव पक्ष ने सफाई में साक्ष्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा डूंगरपुर के एक मामले में विवेचक आरके गौतम से जिरह हुई। अब इस मामले में 28 फरवरी को सुनवाई होगी।

### जल्द चालू होगा खाद बनाने का प्लांट

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर में कचरे की समस्या से निजात दिलाने के लिए स्थाई टचिंग ग्राउंड और कचरा निस्तारण के लिए पालिका की ओर से टेंडर निकाला गया है। नगर पालिका के अधिकारियों का दावा है कि यह जल्द ही चालू हो जाएगा।

शहर में 43 वार्ड हैं। इनसे प्रतिदिन 161 टन कचरा अस्थाई टचिंग ग्राउंड में डाला जाता है। रामपुर में प्रवेश करते ही इसकी दुर्गंध का लोगों को सामना करना पड़ता है। इसके लिए पालिका की ओर से शहजादनगर में जमीन लेकर प्लांट के लिए काफी समय पहले काम शुरू किया गया था। लेकिन किन्ही कारणों की वजह से निर्माण कार्य अधर में लटका हुआ है। ऐसे में प्लांट को चालू करने के लिए टेंडर निकाला गया है।

## बेटियों की हत्यारोपी मां को पुलिस ने भेजा जेल

संवाददाता, स्वार



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी संतोष।

**अमृत विचार :** दो बच्चियों की गला घोंटकर हत्या करने के बाद खुद को घायल करने वाली हत्यारोपी मां को पुलिस ने जेल भेज दिया। पुलिस ने दोनों बहनों की हत्या में प्रयुक्त रस्सी भी बरामद कर ली है।

गांव लच्छीवाला का मझरा खेमवाला निवासी अरविंद की गर्भवती पत्नी संतोष ने 18 फरवरी की रात को किसी समय अपनी बेटी नौ वर्षीया रोशनी व पांच वर्षीया महक की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने पेट में दराती घोंपकर आत्महत्या का प्रयास किया था। परिजनों ने कमरे खिड़की की जाली काटकर लहूलुहान महिला को सीएचसी में भर्ती कराया था। दो बच्चियों की हत्या करने की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया था। घायल महिला की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। महिला की हालत मे सुधार होने पर रामपुर भेज दिया गया था। शुक्रवार को पुलिस ने बच्चियों की हत्या में प्रयुक्त रस्सी बरामद कर हत्यारोपी संतोष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



झील निर्माण कार्य का निरीक्षण करते राज्यमंत्री। ● अमृत विचार

## झील निर्माण का राज्यमंत्री ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने शुक्रवार को झील निर्माण कार्य का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को उच्चतम गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने चेतावनी भी दी कि किसी प्रकार की लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान पहुंचे नागरिकों ने मोहल्ला लक्ष्मीनगर व सोमवार बाजार को भी झील के लिए बनाए गए नए पुल से जोड़ने की अपील की। इस पर मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। ज्ञात रहे कि नगर क्षेत्र में हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क व भाखड़ा डैम के नजदीक बड़ी लागत से सुंदर झील का निर्माण शुरू किया गया है। इस दौरान भाजपा नेता चेतन पारुथी, हरजिंदर सिंह, मेजर सिंह, परमजीत कौर पोला, बलविंदर सिंह, अंगन लाल आदि मौजूद रहे।

### हेड कांस्टेबल के खाते से उड़ाए आठ लाख रुपये, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** बालामऊ रेलवे स्टेशन पर तैनात हेड कांस्टेबल के खाते से किसी ने मोबाइल नंबर बदलकर आठ लाख रुपये उड़ा लिए। जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने अपने रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

कासगंज के सोरों निवासी जहीर अहमद बालामऊ रेलवे स्टेशन पर हेड कांस्टेबल हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कहा था कि उनका खाता स्टेट बैंक की मुख्य ब्रांच में है। कुछ दिन पहले किसी ने उनके मोबाइल का नंबर बदल दिया। यह जानकारी होने पर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी से शिकायत की, जिसके आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सामूहिक विवाह के आवेदनों के सत्यापन को टीम गठित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए ऑनलाइन मिले आवेदनों का सत्यापन जोर-शोर से चल रहा है। ब्लॉक स्तर पर खंड विकास अधिकारी और शहर में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के निर्देशन में सत्यापन कर रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर भौतिक सत्यापन करने पर आवेदनों में कई तरह का धांधली मिल रही हैं। इसके मद्देनजर अधिशासी अधिकारी ने सत्यापन के लिए विशेष टीम का गठन किया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सत्यापित आवेदन की फिर से जांच करने की बात कही है।

ब्लॉक शाहबाद में 112 आवेदनों के सापेक्ष 64 आवेदन ही जांच में सही मिले। इसमें 48 अपात्र मिले। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए जुलाई 2023 से आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। अब तक जिला कार्यालय को लगभग 6000 आवेदन पोर्टल पर मिले हैं। जिला कार्यालय स्तर पर अभी एक भी सत्यापन नहीं हुआ है। ग्रामीण स्तर पर खंड विकास अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र के आवेदनों का सत्यापन अधिशासी अधिकारी कर रहे हैं। वहां से सत्यापित होने के बाद फिर आवेदनों की जांच होगी। वहीं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शहरी क्षेत्र से 900 लोगों ने आवेदन किए हैं। इनके सत्यापन के लिए टीम का गठन कर दिया गया है। तीन सफाई इंस्पेक्टर एवं छह लिपिक को सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। तीन-चार दिन में सत्यापन पूरा होने का अनुमान है।

### खनन कारोबार के नाम पर पूर्व ब्लाक प्रमुख ने ठगे 70 लाख रुपये

**गजरौला, अमृत विचार :** बालू खनन का कारोबार करने के नाम पर पूर्व ब्लाक प्रमुख ने 70 लाख रुपये की ठगी कर ली।

शहवाजपुर डोर गांव निवासी मोहित कश्यप की मोहम्मदाबाद गांव निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो से जान पहचान थी। मुमताज अली ने मोहित से बालू खनन का पट्टा लेने की बात कही। इसके बाद मुमताज व उसके साथी को कई बार में 70 लाख रुपये मोहित ने दिए। बाद में उसने मुनाफे के रुपये मांगे तो मुमताज टालमटोल करता रहा। आरोप है कि 17 दिसंबर को मुमताज साथी के साथ मोहित के घर पहुंचा तथा तमंचा तान दिया तथा रुपये देने से मना कर दिया। इसकी तहरीर मोहित ने पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मुमताज अली उर्फ हाजी भुट्टो व उसके साथ मोमीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# कैसे होगी रिकवरी, अब्दुल का घर नजूल भूमि पर तो शिक्षण संस्थाएं ट्रस्ट के नाम

## बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की काटी आरसी, खातों की जानकारी जुटाई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा दंगे के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक की आरसी तो काट दी गई है लेकिन प्रशासन के लिए वसूली करना उतना ही मुश्किल हो रहा है जितना पुलिस के लिए मलिक को पकड़ना है। अब प्रशासन वसूली के लिए मलिक की अचल संपत्ति और बैंक खातों की जानकारी जुटा रहा है।

नगर निगम ने बीती 8 फरवरी को कंपनी बाग, बनभूलपुरा में हुए बवाल में अब्दुल मलिक को मुख्य आरोपी मानते हुए नगर निगम की जेसीबी, वाहनों व अन्य उपकरणों की क्षतिपूर्ति के लिए 2.44 करोड़ की आरसी काटी थी। जिला प्रशासन ने इसकी संस्तुति करते हुए तहसील को भेजी। बीते गुरुवार को आरसी हल्द्वानी तहसील पहुंच गई। शुक्रवार को साइटेशन काट दिया गया। वहीं, तहसील प्रशासन ने वसूली के लिए चल-अचल संपत्ति की जांच शुरू की। पुलिस पूर्व में ही अब्दुल मलिक की चल संपत्ति कुर्क कर चुकी है, इसलिए तहसील प्रशासन ने अचल संपत्ति कुर्की की योजना बनाई। जब उसकी संपत्ति की जांच की गई तो तहसील प्रशासन के अधिकारी दंग रह गए। उसकी आजाद नगर लाइन नंबर-8 स्थित आलीशान कोठी भी नजूल भूमि पर बनी हुई है। इस भूमि को फ्रीहोल्ड नहीं कराया गया है।

मलिक के जितने भी शिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं, सभी मरियम ट्रस्ट के नाम से संचालित हो रहे हैं। मलिक के नाम कोई भी वैध अचल संपत्ति नहीं मिल सकी है। ऐसे में प्रशासन को समझ नहीं आ रहा है कि मलिक से वसूली कैसे की जाए। अब प्रशासन मलिक की चल-अचल संपत्तियों, बैंक खातों की जानकारी लेने में जुट गया है।

> अब्दुल मलिक का साइटेशन काट दिया गया है। तहसील प्रशासन मलिक की चल अचल संपत्तियों का ब्योरा जुटा रहा है। संपत्तियों के मिलने के बाद ही वसूली की कार्रवाई की जाएगी।
> –परितोष वर्मा, एसडीएम हल्द्वानी

### रुपये बांटने वाले सलमान का एनजीओ होगा सीज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** हैदराबाद निवासी एक एनजीओ संचालक पर पुलिस ने कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। सलमान खान की हैदराबाद से आकर बनभूलपुरा में रुपये बांटते हुए वीडियो वायरल हुई थी। वीडियो में वह आपत्तिजनक बातें बोलता हुआ भी नजर आ रहा है। सलमान का बैंक खाता और एनजीओ सीज करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। हैदराबाद निवासी सलमान खान बनभूलपुरा पहुंचा। उसने अपने हल्द्वानी आगमन पर भी सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट की थी। बनभूलपुरा पहुंचने पर उसने लोगों को बैग में रखे रुपये बांटना शुरू कर दिए। इससे जुड़ी वीडियो भी सोशल मीडिया पर प्रसारित की गईं। 20 फरवरी को पुलिस ने सलमान को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। हालांकि कुछ ही घंटे बाद उसे छोड़ दिया गया। सलमान की ओर से जारी किए गए वीडियो में दंगाइयों का समर्थन किया जा रहा है। साथ ही तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर पोस्ट की गईं हैं। साथ ही उन वीडियो पर कमेंट भी काफी आपत्तिजनक किए गए हैं।

## एक नजर

### यूक्रेन के विश्वविद्यालय से रुविवि ने किया एमओयू

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब यूक्रेन के सुमी स्टेट विश्वविद्यालय में जाकर और वहां के विद्यार्थी यहां आकर पढ़ाई कर सकेंगे। शुक्रवार को कुलपति समिति कक्ष में दोनों विश्वविद्यालयों के बीच एमओयू (समझौता ज्ञापन) हुआ। एमओयू के दौरान कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन मात्र एक कागजी कार्रवाई होकर नहीं रहना चाहिए बल्कि इसके अंतर्गत दोनों ही विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, छात्रों एवं शोधार्थियों को इसका लाभ होना चाहिए।

### आज हापुड़ में निकाली जाएगी शोभायात्रा

**हापुड़, अमृत विचार :** समिति के प्रधान नरेश कुमार भाटी ने बताया कि शनिवार को संत शिरोमणि रविदास जयंती पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मीनाक्षी रोड के भीमराव अंबेडकर पुस्तकालय से प्रारंभ होकर नगर के मीनाक्षी रोड, गढ चुंगी, पक्का बाग, चंडी मंदिर, गोल मार्केट, कोठी गेट, बुलंदशहर रोड से होते हुए कोटला मेवतियां स्थित गुरु रविदास मंदिर तक निकाली जाएगी। इसमें हापुड़ शहर के सभी व्यक्तियों को निमंत्रण दिया गया है। मुख्य अतिथि विनोद सागर अध्यक्ष सम्राट ग्रुप व तीर्थ सागर इंडस्ट्रीज हापुड़ फीता काटकर शोभायात्रा का आरंभ करेंगे।

### विधायक ने संत रविदास गेट का किया उद्घाटन

**हापुड़, अमृत विचार :** संत शिरोमणि रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला कोटाला मेवतियान के मुख्य द्वार पर नवनिर्माण संत गुरु रविदास जी के नाम पर बने गेट का उद्घाटन सदर विधायक विजयपाल आढती ने किया। गेट की लंबाई 5 .50 मीटर व अनुमानित लागत 3 .176 लाख बताई गई। मोहल्ला कोटाला मेवतियान में स्थित संत गुरु रविदास मंदिर के संचालक कलवा राम ने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर सत्संग का आयोजन किया जाता है।

### गुजरात में बरेली के युवक की मौत, हत्या का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** सुभाषनगर थाना क्षेत्र के गांव अंगूरी टांडा के शब्बू (19) की सूरत, गुजरात में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। युवक के पिता ने गांव की ही युवती और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए एसएसपी को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।



कादराबाद में मौजूद सीओ, एसडीएम व कोतवाल। ● अमृत विचार

## अनुमति न मिलने पर नहीं निकली राम बरात, पुलिस बल रहा तैनात

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव कादराबाद में प्रशासन से अनुमति न होने के कारण राम बरात नहीं निकाली जा सकी। हालांकि राम बरात को लेकर पुलिस बल तैनात रहा।

गांव कादराबाद में आदर्श रामलीला कमेटी मां चामुंडा मंदिर की ओर से ब्रज धाम से आए कलाकार रामलीला का मंचन कर रहे हैं। राम बारात पिछले शुक्रवार को निकली थी, लेकिन अनुमति नहीं मिलने पर प्रशासन ने इसे रोक दिया। 23 फरवरी यानी शुक्रवार को राम बरात निकलने की बात कही गई। एसडीएम रमेश बाबू, सीओ आलोक कुमार सिद्धू एवं थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह भी गांव में रहे।

एसडीएम ने बताया कि अनुमति न होने के कारण राम बरात नहीं निकल सकी। कमेटी अध्यक्ष दयाराम सिंह ने कहा कि रामलीला की अनुमति है, लेकिन राम बारात निकालने की अनुमति नहीं मिल पाई है।

## सड़क हादसे में छात्र की मौत, साथी घायल

**बाजपुर, अमृत विचार :** पेट्रोल पंप के पास डंपर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार बीए प्रथम वर्ष के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। छात्र के भाई ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

ग्राम रानीनांगल फौजी कालौनी निवासी किशन चौहान पुत्र स्व. बसन्त चौहान ने मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि गुरुवार को दिन में करीब 11 बजे उसका भाई आदर्श चौहान अपने मित्र विशाल के साथ बाइक पर पीछे बैठकर घर को आ रहा था। जैसे ही भाई व विशाल फौजी कालौनी स्थित पेट्रोल पम्प से पेट्रोल डलवाकर घर के लिए निकले तो डम्पर संख्या यूके 08सीवी2411 के चालक ने तेज गति से पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। जिससे दोनों को काफी गम्भीर चोटें आईं। स्थानीय लोग घायलों को जिला उप अस्पताल में लाए जहां डॉक्टरों ने आदर्श चौहान को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक चंपर को छोड़कर भाग गया।

## रिकार्डिंग की वजह से एमबीबीएस परीक्षा का बदला गया कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस परीक्षा का शुक्रवार को एक बार फिर से कार्यक्रम बदल दिया है। एमसीआई (मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया) ने परीक्षा के दौरान रिकॉर्डिंग के निर्देश जारी किए हैं, जिसकी वजह से विश्वविद्यालय ने नए कार्यक्रम जारी कर परीक्षा केंद्रों प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।

एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रोफेशनल भाग एक और दो की मुख्य और पूरक परीक्षा 28 फरवरी से शुरू हो रही है। चार मेडिकल कॉलेजों की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक परीक्षा की तिथि की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और इसकी सीडी बनाकर उपलब्ध कराई जाएगी। वीडियो रिकॉर्डिंग की वजह से प्रश्नपत्रों के बीच में अंतर किया गया है। अब परीक्षा 28 फरवरी से 13 मार्च तक होंगी।

## 3073 छात्र-छात्राओं ने दी हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन शुक्रवार को प्रथम पाली में 2646 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2514 ने परीक्षा दी। 132 गैर हाजिर रहे। द्वितीय पाली में 600 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 559 में परीक्षा दी, जबकि 41 परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

जनपद के परीक्षा केंद्रों पर दूसरे दिन प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र इंटरमीडिएट के छात्र परीक्षा देने केंद्रों पर पहुंचे। तलाशी के बाद परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र के 2646 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2514 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 132 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। द्वितीय पाली में हाईस्कूल की संगीत गायन परीक्षा में 93 पंजीकृत परीक्षार्थी में से 89 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि चार परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

इंटरमीडिएट की सामान्य आधारिक विषय की परीक्षा में 507 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 470 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। जबकि 37 परीक्षार्थी ने परीक्षा छोड़ दी। डीआईओएस बेदराम ने सभी परीक्षा केंद्रों पर नकल विहीन परीक्षा होने का दावा किया है।

### परिषदीय स्कूलों में 16 को शुरू होंगी परीक्षाएं

**गुन्नौर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी हो गया है। 16 मार्च से शुरू होकर परीक्षाएं 21 मार्च को संपन्न होंगी। डायट में प्रश्न पत्र तैयार होंगे। 50 नंबर के प्रश्न पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय प्रश्न होंगे। कक्षा एक की परीक्षा मौखिक होगी और कक्षा दो से पांच तक के छात्रों को मौखिक के साथ साथ लिखित परीक्षा भी देनी होगी।

## सार संक्षेप

### बिजली के तारों में उलझकर पीआरडी जवान घायल

**बबराला, अमृत विचार :** नगर के इंदिरा चौक पर कैंटर में फंसे विद्युत तारों में उलझकर यातायात पुलिस का पीआरडी जवान घायल हो गया। खंभों पर तार कस रहे दो मजदूर बाल-बाल बच गए। चौराहे पर अफरातफरी मची रही। इंदिरा चौक पर बिजली विभाग की नगर निकाय योजना के तहत 11 हजार क्षमता विद्युत लाइन के तार बदले जा रहे हैं। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे ठेकेदार के मजदूर चौराहे के दोनों ओर नए तार लगा रहे थे। अचानक अनूपशहर की ओर से आए तेज रफ्तार कैंटर में बिजली के मोटे तार फंस गए। ड्यूटी कर रहा यातायात पुलिस का पीआरडी जवान डंबर सिंह तारों में उलझ कर काफी दूर घिसटता चला गया। नजारा देखकर लोगों ने शोर मचाया और भाग कर कैंटर को रुकवाया। विद्युत खंभों पर चढ़कर काम कर रहे मजदूर गिरने से बाल-बाल बच गए। घायल पीआरडी जवान डंबर का निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।

### जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**संभल, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने ईवीएम और वीवीपैट का रखरखाव देखा। कहा कि निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का शत प्रतिशत पालन किया जाए। अधिकारियों से कहा कि वेयर हाउस का गाइडलाइन के अनुसार निरीक्षण किया जाए। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, नोडल अधिकारी चकबंदी मातवर सिंह, लोक निर्माण विभाग के एई संतोष सिंह, आरईडी विभाग के एई आयुष गुप्ता, डीआरडीए के कमलकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का संचालन शुरू

**चन्दौसी, अमृत विचार :** प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति चन्दौसी दक्षिण के अंतर्गत विकास खंड बनियाखेड़ा में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का लोकार्पण किया गया। उप आयुक्त एवं उप निबंधक सहकारिता मुरादाबाद विक्रम सिंह ने फीता काट कर लोकार्पण किया। समिति के सचिव उमेश कुमार ने संचालित जन औषधि केंद्र, कामन सर्विस सेंटर, ऋण वितरण, वसूली तथा समिति की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। समिति के सभापति नवनीत सक्सैना ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान उपाध्याय वीरेंद्र प्रकाश, जयप्रताप सिंह, राजेश कुमार त्रिपाठी, महेश पाल संह, सुनील कुमार, तनुज कुमार, महेश चंद्र सागर आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें दोनों बाइकों के चालक घायल हो गए। इनमें एक की हालत गंभीर होने पर अलीगढ़ रेफर किया गया। क्षेत्र के गांव बाघऊ निवासी इलियास तेजाब बेचने का काम करता है। शुक्रवार रात करीब साढ़े सात बजे इलियास गुन्नौर में तेजाब सप्लाई कर बाइक से गांव लौटने लगा। वहीं बदायूं जिले के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव कूबरी निवासी दुर्गेश बबराला से बाइक द्वारा गांव जा रहा था। बबराला रोड पर पेट्रोल पंप के पास दोनों बाइकों में सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे इलियास और दुर्गेश घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इलियास की हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ के लिए रेफर कर दिया गया।



प्रमाण पत्र दिखातीं योजनाओं की लाभार्थी। ● अमृत विचार

### योजनाओं के लाभार्थियों को बांटा प्रमाण पत्र

**हापुड़, अमृत विचार :** स्वर्ग आश्रम रोड स्थित देव लोक कॉलेनी बूथ संख्या-108 पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा छवि दीक्षित ने महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं के पत्रक वितरण किए गए। छवि दीक्षित ने महिलाओं को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। लोकसभा चुनाव में महिलाओं को आगे बढ़कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### खेत में आग लगने से झुलसी महिला की मौत

**शेरगढ़, अमृत विचार :** शेरगढ़ के गांव नगरिया कला में गुरुवार शाम खेत में अलाव तापते समय गन्ने के खेत में आग लग गई। आग बुझाने के दौरान बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गई। गांव नगरिया कलां निवासी शशि देवी (60) पत्नी स्वर्गीय मुन्नालाल गुरुवार के दिन किच्छा नदी की तलहटी स्थित अपने खेत को देखने गई थी। उसके साथ में नाती और नातिन भी थे। ठंड होने पर वह अलाव जलाकर तापने लगीं।

## मां ने तालाब में फेंकी थी 15 दिन की बच्ची, बेटी पर लिखाई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ पति से विवाद के बाद महिला ने की थी वारदात, गुनाह कबूला

**अमृत विचार :** नवजात बेटी को तालाब में फेंककर हत्या करने के आरोप में एक पिता ने अपनी बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। उसने बेटी को तालाब में फेंकने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपी महिला को जेल भेजकर जांच शुरू कर दी है। अलापुर क्षेत्र के गांव जगत के डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क के पास एक तालाब में 20 फरवरी को 15 दिन की नवजात बच्ची का शव उतराता मिला।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव निवासी श्रीपाल भारती की बेटी प्रियंका की नवजात बेटी प्रिया दो दिन से गायब है। शव उस बच्ची का हो सकता है। पुलिस ने श्रीपाल भारती को मौके पर बुलाया। उन्होंने नवजात को पहचान लिया। नवजात के तालाब तक पहुंचने पर अनभिज्ञता जाहिर की तो पुलिस ने प्रियंका के पति गांव कुंडेली निवासी विनोद को मौके पर बुलाया। विनोद ने पुलिस को बताया कि 17 को उसका प्रियंका से विवाद हो गया था। 19 को वह बोली कि उसने बच्ची को तालाब में फेंक दिया है। श्रीपाल ग्रामीणों के साथ तालाब पर पहुंचे लेकिन बच्ची नहीं मिली थी। विनोद ने पत्नी प्रियंका पर नवजात बच्ची को उसी दिन तालाब में फेंकने का आरोप लगाया था। पुलिस ने प्रियंका से सख्ती से पूछताछ की। तो उसने अपनी बच्ची को तालाब में फेंकने की बात कबूल की। गुरुवार को श्रीपाल ने प्रियंका के खिलाफ नवजात को डुबोकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

## अभिनेता समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** सपा नेता और फिल्म अभिनेता खालिद परवेज समेत चार लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इससे पहले भी भोपाल, ज्योतिबाफुले नगर, कन्नौज आदि में उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो चुकी हैं। 2022 में भोपाल पुलिस ने खालिद पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी के भाई की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सोथा निवासी आदिल परवेज ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि वह गांव आरिफपुर नवादा स्थित परवेज कोल्ड स्टोरेज में पार्टनर हैं। जिसमें उनका व उनकी मां परवीर अख्तर, भाई खालिद परवेज, साजिद परवेज का 25-25 प्रतिशत अंश था। मां की मौत हो गई। जिसके बाद तीनों भाई साझेदार बन गए थे।

## 20 हजार रुपये की रिश्वत लेता संविदा कर्मी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार निवारण संगठन (एंटी करप्शन) की टीम ने शाहदाना स्थित विद्युत उपकेंद्र से 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। अरविंद यह रिश्वत एसडीओ गौरव शर्मा के लिए ले रहा था। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर सुनील कुमार ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं रिपोर्ट दर्ज होने के बाद एसडीओ घर पर ताला लगाकर फरार हो गए।



एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार के मुताबिक इज्जतनगर के सैनिक कॉलोनी निवासी संविदा कर्मचारी अरविंद कुमार विद्युत उपकेंद्र शाहदाना स्थित कार्यालय में कार्यरत था। बारादरी के नवादा शेखान निवासी राकेश कुमार ने शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनके मकान और दुकान का डेढ़ लाख रुपये बिजली बिल बकाया होने के चलते कनेक्शन काट दिया गया था। उन्होंने ओटीएस योजना के अंतर्गत एक लाख दस हजार रुपये दिसंबर 2023 में एसडीओ गौरव शर्मा से बातचीत करने के बाद जमा किए थे।


### खोया-पाया

मेरी एक किता आराजी जिसका मूल बैनामा बही संख्या-1, जिल्द संख्या-8246, पृष्ठ संख्या-22 क्रमांक 7826 पंजीकृत दिनांक 25-11-2017 दिनांक 20-2-2024 को संभल तहसील जाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गया। जिस किसी को मिले सूचित करने का कष्ट करें। इकरार पुत्र साबिर, निवासी मौहम्मदपुर टांडा थाना संभल मोबाइल-9917278380

### सम्बन्ध विच्छेद

मैं मायादेवी पत्नी जगदीश निवासनी लक्ष्मीनगर थाना सिविल लाइंस रामपुर ने अपने पुत्र मोहित शर्मा उम्र 30 वर्ष एवम उसकी पत्नी अनुराधा शर्मा को उनके गलत चाल चलन, कृत्यों के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनका मेरे लक्ष्मीनगर स्थित मकान से कोई ताल्लुक नहीं रहेगा।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता ता है कि मैसर्स "नूर मोटर्स" माठखेड़ा रोड तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश नामक फर्म में दिनांक 01.04.2023 को मुर्शीद अली पुत्र श्री बन्दे अली निवासी संतनगर कॉलोनी तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश त्यागपत्र दिनांक 01.04.2023 से अलग हो गये हैं तथा दिनांक 01.04.2023 को अमन मुर्शीद पुत्र श्री मुर्शीद अली निवासी संत नगर तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर प्रदेश पार्टनर के रूप में शामिल हो गए हैं तथा उक्त फर्म पर अलग हुऐ पार्टनर की कोई लेनदारी व देनदारी बकाया नहीं है तथा अब वर्तमान में दो पार्टनर श्रीमती उषा उर्फ़ आयशा एवं अमन मुर्शीद रह गए हैं।

(अमन मुर्शीद) पार्टनर नूर मोटर्स
माटखेड़ा रोड तह0 बिलासपुर जिला रामपुर उ0 प्र0


कार्रवाई — धनराशि खर्च नहीं कर रहीं ग्राम पंचायत के सचिवों और प्रधान को कार्रवाई की चेतावनी

# स्वच्छता मिशन में पिछड़ी आठ पंचायतों को नोटिस

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार :** स्वच्छता मिशन में पिछड़ी आठ ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी किया गया। ये पंचायतें धनराशि दिए जाने के बावजूद भी स्वच्छता अभियान को सफल नहीं बना सकी। धनराशि खर्च नहीं कर पा रहे हैं। अब नोटिस जारी करने के साथ प्रधान व सचिव को कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत ग्राम पंचायत द्वारा रुचि नहीं लिए जाने को लेकर अब डीपीआरओ ने कड़ा रुख अपना लिया है। जनपद की ऐसी 8 ग्राम पंचायत को नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय की ओर से जारी किए गए नोटिस में बताया गया कि विकासखंड बनियाखेड़ा के असलतनगर जारई के प्रधान आरती देवी को 3467351 रुपये मिले, विकासखंड बहजोई की ग्राम पंचायत मऊ कठेर के प्रधान विष्णु दयाल को 31,15,648 रुपये, ग्राम पंचायत मझोला के प्रधान आले नवी को 49,51,778 रुपये, बनियाखेड़ा की गांव पंचायत कैथल के ग्राम प्रधान प्रेमचंद यादव को 74, 31,088 रुपये, जुनावई की ग्राम पंचायत कादराबाद की ग्राम प्रधान माला देवी को 34,06,007 रुपये, बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत बनियाखेड़ा में ग्राम प्रधान नईमुद्दीन को 37,81,453 रुपये गुन्नौर की ग्राम पंचायत मेहुआ हसनगंज की प्रधान रामवती को 33,73,632 रुपये, बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत गुमथल के प्रधान लक्ष्मी देवी को 44,59,342 रुपये को लेकर जबावदेही तय की गई है। आरोप है कि इन ग्राम प्रधानों व सचिवों ने स्वच्छता को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई। धनराशि का ज्यादातर हिस्सा अभी भी बैंकों में जमा है। जिसके चलते पंचायत सचिवों पर भी कार्रवाई हुई है।

▸▸ प्रधानों व सचिवों ने स्वच्छता को लेकर नहीं दिखाई दिलचस्पी

### इन सचिवों को दिया गया नोटिस

**बहजोई।** ग्राम पंचायत मेहुआ हसनगंज के ग्राम पंचायत अधिकारी महेश कुमार, कादराबाद के ग्राम पंचायत अधिकारी योगेंद्र कुमार, गुमथल के पंचायत सचिव ओमवीर सिंह, कैथल के पंचायत सचिव प्रेमपाल, असलतनगर जारई के पंचायत सचिव विपुल चौधरी, मझोला के पंचायत सचिव रमेशचंद्र, बनियाखेड़ा के पंचायत सचिव ओमवीर सिंह, मऊ कठेर के पंचायत सचिव रमेशचंद्र को नोटिस जारी करते हुए धनराशि नहीं खर्च करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

> जनपद की पंचायत को ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनराशि दी की गई थी। जिससे उन्हें स्वच्छता के अभियान में विशेष कार्य करने थे लेकिन वह न तो कार्य कर पा रहे हैं बल्कि उसके सापेक्ष धनराशि भी खर्च नहीं हुई है। जिसके चलते 8 ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव व प्रधान को नोटिस जारी किया गया है। जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –उपेंद्र कुमार पांडेय, डीपीआरओ



### ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक में माइक्रो मैनेजमेंट पर हुई विस्तृत चर्चा

# मोदी की गारंटी के साथ ग्राउंड जीरो पर काम करें कार्यकर्ता : बी एल संतोष

संवाददाता, अलीगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के शंखनाद से पहले भाजपा संगठन अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटा है। इसी को लेकर 23 फरवरी को ब्रज क्षेत्र के सभी 13 लोकसभा क्लस्टरों की बैठक अलीगढ़ में हुई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने संगठन के पदाधिकारी के साथ बैठक करते हुए करीब 30 बिंदुओं पर चर्चा की ।

रामघाट रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से इस बैठक का पहला सत्र शुरू हुआ। बीएल संतोष ने बैठक में मौजूद लोकसभा क्लस्टर जिला प्रभारी, क्लस्टर प्रभारी ,लोकसभा प्रभारी,



राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एल संतोष को स्मृति चिन्ह भेंट करते ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य एवं अलीगढ़ जिला अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह लाला व अन्य। ● अमृत विचार

लोकसभा संयोजक, लोकसभा विस्तारक, जिला अध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष, विधानसभा संयोजक व विधानसभा प्रभारी को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत जल्द ही आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। हमारी तैयारी जमीनी स्तर पर कितनी है हमें यह विश्लेषण करना होगा। बीएल संतोष ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी को

- **हर दरवाजे पर दस्तक देकर प्रत्याशी कमल का निशान बताएं**
- **मोदी की गारंटी के साथ मतदाता से मिलें कार्यकर्ता**

संबोधित करते हुए कहा की पिछले 10 वर्ष में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित और लोक हित में बहुत काम किए हैं।

सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जिन लाभार्थियों को मिला है क्या पार्टी कार्यकर्ता उनके संपर्क में है हमें निरंतर प्रत्येक मतदाता के संपर्क में रहने की आवश्यकता है हमें इस आत्मविश्वास से बचना चाहिए की हमने हाल ही में राम मंदिर का निर्माण हुआ है और राम मंदिर का निर्माण होने के बाद मतदाता हमसे पूरी तरह सहमत सहमत है और हमें मतदान करेगा । प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह चुनाव को किसी भी प्रकार से हल्के में ना लें चुनाव को पूरी गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक बूथ को मजबूत करना है। दो सत्रों में हुई बैठक के दौरान बीएल संतोष ने चुनाव के माइक्रो मैनेजमेंट पर चर्चा की।

उन्होंने एक-एक वोट की कीमत को पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को समझाया। लोकसभा प्रत्याशियों को लेकर उन्होंने कहा कि लोकसभा में प्रत्याशी कौन है यह पार्टी संगठन समय आने पर तय करेगा लेकिन प्रत्याशी एकमात्र कमल का फूल है जिसका प्रचार प्रत्येक कार्यकर्ता को घर-घर जाकर करना है । उन्होंने लाभार्थी संपर्क अभियान घर-घर गांव-गांव जाने के कार्यक्रम बूथ सम्मेलन लोकसभा संपर्क कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता के सामने पार्टी कार्यकर्ता को जाकर कमल के फूल का प्रचार करना है ।

बैठक में ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, ब्रज क्षेत्र महामंत्री राकेश मिश्रा , नागेंद्र सिकरवार, एटा लोकसभा प्रभारी नागेंद्र दुबे गामा, फिरोजाबाद लोकसभा संयोजक वृंदावन लाल गुप्ता, कासगंज जिला अध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी सहित ब्रज क्षेत्र के 13 लोक सभा क्षेत्रों के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## सार-संक्षेप

### 11 विभागों में जल्द शुरू होगी खेलकोटे की भर्ती

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश के 11 सरकारी महकमों में खेल कोट में होने वाली भर्ती फिर जल्द शुरू की जाएगी। इसके लिए खेल विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी विभागों में एक से दो प्रतिशत खिलाड़ियों भर्ती की जाएगी। खेल विभाग के अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 11 सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों की जानकारी मांगी गई हैं, जहां पर खिलाड़ियों की तैनाती की जा सकती है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को लेने के लिए जहां तमाम संस्थान तैयार रहते हैं वहीं राज्य और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की तैनाती नहीं हो पाती। ऐसे में इस बार राष्ट्र और राज्य स्तरीय खिलाड़ियों की तैनाती की जाएगी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार वन, परिवहन, खेल, पुलिस, सुरक्षा बल और रेलवे के साथ अन्य विभागों में तैनाती की जाएगी। अभी तक रेलवे और पुलिस और सुरक्षा बलों में खिलाड़ियों की तैनाती हो रही है। जिन विभागों में खेल कोटे में भर्ती नहीं हो रही है, उनके विभागाध्यक्षों से संपर्क किया जाएगा। खेल कोटे में खाली पदों की जानकारी ले कर उसे भरने के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। कई विभागों में पिछले तीन दशकों से खेल कोटे की भर्तियां नहीं हुई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से भी विभागों में खिलाड़ियों की तैनाती के लिए आदेश जारी किए गए हैं।

### मां ने प्रेमी से कराई थी बेटे की हत्या

**प्रतापगढ़,एजेंसी :** अवैध सम्बन्ध की जानकारी होने पर मां ने प्रेमी से मिलकर बेटे की हत्या करवा दी। दस दिन के अन्दर ही बाघराय पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए बच्चे के शव को बरामद कर लिया। घटना थाना क्षेत्र के बाघ राय के लच्छीपुर (जलालपुर) गांव की है। जलालपुर गांव निवासी कमलेश विश्वकर्मा की पत्नी अंजू देवी का प्रयागराज जिले के होलागढ़ क्षेत्र के अहिबी का पुरवा पुरवनारा निवासी पप्पू उर्फ अमरेष कुमार विश्वकर्मा से अवैध सम्बन्ध था। मृतक अमित (7) ने इसे देख लिया था और कहा था कि वह इसे पिता को बता देगा। तभी से दोनों हत्या की योजना बनाने लगे। 13 फरवरी को आरोपित अमरेस अपने रिश्तेदार जलालपुर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा के यहां शादी में गया था। मृतक की मां भी बेटे अमित के साथ वहां गयी थी। वहीं पर पप्पू ने योजना बनाकर अपने चार अन्य साथियों के साथ उसका अपहरण कर लिया। चारों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को सूखे नाले में एक गड्ढे में मिट्टी से ढक दिया। घटना की बाघराय थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट उसके पिता ने लिखाई थी। सुरागकशी करते हुए पुलिस ने अमरेश (पप्पू) को धर दबोचा। उसने पुलिस को बताया कि अमित ने मुझे अंजू के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था।

### विधान परिषद: 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

**लखनऊ, अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश विधान परिषद की खाली 13 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चार मार्च से मतदान शुरू होगा, जबकि मतदान 21 मार्च को होगा। इसी दिन परिणाम घोषित किये जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि परिषद के 13 सदस्यों का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है। इसी के मद्देनजर चुनाव कार्यक्रम घोषित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रत्याशियों के नाम-निर्देशन की अधिसूचना चार मार्च की जाएगी। इसी दिन से प्रत्याशी नामांकन शुरू कर सकेंगे। नामांकन की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद 14 मार्च तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। 21 मार्च को पूर्वान्ह 9 बजे से अपरान्ह चार बजे तक मतदान होगा। इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी। 5 मई को विप के इन सदस्यों का कार्यकाल होगा समाप्त- डॉ. महेंद्र सिंह, भाजपा, मोहसिन रजा, भाजपा, अशोक कटियार, भाजपा,अशोक धवन, भाजपा,बुक्कल नवाब, भाजपा,यशवंत, भाजपा,विजय बहादुर पाठक, भाजपा,विद्यासागर सोनकर, भाजपा,डॉ. सरोजिनी अग्रवाल, भाजपा,निर्मला पासवान, भाजपा,आशीष पटेल, अपना दल, नरेश उत्तम पटेल, सपा और भीमराव अंबेडकर, बसपा।

# पुलिस भर्ती बोर्ड को मिले पेपर लीक के 1500 सबूत

### जांच में लग रही है पेपर लीक के आरोपों पर मुहर, एक सप्ताह में बोर्ड ले सकता है बड़ा फैसला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों पर भर्ती को हुई परीक्षा में पेपर लीक संबंधी लगभग डेढ़ हज़ार सबूत शुक्रवार को ऑनलाइन बोर्ड के पास पहुंचे। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से गठित जांच समिति इन कथित सबूतों का परीक्षण करने के बाद जल्दी ही फैसला सुनाएगी। बोर्ड को समिति की रिपोर्ट और संबंधित कंपनी के जवाब का भी इंतजार है।

वहीं दूसरी ओर सूत्रों पर कान दें तो एसटीएफ भी अब दबी जुबान पेपर लीक के आरोपों पर मुहर लगा रही है। सूत्र तो यहां तक दावा कर रहे हैं, इस बाबत एसटीएफ की ओर से बोर्ड को अपनी जानकारी साक्षा की है। ऐसे में एक सप्ताह के भीतर बोर्ड की ओर से कोई बड़ा फैसला आने की उम्मीद जतायी जा रही है।

उधर, उप्र पुलिस भर्ती और प्रोन्नति बोर्ड के अफसरों से अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से शुक्रवार को मुलाकात की। सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को ज्ञापन दिया। साथ ही




प्रतिनिधिमंडल ने भर्ती बोर्ड को पेपर लीक के सबूत भी दिए। भर्ती बोर्ड के अफसर से मुलाकात के बाद बाहर निकले अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई करने के लिए आश्वासन दिया गया है।

**भर्ती बोर्ड ने मांगे थे साक्ष्य:** दरअसल, परीक्षा की शुचिता पर लगातार सवाल उठाए जा रहे थे। कथित पेपर लीक को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में धरना-प्रदर्शन भी होने लगे हैं। हालांकि कुछ दिन पहले ही मामले की जांच के लिए बोर्ड ने एडीजी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता एक कमेटी गठित की थी, लेकिन फिर भी परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराए जाने की मांग को लेकर लगातार प्रदर्शन की खबरें आ रही है। ऐसे में बोर्ड ने गुरूवार को पत्र जारी कर सभी से शुक्रवार की शाम छह बजे तक बोर्ड की मेल पर कथित पेपर लीक की बाबत साक्ष्य मांगे थे। साथ ही आश्वस्त किया है कि उन साक्ष्यों का परीक्षण करने के बाद अभ्यर्थियों के हित में फैसला किया जाएगा।

**परीक्षा से पहले ही पेपर व्हाट्सएप पर ?:** वहीं 18 फरवरी को दूसरी पॉली में हुई परीक्षा के दौरान पकड़े गए अभ्यर्थी सत्य अमन कुमार के पास से मिली हाथ से लिखी हुई नकल की पर्ची की पुसिलिया जांच भी पेपर लीक होने के आरोपों पर मुहर लगाती है। मोहनलालगंज में तैनात इंस्पेक्टर की ओर परीक्षा अधिनियम में दर्ज कराई एफआईआर की तहरीर में लिखा गया कि हस्तलिखित प्रश्न पत्र जो परीक्षार्थी के मोबाइल पर आया है, उसका मिलान परीक्षार्थी की मूल प्रश्न पुस्तिका से किया गया तो प्रश्न संख्या अलग-अलग है, लेकिन प्रश्न सभी मैच कर रहे हैं। पकड़े गए अभ्यर्थी ने पुलिस की पूछताछ में कबूला था कि उसके दोस्त ने व्हाट्सएप पर उसे पेपर परीक्षा से पहले ही भेज दिया था जिसकी पर्ची उसने तैयार की थी1

### पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त करने की मांग को लेकर आंदोलन जारी

**प्रयागराज, एजेंसी :** प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक होने के विरोध में प्रतियोगी छात्रों का आंदोलन यहां उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के गेट के सामने शुक्रवार को जारी रहा। प्रतियोगी छात्र अभिनव द्विवेदी ने संवाददाताओं से कहा, "समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के खिलाफ जारी आंदोलन में हमारी मांग है कि यह परीक्षा निरस्त की जाए और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत को हटाया जाए।

### अभ्यर्थियों से पेपर लीक का साक्ष्य मांगना तानाशाही

**प्रयागराज, अमृत विचार :** समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) की प्रारंभिक परीक्षा-2023 पेपर लीक मामले को लेकर अभ्यर्थियों का चल रहा विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। शुक्रवार को हजारों की संख्या में पहुंचे अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग गेट के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर हंगामा करने लगे। आयोग की सूचना पर पहुंचे एसीपी सत्येन्द्र तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और आयोग गेट के साथ रास्ते को अवरुद्ध कर दिया। एसीपी अभ्यर्थियों को समझाते रहे, लेकिन प्रदर्शनकारी दोबारा परीक्षा कराये जाने की मांग पर अड़े रहे,हंगामा करते रहे। अभ्यर्थियों में आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। 11 फरवरी को आरओ/एआरओ का पेपर लीक हुआ था। जिसको लेकर अभ्यर्थी लोक सेवा आयोग के गेट पर पहुंचकर पेपर को रद्द करने की मांग कर रहे थे। इसके बाद आयोग के द्वारा नोटिस जारी कर साक्ष्य मांगा गया था। साक्ष्य प्राप्ति के बाद भी आयोग की तरफ से कोई निर्णय नहीं लिया गया। आयोग के इस रवैये को अभ्यर्थियों ने तानाशाही माना है। आयोग की उदासीनता से अभ्यर्थी लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को करीब 5 हजार से अधिक अभ्यर्थी आयोग गेट पर पहुंचकर हंगामा करने लगे। भीड़ व बवाल देख आयोग ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे एसीपी सत्येंद्र तिवारी ने फोर्स के साथ पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। अभ्यर्थियों का कहना कि पहले पेपर को रद्द किया जाए और फिर से पेपर कराया जाए। साक्ष्य देने की जरूरत क्या है, जब पेपर पहले से ही व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर टहल रहा है।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले की सुनवाई अब 29 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद को लेकर दाखिल याचिकाओं पर शुक्रवार को भी सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने मामले को आगामी 29 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई में भी हिंदू पक्ष की ओर से दाखिल याचिकाओं की पोषणीयता पर मुस्लिम पक्ष की ओर से बहस की गई। वर्ष 1968 में हुए समझौते को लेकर भी मुस्लिम पक्ष ने तर्क दिया कि केशव देव कटरा की 13.7 एकड़ जमीन शाही ईदगाह को दी गई थी। मालूम हो कि विवादित भूमि को हिंदू पक्ष अपना बताता है।

## वर्ग पहेली-352

**बाएं से दाएं**

4. अधीन, वशीभूत, वश में आया हुआ।, नीचे।

5. डरावना, भयानक।

6. 1. आडंबर, तड़क-भड़क 2. सौंदर्य 3. विस्तार 4. बहुत बड़ा समूह या झुंड 5. एक तरह का चंदवा 6. सादृश्य 7. गर्व 8. चहल-पहल।

7. 1. जिसके मन में मैल या द्वेष हो, ईर्ष्यालु 2. कपटी, धूर्त, दुष्ट।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. नीरस होने का भाव, रस का अभाव, फीकापन 2. रोचक अथवा दिलचस्प न होना।

2. 1. सादा आहार 2. रूखा-सूखा भोजन।

3. फाटक या द्वार के ऊपर का वह स्थान जहां बैठकर नौबत नामक वाद्य बजाया जाता है, नक़्क़ारख़ाना।

5. 1. भ्रम, धोखा 2. संदेह, वहम 3. धाक, साख।




### वर्ग पहेली - 351 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अं | त | र | 2 अ | य | 3 न |
| शु | | | म | | वी |
| मा | | 4 वि | ल | स | न |
| ला | | | ता | | ता |
| | 5 सु | खा | स | न | |
| | दि | | | | 6 ख़ा |
| 7 ति | न | क | ना | | लू |

## सुडोकू-69

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 6 | | | 7 | | |
| | | 2 | | 1 | 5 | 8 | | |
| | | 6 | | 9 | | | | |
| | | | 1 | | | 9 | | |
| 6 | | 1 | | | | 3 | | 2 |
| | | 7 | | 4 | 8 | | | |
| | | 4 | | 6 | | 1 | | |
| | | | 8 | | | 2 | 3 | |
| | | 8 | | | 2 | | 5 | |

### सुडोकू - 68 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 4 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 8 | 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 |

# यूपी बोर्ड: दूसरे दिन 28 हजार और बच्चों ने छोड़ी परीक्षा

एजेंसी

**प्रयागराज :** यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती के चलते दूसरे दिन शुक्रवार को 28 हजार बच्चे परीक्षा केंद्र नहीं पहुंचे। इस बीच शुचितापूर्ण एवं नकल विहीन परीक्षा कराने की दिशा में बोर्ड ने एक और कदम उठाते हुये कंमाड एवं कंट्रोल रूम की भी निगहबानी शुरू कर दी है। बोर्ड सचिव ने अपने ही कक्ष में एक बड़ी स्क्रीन लगाकर कंट्रोल रूम पर नजर रखने की व्यवस्था कर दी है।




मोबाइल फोन से भी 24 घंटे निगरानी की जा रही है। शुक्रवार को चार लाख 47 हजार परीक्षार्थियों को एक्जाम में सम्मिलित होना था लेकिन 28,513 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। पहले दिन तीन लाख 33 हजार परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे थे। पूरे प्रदेश में मात्र एक नकलची पकड़ा गया। छद्म परीक्षार्थी भी नदारत रहे। सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा व्यवस्था को लगातार अपडेट किया जा रहा है। सचिव कक्ष में पूरे प्रदेश के कंमाड एवं कंट्रोल रूम की निगरानी के लिए एक नया कंट्रोल रूम बना दिया गया है। यहां से सचिव एवं उनके अधीनस्थ अधिकारी भी नजर रखे हुए हैं। सचिव अपने मोबाइल से भी लगातार नजर बनाए हुए हैं। सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम पर सीसीटीवी कैमरे से दृष्टि रखी जा रही है।

# राज्यसभा: इरफान सोलंकी नहीं डाल सकेंगे वोट

**कानपुर।** सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी की राज्यसभा चुनाव में मतदान करने संबंधी याचिका शुक्रवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने खारिज कर दी।



उनके वकील मो. आसिफ की तरफ से झारखंड का हवाला दिया गया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पुलिस अभिरक्षा में विधानसभा की कार्यवाही में शामिल हुए थे। जाजमऊ थाना क्षेत्र स्थित डिफेंस कॉलोनी निवासी एक महिला की झोपड़ी में आग लगाने सहित कई मामलों में इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य लोगों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मामला दर्ज कराया गया था, जिसके बाद से सपा विधायक महराजगंज जेल में बंद हैं।

# सीट बंटवारे पर छलका सलमान खुर्शीद का दर्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन में कांग्रेस व सपा के बीच सीट बंटवारे के बाद कांग्रेस के उन नेताओं में नाराजगी पैदा हो गई है, जो चुनाव लड़ना चाह रहे थे, पर गठबंधन में सीट सपा के खाते में चली गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट के जरिये कहा कि टूट सकता हूं लेकिन झूकंगा नहीं।

उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद से उनके रिश्तों के कितने इम्तहान का सामना करना पड़ेगा? सवाल उनका नहीं, पर हम सब के मुस्तकाबिल का है। आने वाली नस्लों का है। किस्मत के फैसलों के सामने कभी झुका नहीं। उन्होंने लिखा- टूट सकता हूं, झुकूंगा नहीं। तुम साथ देने का वादा करो,

- **निराश होकर कहा, टूट सकता हूं लेकिन झुकूंगा नहीं**



मैं नगमें सुनाता रहूं। मालूम हो कि प्रदेश की कुल अस्सी लोकसभा सीटों में कांग्रेस के खाते में 17 सीटें व सपा के खाते में 63 सीटें आई हैं, जिसमें सपा ने एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद फर्रुखाबाद से चुनाव लड़ते रहे हैं, लेकिन सपा ने फर्रुखाबाद से नवल किशोर शाक्य को प्रत्याशी घोषित कर रखा है। ऐसे में खुर्शीद के चुनाव लड़ने पर सपा-कांग्रेस गठबंधन में ग्रहण लग सकता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-पूर्णिमा 17 .59 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- गुरु रविदास जयंती। दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृतिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मघा 22 .20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** - आज ऑफिस में अधिकारियों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। अपनी प्रतिभा का सही उपयोग करने का प्रयास करें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। आपको किसी अनचाही यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यापार से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है।

**वृष** - आज मन में असमंजस जैसी स्थिति बन सकती है। स्वास्थ्य संबंधी लापरवाही बिल्कुल न करें। बाहर का भोजन करने से आपको बचना चाहिए। कुछ लोग आपके साथ विश्वासघात कर सकते हैं। बच्चों के साथ आनंद का समय व्यतीत करेंगे।

**मिथुन** - आज धार्मिक और अध्यात्मिक चर्चाओं में रुचि ले सकते हैं। माता-पिता आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे। सेहत की दृष्टि से दिन बहुत अच्छा है। इंटरव्यू में आपको सफलता मिल सकती है। आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा।

**कर्क** - आज परिजनों के साथ मतभेद सामने आ सकते हैं। छोटी-मोटी दुर्घटना होने की आशंका है। नए प्रोजेक्ट्स की शुरुआत न करें। किसी बात को लेकर मन में तनाव रहेगा। क्रोध में आकर कुछ भी बोलने से बचें।

**सिंह** - आज फिर भी विवादित मुद्दों पर चर्चा से दूरी बनाकर रखना चाहिए। धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बना सकते हैं। संतान के लिए समय अच्छा रहेगा। घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। लोग आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होंगे।

**कन्या** - आज यात्रा के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। दिनचर्या बहुत अच्छी नहीं रहेगी। महंगी वस्तुओं की खरीदारी में जल्दबाजी न करें। कारोबार में कुछ व्यवहारिक चूक कर सकते हैं। जीवनसाथी से बहस हो सकती है।

**तुला** - आज व्यापार में सहयोगियों से परामर्श लेना हितकर होगा। मानसिक तनाव में कमी आएगी। अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का अच्छा उपयोग कर पाएंगे। परिस्थितियां आपके लिए अनुकूल रहेंगी। कुछ महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपका संपर्क मजबूत होगा।

**वृश्चिक** - आज धैर्यपूर्वक विचार करना बेहतर होगा। काम की अधिकता के कारण थकान हो सकती है। कुछ नजदीकी सहकर्मियों की कार्यशैली से आप नाखुश हो सकते हैं। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

**धनु** - आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी सहभागिता बढ़ने वाली है। यात्रा का आनंद उठाएंगे। घर में बड़ों की सलाह से काम करना बेहतर होगा। स्वास्थ्य से जुड़े कष्टों का निवारण होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर** - आज आर्थिक पक्ष कमजोर होगा। किसी से भी धन उधार लेन-देन न करें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से भटक सकते हैं। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आपको भागदौड़ का सामना करना पड़ेगा। अवमानना झेलनी पड़ सकती है।

**कुंभ** - आज अपने निजी मामलों में दूसरों का हस्तक्षेप न करने दें। किसी उलझन से बाहर निकल सकते हैं। अपने दायित्वों को निर्वहन करना चाहिये। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। दांपत्य जीवन में प्रेम भावना और सामंजस्य भाव बढ़ेगा।

**मीन** - आज आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। विरोधियों को अच्छी तरह से परास्त कर पाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपनी भावनाओं पर नियन्त्रण रखें। समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खेल — सुबह : 10 .00
- शान — रात : 07 .00

SONY MAX
- परिनीता — सुबह : 09 .21
- हुड़दंग — शाम : 05 .24

SONY PIX
- एनाकोंड्रास — सुबह : 10 .13
- जर्नी 2 — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- गंगाजल — सुबह : 10 .30
- कहो ना ...प्यार है — रात : 07 .30

colors CINEPLEX
- गब्बर इज बैक — सुबह : 09 .36
- देवदास — रात : 09 .24

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू से उसकी पत्नी बोलीं, सुनो! तुम्हारा जिगरी दोस्त चंपू शादी करने जा रहा है और जिस लड़की से उसकी शादी होने वाली है, वह बिल्कुल घटिया है। तुम्हारे दोस्त का जीवन बरबाद हो जाएगा। चलो, चलकर उसे समझाएं। मैं नहीं जाऊंगा। मुझे कौन समझाने आया था? सोनू ने गुस्से से कहा।

प्लंबर- सर,नल ठीक हो गया लेबर चार्ज एक हजार रुपये
घर का मालिक इंजीनियर- अरे, दो घंटे की इतनी फीस तो मेरी भी नहीं है।
प्लम्बर-सर, जब मैं इंजीनियर था तो मेरी भी नहीं थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1095 डीएमओ 865 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## मुरादाबाद मंडी

दाल चना : 75 से 76 रुपये, मसूर : 88 से 90 रुपये, मलका : 82 से 85 रुपये, अरहर 118 से 125 रुपये, उड़द : 95 से 101 रुपये, धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये, मूंग धोआ : 104 -106 रुपये, मूंग छिलका : 102 रुपये, मूंग साबुत : 100 रुपये, चना देसी : 80 रुपये, चना कावली : 145 से 160 रुपये, राजमा लाल : 155 रुपये, राजमा चित्ता : 145 रुपये, लोबिया लाल 94 रुपये।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1330, फ़ॉर्चून कि. 1700, रविन्द्रा 1755, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1390, सचिन 1445, सूरज 1415, अवसर 1555, राग गोल्ड 1520, गृहणी 1445, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1650, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1805 ।किराना-( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950 । चावल ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# मोदी पर गूगल एआई टूल की प्रतिक्रिया आईटी नियमों का उल्लंघन: केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने लगाए आरोप



इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में एक सवाल पर गूगल के एआई टूल जैमिनी की प्रतिक्रिया अपराध संहिता के कई प्रावधानों के साथ ही आईटी नियमों का सीधा उल्लंघन है।

मंत्री ने इस संबंध में एक पत्रकार के विशिष्ट एकाउंट द्वारा उठाए गए मुद्दे का संज्ञान लिया, जिसमें आरोप लगाया गया है कि गूगल जैमिनी की, मोदी संबंधी एक सवाल पर प्रतिक्रिया पूर्वाग्रह से ग्रस्त थी, जबकि यही सवाल जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बारे में किया गया तो उसने स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा, 'ये आईटी अधिनियम के मध्यस्थ नियमों (आईटी नियमों) के नियम 3(1) (बी) का प्रत्यक्ष उल्लंघन और आपराधिक संहिता के कई प्रावधानों का उल्लंघन हैं।' मंत्री ने आगे की कार्रवाई के संकेत के साथ पोस्ट को गूगल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय को प्रेषित किया है।

पत्रकार ने एक स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें गूगल जैमिनी से मोदी के बारे में एक सवाल किया गया था। जवाब में, जैमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में अशोभनीय टिप्पणियां कीं, लेकिन जब ट्रम्प और जेलेंस्की के बारे में वही प्रश्न पूछा गया तो उसने सीधा जवाब नहीं दिया।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल एक यूजर ने गूगल के एआई चैटटूल जेमिनी से पूछा था कि क्या नरेंद्र मोदी फासीवादी हैं? इस सवाल के जवाब में जेमिनी ने कहा, 'नरेंद्र मोदी भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और भारतीय जनता पार्टी के नेता हैं। उन पर ऐसी नीतियां लागू करने का आरोप लगाया गया है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे फासीवादी बताया है। ये आरोप कई पहलुओं पर आधारित हैं। इसमें भाजपा की हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा भी शामिल है।'

## अब तीन दिन में मिलेगा बिजली का नया कनेक्शन

**नई दिल्ली।** सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए नए कनेक्शन लेने और छतों पर लगने वाली सौर इकाइयों के लिए नियम सरल बनाए हैं। इसके तहत नए बिजली कनेक्शन अब महानगरीय क्षेत्रों में तीन दिन, नगरपालिका क्षेत्रों में सात दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 15 दिन में मिलेंगे। बिजली मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने इससे संबंधित बिजली (उपभोक्ता अधिकार) नियम, 2020 में संशोधन को मंजूरी दे दी है।

मंत्रालय ने कहा कि संशोधनों के बाद छत पर सौर बिजली इकाई लगाने की प्रक्रिया भी सरल हो गई है। साथ ही इसमें बहुमंजिला फ्लैटों में रहने वाले लोगों को भी कनेक्शन का प्रकार चुनने का अधिकार दिया गया है। आवासीय सोसाइटी में सामान्य क्षेत्रों और बैक-अप जनरेटर के लिए अलग-अलग बिलिंग सुनिश्चित की गई है।

# रवींद्रन को बायजू के निदेशक मंडल से हटाने का प्रस्ताव पारित

**नई दिल्ली, एजेंसी**



शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू के बहुलांश शेयरधारकों ने शुक्रवार को लोकप्रिय तकनीकी स्टार्टअप में कथित 'कुप्रबंधन और विफलताओं' को लेकर संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के लिए मतदान किया, लेकिन बायजू मंच का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न ने इस मतदान को 'अमान्य' बताते हुए इसे नकार दिया। कंपनी के निदेशक मंडल में फिलहाल रवींद्रन, उनकी पत्नी एवं सह-संस्थापक दिव्या गोकुलनाथ और उनके भाई रिजु रवींद्रन शामिल हैं।

कंपनी के छह निवेशकों ने रवींद्रन एवं उनके परिजनों के खिलाफ प्रस्ताव लाने के लिए असाधारण आम बैठक बुलाई थी, लेकिन अंत में 60 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाले शेयरधारकों ने बैठक में लाए गए प्रस्तावों के पक्ष में मत दिए। लेकिन कंपनी ने इस बैठक में सिर्फ 20 प्रतिशत शेयरधारकों के ही शामिल होने और उनके पास सामूहिक रूप से 47 प्रतिशत हिस्सेदारी होने का दावा किया। रवींद्रन और उनका परिवार ईजीएम को 'प्रक्रियात्मक रूप से अमान्य' बताते हुए इससे दूर रहा। भले ही ईजीएम में रवींद्रन और उनके परिजनों को निदेशक मंडल से हटाने के पक्ष में मतदान हुआ है, लेकिन इस बैठक का नतीजा 13 मार्च तक लागू नहीं होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,800 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,400-47,600 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,950 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,800 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 72,000 |
| चांदी तैयार | 72,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 712 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,850 |
| चांदी आभूषण | 71,900। |

# रिजर्व बैंक ने पेटीएम हैंडल पर यूपीआई करने वालों को दी राहत

**मुंबई, एजेंसी**

- बैंक ने एनपीसीआई को भुगतान के मामले में कदम उठाने का कहा

रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक के जरिये बैंक और वॉलेट सेवाओं का लाभ उठाने वाले ग्राहकों और व्यापारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को कुछ अतिरिक्त कदम उठाए। केंद्रीय बैंक ने यूपीआई भुगतान के लिए पेटीएम हैंडल (@पेटीएम) का उपयोग कर रहे पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के चार-पांच अन्य बैंकों से जुड़ने की संभावना पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से गौर करने के लिए कहा है। इस पहल का मकसद भुगतान व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा को रोकना है।

आरबीआई ने पेटीएम की सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 15 मार्च, 2024 के बाद अपने ग्राहक खातों और वॉलेट में धन लेने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की वेबसाइट के अनुसार उसके 30 करोड़ वॉलेट और तीन करोड़ बैंक ग्राहक हैं। एनपीसीआई भारत में खुदरा भुगतान और निपटान प्रणालियों के संचालन के लिए एक केंद्रीय संगठन है।

## ट्राई ने फोन पर कॉलर का नाम दिखाने वाली सेवा की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने दूरसंचार नेटवर्क में कॉल करने वाले शख्स का नाम फोन स्क्रीन पर दर्शाने वाली सेवा शुरू करने की सिफारिश की है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने अपनी सिफारिश में कहा कि 'कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन' (सीएनएपी) अनुपूरक सेवा के तहत मोबाइल फोन की स्क्रीन पर कॉल करने वाले का नाम प्रदर्शित करने की व्यवस्था शुरू की जाए। हालांकि यह सुविधा ग्राहक के अनुरोध पर ही सभी दूरसंचार कंपनियां मुहैया कराएंगी। इस सुविधा के शुरू होने पर अक्सर आने वाली अनचाही कॉल से छुटकारा पाने में काफी मदद मिलेगी।

# मटर को टक्कर देगी सोयाबीन की खास किस्म

**इंदौर, एजेंसी**

- इंदौर के भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने विकसित की विशेष किस्म



भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान (आईआईएसआर) के वैज्ञानिकों ने करीब सात साल के अनुसंधान के बाद सोयाबीन की ऐसी खास किस्म विकसित की है, जिसे हरी मटर के दानों की तरह सब्जी के तौर पर खाया जा सकता है। वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रोटीन से भरपूर यह किस्म देश में कुपोषण घटाने और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मददगार साबित हो सकती है।

'एनआरसी 188' नाम की इस किस्म को विकसित करने वाले दो सदस्यीय अनुसंधान दल में शामिल प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विनीत कुमार ने बताया, 'सोयाबीन की इस किस्म की हरी फली के दानों में सुक्रोज (शक्कर का एक स्वरूप) होने से इसमें थोड़ी मिठास होती है। यह खूबी सोयाबीन की अन्य किस्मों में नहीं पाई जाती।' उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' किस्म की हरी फली के दानों को नमक के पानी में उबालकर सब्जी की तरह इसका उपयोग किया जा सकता है।

कुमार के मुताबिक, हरी मटर की तुलना में सोयाबीन की इस किस्म के दानों में तीन से चार गुना ज्यादा प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि 'एनआरसी 188' की फलियों को सब्जी की तरह बेचकर सोयाबीन उत्पादक किसान मोटी कमाई कर सकते हैं। इसके अलावा इसकी फलियों के दानों को उचित पैकेजिंग के साथ फ्रिज में जमाकर निर्यात भी किया जा सकता है। कुमार ने बताया कि मध्य भारत में खरीफ सत्र के दौरान 'एनआरसी 188' की खेती की सिफारिश की गई है।

## राष्ट्रीय

# संदेशखालि: भीड़ ने शाहजहां की संपत्तियों में लगाई आग

## पश्चिम बंगाल के इस अशांत क्षेत्र में शुक्रवार को फिर हुए प्रदर्शन, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में अशांत संदेशखालि के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को फिर से विरोध प्रदर्शन हुए। आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दोषियों के प्रति पुलिस की निष्क्रियता के खिलाफ प्रदर्शन करने के अलावा शाहजहां शेख समेत आरोपी तृणमूल नेताओं की संपत्ति में आग लगा दी।

पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। प्रदर्शन के दौरान स्थानीय निवासियों ने संदेशखालि के झूपखाली क्षेत्र में पुलिस वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए सड़कों पर लट्ठे लगाकर उनमें आग लगा दी। तनाव का यह दूसरा दिन है और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर हमलों तथा उनके घरों में लूटपाट किए जाने की खबरें हैं। लाठी-डंडों से लैस प्रदर्शनकारियों ने संदेशखालि के बेलमाजुर इलाके में मछली पकड़ने के एक यार्ड के पास छप्पर वाले ढांचे को आग लगा दी और फरार तृणमूल नेता शाहजहां शेख एवं उसके भाई सिराज के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया।

इस संबंध में एक प्रदर्शनकारी ने कहा, 'पुलिस ने वर्षों तक कुछ नहीं किया। यही कारण है कि हम अपनी जमीन और सम्मान वापस पाने के लिए सबकुछ कर रहे हैं।' बाद में पुलिस इलाके में दाखिल हुई और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। पुलिस महानिदेशक कुमार दोपहर बाद अशांत क्षेत्र में पहुंचे और स्थानीय लोगों से बात की। पुलिस ने जब आगजनी और संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले ग्रामीणों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए तो फरार तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगा रहीं महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने प्रदर्शन किया और यहां तक कि पकड़े गए लोगों को ले जाने से पुलिस को रोकने के लिए वाहनों के सामने लेट गईं।

संदेशखालि में स्थानीय महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके समर्थकों पर जबरन जमीन हड़पने तथा वर्षों तक उनका यौन उत्पीड़न करते रहने का आरोप लगाया है, जिसके बाद से यह जगह सुर्खियों में है।

### शाहजहां के सहयोगियों के आवासों पर ईडी के छापे

**कोलकाता।** ईडी ने धोखाधड़ी से जमीन हड़पने के एक पुराने मामले में तृणमूल कांग्रेस के फरार नेता शाहजहां शेख से जुड़े कारोबारियों के आवासों पर शुक्रवार को छापे मारे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ईडी ने हावड़ा, विजयगढ़ और बिराती सहित शहर में और उसके आसपास के पांच अलग-अलग स्थानों पर शुक्रवार को सुबह छापेमारी शुरू की। अधिकारी ने कहा, 'यह छापेमारी शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी करके जमीन हड़पने के एक पुराने मामले से संबंधित है। ये लोग शाहजहां के साथ मछली के कारोबार में शामिल थे। हम कुछ विशिष्ट दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं।'

### संदेशखालि पहुंची एनएचआरसी की टीम

**कोलकाता।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की एक टीम शुक्रवार को संदेशखालि पहुंची और महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों में तथ्य जुटाने के लिए ग्रामीणों से बात की। एनएचआरसी ने कहा कि उसने प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी कर हिंसा के संबंध में चार सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा है।

## महुआ मोइत्रा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ एक जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से 'गोपनीय' सूचना मीडिया में कथित तौर पर लीक किए जाने के विरुद्ध उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने फैसला सुनाते हुए कहा, '(याचिका) खारिज की जाती है।'

मोइत्रा ने जारी जांच के सिलसिले में 'कोई भी गोपनीय, संवेदनशील, सूचना मीडिया को लीक करने से' ईडी को रोकने के लिए एक निर्देश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था। उन्होंने कई मीडिया संस्थानों को ईडी द्वारा की जा रही जांच/कार्यवाही के सिलसिले में कोई भी सूचना लीक/प्रकाशित करने या प्रसारण करने से रोकने के लिए भी निर्देश देने का अनुरोध किया था।

# भाजपा एजेंसियों के जरिए चंदा वसूल रही: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जयराम रमेश ने कहा- 30 कंपनियों से भाजपा को 335 करोड़ रुपये का चंदा मिला



कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि जांच एजेंसियों के माध्यम से 30 कंपनियों को धमकी देकर और 'ब्लैकमेल' करके 335 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दिलवाया गया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र पर 'हफ्ता वसूली सरकार' होने का आरोप लगाया और कहा कि इस मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच जरूरी है।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सवाल किया कि क्या सरकार इस मामले पर 'श्वेत पत्र' लाने, बिंदुवार स्पष्टीकरण देने और उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच के लिए तैयार है? जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, 'हफ्ता वसूली और ब्लैकमेल की राजनीति हो रही है। ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग किया जा रहा है। निजी कंपनियों से चंदा लेने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग किया गया है।' उन्होंने दावा किया, 'वर्ष 2018-19 से 2022-2023 में 30 कंपनियों से 335 करोड़ रुपये वसूले गए।'

रमेश ने आरोप लगाया कि यह 'हफ्ता वसूली सरकार' है। उनके मुताबिक, इन 30 कंपनियों में से 23 कंपनियों ने वर्ष 2018 से पहले भाजपा को कोई चंदा नहीं दिया था।

## एक नजर

### नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में दो की हत्या की

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के शक में दो आम नागरिकों की हत्या कर दी। चिंतागुफा पुलिस सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बस्तर संभाग के सुकमा जिले में नक्सलियों ने पुलिस की मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। ग्रामीणों के नाम सोड़ी हूंगा और माड़वी नंदा हैं। दोनों कहेर दुल्लेड़ गांव के निवासी थे। इसके साथ ही दो अन्य ग्रामीणों को भी नक्सलियों ने सजा देने की चेतावनी दी है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली वर्चस्व वाले इलाकों के गांवों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित होने से नक्सली बौखला गए हैं और आम नागरिकों को लक्ष्य बना रहे हैं।

### बैंक लूटने आए बदमाशों ने कैशियर को मारी गोली

**जयपुर।** जयपुर के झोटवाड़ा इलाके में दो बदमाशों ने शुक्रवार सुबह पीएनबी की ब्रांच में लूट की कोशिश की और इस दौरान उन्होंने बैंक के कैशियर को गोली मार दी। कैशियर को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जैसे ही बैंक खुला दो नकाबपोश बदमाश घुस गए और और नकदी लूटने का प्रयास किया। बैंक कैशियर नरेंद्र सिंह वहां आ गए तो एक ने उन पर गोली चला दी।

## बीआरएस विधायक नंदिता की सड़क हादसे में मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में विपक्षी दल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की विधायक जी. लस्या नंदिता की शुक्रवार सुबह संगारेड्डी जिले के पाटनचेरू में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नंदिता (36) जिस कार में यात्रा कर रही थीं, वह सुबह करीब पांच बजकर 10 मिनट पर आउटर रिंग रोड पर सड़क किनारे लगे धातु के अवरोधक से टकरा गई, जिसके चलते दुर्घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

## गुजरात : नौका से 350 करोड़ की हेरोइन जब्त

**गांधीनगर।** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने शुक्रवार को कहा कि गुजरात पुलिस को ड्रग्स के खिलाफ अभियान में 350 करोड़ का ड्रग्स जब्त करने में एक और बड़ी सफलता मिली है। संघवी ने एक्स पर पोस्ट में शुक्रवार को कहा है कि गुजरात पुलिस ने वेरावल बंदरगाह के नलिया गोली किनारे पर छापा मारकर नौका से 350 करोड़ रुपये के हेरोइन ड्रग्स के 50 किलो सीलबंद पैकेट जब्त किए हैं। ऑपरेशन को एसओजी एवं एनडीपीएस की टीम ने संयुक्त रूप से सफलतापूर्वक पूर्ण करते हुए इस ऑपरेशन के तहत नौ लोगों को पकड़ लिया है और कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गुजरात पुलिस की सतर्कता से ड्रग्स के खिलाफ का यह बहुत बड़ा अभियान सफलता की नई मंजिल की ओर बढ़ रहा है।

## होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**हावड़ा/कोलकाता।** भाजपा के एक स्थानीय नेता और 10 अन्य लोगों को हावड़ा जिले के एक होटल में देह व्यापार रैकेट चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्थानीय भाजपा नेता सब्यसाची घोष और उनके 10 सहयोगियों को संकरेल इलाके के एक होटल पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि पुलिस छापेमारी के दौरान कथित तौर पर भाजपा नेता द्वारा संचालित होटल से कई लड़कियों और महिलाओं को बचाया गया।

## पालम एयरपोर्ट से फर्जी विंग कमांडर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** खुद को भारतीय वायुसेना का विंग कमांडर बताकर दिल्ली छावनी क्षेत्र स्थित पालम वायुसेना स्टेशन में प्रवेश करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया विनायक चड्ढा नाम का आरोपी अपने पिता का इलाज वायुसेना स्टेशन के डेंटल अस्पताल में कराना चाहता था। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया कि पुलिस को घटना के बारे में सूचना बुधवार को दी गई। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति खुद को विंग कमांडर बताकर थिमैया मार्ग स्थित वायुसेना के डेंटल अस्पताल में दाखिल हुआ। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पहचान के तौर पर उसने जाली दस्तावेज का इस्तेमाल किया और सुरक्षा के पहले घेरे को पार कर लिया, लेकिन बाद में वायुसेना के सुरक्षा कर्मचारियों ने उसे पकड़ लिया।

### किसानों की उच्चतम न्यायालय से गुहार

# दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति के लिए केंद्र को दें निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

किसानों को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अनुमति देने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की गुहार लगाते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई है। सिख चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रबंध निदेशक एग्नोस्टोस थियोस की ओर से दायर जनहित याचिका में आंदोलनकारी किसानों के दिल्ली में प्रवेश रोकने के लिए सड़कों से की गई बैरिकेडिंग हटाने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की गुहार लगाई गई है।

थियोस ने आंदोलनकारी किसानों के जबरन बंद किए गए सोशल मीडिया खातों को चालू करने का निर्देश केंद्र सरकार को देने की याचना की है। याचिका में दावा किया गया है कि किसानों को बिना किसी उचित कारण के दिल्ली में प्रवेश करने से रोकना देशभर में स्वतंत्र रूप से यात्रा करने के उनके अधिकारों का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता ने केंद्र के अलावा हरियाणा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और दिल्ली सरकारों को पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारों ने शांतिपूर्वक विरोध कर रहे किसानों के खिलाफ आंसू गैस, रबर बुलेट छर्रों आदि के उपयोग जैसे आक्रामक और हिंसक उपायों को अपनाया।

## जदयू नेता नरेंद्र नारायण यादव बिहार विस के उपाध्यक्ष चुने गए

**पटना।** जनता दल यूनाइडेट (जदयू) के वरिष्ठ नेता नरेंद्र नारायण यादव शुक्रवार को बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने यादव को सदन का उपाध्यक्ष चुने जाने पर उन्हें बधाई दी। इस पद पर अपनी नियुक्ति के बाद विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए यादव ने कहा, 'मुझे यह अवसर प्रदान करने के लिए मैं मुख्यमंत्री और अन्य राजग नेताओं का आभारी हूं। मैं समझता हूं कि जिस पद के लिए मुझे चुना गया है, उसका महत्व है। मैं सदन के सभी विधायकों को आश्वस्त करता हूं कि मैं अपना संवैधानिक कर्तव्य निभाते हुए निष्पक्ष रहूंगा।'

# विशेष योजनाएं लागू करने के निर्देश नहीं दे सकतीं अदालतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सरकार के नीतिगत मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित



सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकार के नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है और अदालतें राज्यों को इस आधार पर किसी विशेष नीति या योजना को लागू करने का निर्देश नहीं दे सकती हैं कि बेहतर, निष्पक्ष या समझदार विकल्प उपलब्ध है। भूख-कुपोषण से निपटने के लिए सामुदायिक रसोई स्थापित करने की योजना बनाने की अपील करने वाली एक जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए अदालत ने यह टिप्पणी की।

शीर्ष न्यायालय ने यह कहते हुए मामले में कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) और अन्य कल्याणकारी योजनाएं केंद्र और राज्यों द्वारा लागू की जा रही हैं। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि नीति की विवेकशीलता या सुदृढ़ता के बजाय नीति की वैधता न्यायिक समीक्षा का विषय होगी। पीठ ने कहा, "यह सर्वविदित है कि नीतिगत मामलों की जांच में न्यायिक समीक्षा का दायरा बहुत सीमित है। अदालतें किसी नीति की शुद्धता, उपयुक्तता या औचित्य की जांच नहीं करती हैं और न ही कर सकती हैं, न ही अदालतें उन नीतिगत मामलों में कार्यपालिका की सलाहकार हैं जिन्हें बनाने का कार्यपालिका को अधिकार है। अदालतें राज्यों को किसी विशेष नीति या योजना को इस आधार पर लागू करने का निर्देश नहीं दे सकतीं कि एक बेहतर, पारदर्शी या तार्किक विकल्प उपलब्ध है।"

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर है कि वह वैकल्पिक कल्याण योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें। पीठ ने कहा, "जब खाद्य और पोषण सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'अधिकार आधारित दृष्टिकोण' के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम लागू है और जब लोगों को गरिमापूर्ण जीवन जीने के लिए किफायती मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तापूर्ण भोजन की पहुंच सुनिश्चित करने के वास्ते उक्त अधिनियम के तहत अन्य कल्याणकारी योजनाएं भी भारत संघ और राज्यों द्वारा बनाई और कार्यान्वित की गई हैं, तो हम उस संबंध में कोई और दिशा देने का प्रस्ताव नहीं करते।"

## कप्तान-बल्लेबाज के तौर पर आत्मविश्वास से भरी स्मृति

### डब्ल्यूपीएल सीजन-2: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है



बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कोच ल्यूक विलियम्स का मानना है कि स्मृति मंधाना कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज के तौर पर दोहरी भूमिकाओं में खरी उतर रही है और आत्मविश्वास से ओतप्रोत हैं। डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में मंधाना दोहरी भूमिका का बोझ नहीं सह पाई थी और उनकी बल्लेबाजी खराब हो गई थी। वह पहले सत्र में 8 मैचों में 149 रन ही बना सकी थी। विलियम्स ने कहा कि वह मेहनत कर रही है। आत्मविश्वास से भरी हैं और अपने खेल तथा कप्तानी को लेकर उत्साहित हैं। कप्तानी और पारी की शुरुआत की जिम्मेदारी बड़ी है। उन्होंने यूपी वारियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल 2024 के पहले मैच से पूर्व कहा कि उसे टीम से काफी सहयोग मिल रहा है। उसकी मदद के लिए कई सीनियर खिलाड़ी हैं और वह दोनों भूमिकाओं को पृथक रखने की कोशिश कर रही है। पिछले सत्र में आरसीबी पांच टीमों में चौथे स्थान पर थी। विलियम्स ने कहा कि मंधाना की कप्तानी में टीम इस बार स्थिर लग रही है। उन्होंने कहा कि मैंने द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव टीम के साथ सहायक कोच के तौर पर स्मृति के साथ काफी समय बिताया है। पिछले डब्ल्यूपीएल सत्र से काफी सबक लिया है। बतौर टीम और व्यक्तिगत स्तर पर भी। महिला बिग बैश लीग में एडीलेड स्ट्राइकर्स को खिताब दिला चुके ऑस्ट्रेलिया के विलियम्स ने कहा कि इस बार आरसीबी के पास स्पिन और तेज गेंदबाजी में काफी विकल्प हैं।

### यूपी वारियर्स की निगाहें बेहतर प्रदर्शन पर : एलीसा

**मुंबई।** कप्तान एलिसा हीली ने शुक्रवार को कहा कि श्रीलंकाई सुपरस्टार चामरी अटापट्टू के यूपी वारियर्स में शामिल होने से टीम में चयन को लेकर दुविधा होगी जो टीम के लिए अच्छी बात है। यूपी वारियर्स में काफी विदेशी खिलाड़ी हैं, जिसमें हीली के अलावा ग्रेस हैरिस, सोफी एक्लेस्टन, तहलिया मैक्ग्रा, डैनियल वाट और अटापट्टू शामिल हैं। अटापट्टू को इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की जगह शामिल किया गया। हीली ने कहा कि उनका जुड़ना हमारे लिए अच्छा रहा। निश्चित रूप से बल्ले और गेंद दोनों से टीम में गहराई होना अहम है। चामरी का शामिल होना अच्छा है। उन्होंने कहा कि इससे प्रबंधन और मेरे लिए अंतिम एकादश का चयन करना बहुत मुश्किल हो जाएगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड से 3 मैच की श्रृंखला जीती

ऑकलैंड (न्यूजीलैंड), एजेंसी

एडम जम्पा के 4 विकेट से ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड को 17 ओवर में 102 रन पर समेटकर दूसरा टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच 72 रन से जीत लिया और 3 मैच की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच छह विकेट से जीता था। अब तीसरा टी-20 रविवार को ईडन पार्क में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलियाई टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 72 रन बनाने के बावजूद 19.5 ओवर में 174 रन के स्कोर पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 गेंद में पांच छक्कों से 45 रन बनाए, जिससे टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम यह स्कोर बना सकी। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्यूसन ने 12 रन देकर चार और बेन सीयर्स ने 29 रन देकर दो विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम 9.5 ओवर में 59 रन के अंदर छह विकेट गंवा दिए। न्यूजीलैंड को खेल शुरू होने से पहले ही झटका लगा जब रचिन रविंद्र घुटने की हल्की चोट के कारण बाहर हो गए और डेवोन कॉनवे को भी विकेटकीपिंग करते हुए अंगूठे में चोट लग गई, जिससे उन्हें एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल ले जाया गया। जब पता चला कि कोई फ्रेक्चर नहीं है, तब कॉनवे मैदान पर लौटे, लेकिन वह फिर भी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। न्यूजीलैंड ने बल्लेबाजी करते हुए 29 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन फिलिप्स (42) और जोश क्लार्कसन ने पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े, लेकिन इसके बाद टीम का स्कोर जल्द ही छह विकेट पर 74 रन हो गया। फिर टीम 17 ओवर में 102 रन पर सिमट गई।



ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में बल्लेबाजी करते ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श।

## खेल डायरी

### भारतीय टीम के सामने हांगकांग की चुनौती



**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** पहले मैच में एस्तोनिया को हराने के बाद भारतीय महिला फुटबॉल टीम टर्किश कप के दूसरे मैच में शनिवार को हांगकांग के खिलाफ इस लय को जारी रखने उतरेगी। भारत ने पहले मैच में एस्तोनिया को 4-3 से हराया था जो सीनियर महिला टीम की किसी यूरोपीय टीम के खिलाफ पहली जीत थी। इससे छाओबा देवी की कोचिंग वाली टीम का मनोबल बढा होगा। फीफा रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज हांगकांग के खिलाफ भारत का यह पांचवां मैच होगा। भारत ने पिछले चारों मैच जीते हैं, जिनमें 11 गोल दागे और दो गोल गंवाएं। आखिरी बार 2019 में एक दोस्ताना मुकाबले में भारत ने प्यारी शाशा के गोल के दम पर जीत दर्ज की थी। प्यारी ने एस्तोनिया के खिलाफ पहले मैच में भी गोल दागा। भारत इस समय तीन अंक और प्लस एक का गोल औसत लेकर तालिका में शीर्ष पर है जबकि हांगकांग का खाता भी नहीं खुला है और वह आखिरी स्थान पर है।

टर्किश कप

### कपूर, संधू पहले दौर के बाद संयुक्त 26वें स्थान पर

**मस्कट।** भारतीय गोल्फर शिव कपूर और युवराज संधू ने 20 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की 'इंटरनेशनल सीरीज ओमान' के पहले दौर में दो अंडर 70 का समान कार्ड खेला, जिससे वे संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। स्पेन के डेविड पुईग ने 7 अंडर पार 65 के कार्ड से एकल बढ़त बनाई। अन्य भारतीयों में एस चिक्कारंगप्पा (71) संयुक्त 37वें जबकि करणदीप कोचर, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 59वें स्थान पर हैं। अनिर्बान लाहिड़ी, गगनजीत और अजीतेश संधू एक ओवर के कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर हैं। हनी बेसोया (74) संयुक्त 91वें और जीव मिल्खा सिंह (75) संयुक्त 108वें स्थान पर हैं। उन पर कट से चूकने का खतरा है।

### अभय गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह टोरंटो में चैलेंजर टूर के 9000 डॉलर ईनामी राशि के गुडफेलो क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त अभय ने फ्रांस के मेशियो लेवी को 13-11, 11-7, 11-3 से हराया। हांगझोउ एशियाई खेलों में टीम वर्ग में स्वर्ण और मिश्रित युगल कांस्य जीतने वाले अभय का सामना अब मिस्र के अब्दुलरहमान अब्दुलखालिक से होगा। पिछले महीने अभय ने मुंबई में जेएसडब्ल्यू विलिंगडन पीएसए टूर्नामेंट जीता था। शिकागो में विंडी सिटी ओपन के दूसरे दौर में भारत के रमित टंडन मिस्र के आठवीं वरीयता प्राप्त तारिक मोमिन से 11-5, 4-11, 4-11, 8-11 से हार गए।

### एफआईएच प्रो लीग : आस्ट्रेलिया से बदला लेने पर भारत की नजर



**राउरकेला।** पिछले मैच की नाकामी को भुलाकर भारतीय पुरूष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के अगले मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के अपराजेय अभियान में नकेल डालने की कोशिश करेगी। भारत ने पिछले मैच में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ अच्छी हॉकी खेली, लेकिन शूटआउट में 2-4 से हार गई। भारत इस समय छह मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया सारे छह मैच जीतकर अपराजेय है। अपने घरेलू अभियान का अंत जीत के साथ करने के अलावा भारत की नजरें बदला चुकता करने पर भी लगी होंगी। इस महीने की शुरूआत में भुवनेश्वर में भारत को आस्ट्रेलिया ने 6-4 से हराया था। आस्ट्रेलिया को हराने के लिये हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# रूट ने इंग्लैंड को संभाला, आकाशदीप का दमदार आगाज

## चौथे टेस्ट के पहले दिन रूट ने 226 बॉल में बनाए 106 रन, आकाश ने 24 रन देकर इंग्लैंड के लिए 3 विकेट

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

रांची, एजेंसी

भारत को आकाश दीप के रूप में शानदार तेज गेंदबाज मिला लेकिन जो रूट ने शतक जमाकर अकेले इंग्लैंड को संकट से निकालते हुए चौथे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को 7 विकेट पर 302 रन तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर रूट 226 गेंद में 106 रन बनाकर खेल रहे थे। उनके साथ ओली रॉबिनसन ने 26 रन बना लिए हैं।

दोनों ने इंग्लैंड को आकाश दीप के दिए झटकों से निकाला। बिहार के आकाश दीप बंगाल के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने पहले घंटे में ही गेंद को दोनों तरफ से स्विंग कराके इंग्लैंड को अच्छी शुरूआत नहीं करने दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले सत्र में इंग्लैंड के 5 विकेट 112 रन पर गिर गए थे। पिछले तीन टेस्ट में 29, 2, 5, 16, 18, 7 रन बनाने वाले रूट ने संयम से खेलते हुए पारी को संभाला। उन्होंने 15 पारियों में पहला शतक जड़ा जो उनके कॅरियर का 31वां टेस्ट शतक है। उन्होंने नौ चौके लगाए। 5 मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड 1-2 से पीछे है, जिसे विशाखापत्तनम और राजकोट में पिछले दोनों टेस्ट में पराजय झेलनी पड़ी।

इससे पहले आकाश ने दस गेंद के भीतर बेन डकेट (11), ओली पोप (0) और जाक क्रॉली (42) के विकेट चटकाए। उन्होंने 24 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः जॉनी बेयरस्टो और स्टोक्स को पगबाधा आउट किया। आकाश दीप ने दूसरे ही ओवर में क्रॉली का ऑफ स्टम्प उखाड़ दिया था लेकिन वह नो बॉल थी। नई गेंद के उनके जोड़ीदार मोहम्मद सिराज लय के लिए जूझते दिखे जिन्हें खेलने में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशानी नहीं हुई। क्रॉली ने उन्हें लगातार 3 चौके और मिडविकेट पर छक्का लगाया। उन्होंने 4 के स्कोर पर जीवनदान मिलने के बाद 32 गेंद में 32 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से स्पिनर जडेजा को गेंद सौंपी। आकाश दीप ने दसवें ओवर में दो विकेट लिए, जिसमें दो बार रिव्यू का इस्तेमाल हुआ और एक भारत के पक्ष में रहा। उनका पहला विकेट डकेट बने जिनका कैच विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल ने लपका। अंपायर के नॉट आउट करार देने पर रोहित ने रिव्यू लिया और अंपायर को फैसला बदलना पड़ा। पोप को आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। अगली गेंद पर जो रूट भी चकमा खा गए लेकिन रिव्यू लेने पर पता लगा कि गेंद आफ स्टम्प से बाहर जा रही थी। अगले ओवर में आकाश दीप ने क्रॉली को आउट किया जो क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद से रूट और बेयरस्टो ने 50 से अधिक रन की साझेदारी की। फॉर्म के लिये जूझ रहे बेयरस्टो ने कुछ अच्छे स्ट्रोक्स खेले लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें अश्विन ने पगबाधा आउट किया जब वह स्वीप लगाने की कोशिश में थे। भारत ने एक बार फिर सटीक रिव्यू लिया। इस विकेट के साथ ही अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ सौ विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए। रूट और बेन फोक्स (126 गेंद में 47 रन) ने छठे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी की। सिराज ने चाय के बाद फोक्स को रविंद्र जडेजा के हाथों लपकवाकर इस साझेदारी का अंत किया। सिराज ने टॉम हार्टली को पवेलियन भेजा।



टेस्ट मैच के दौरान शतक लगाने पर जो रूट को बधाई देते ओली रॉबिन्सन।



रांची : जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड के ओली पोप का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड** 302/7 (90 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 106 | 226 | 9/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन नाबाद | 31 | 60 | 4/1 |

**अतिरिक्त:** 11, **विकेट पतन:** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, **गेंदबाजी:** सिराज 13-3-60-2, आकाश दीप 17-0-70-3, जडेजा 27-7-55-1, अश्विन 22-1-83-1, यादव 10-3-21-0, जायसवाल 1-0-6-0

## मुश्किलों के बाद आकाशदीप को मिली मंजिल

**रांची।** इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में पदार्पण करने वाले आकाशदीप की मां लाडुमा देवी अपने बेटे को पदार्पण 'कैप' मिलते देखकर भावुक हो गई। उनकी आंखों में आंसू के साथ गर्व भी था। जब गुरुवार को आकाशदीप ने अपनी मां को फोन कर कहा कि मां, मैं कल भारत के लिए टेस्ट में मेरा पदार्पण होगा, तुम्हें आना होगा। तो वह बिहार के रोहतास जिले के बड्डी गांव से रांची के जेएससीए स्टेडियम पहुंचीं। उनके साथ आकाशदीप की दो भतीजी और उनका चचेरा भाई बैभव कुमार भी था।

आकाशदीप ने पहले घंटे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन पहुंचाकर मैच को प्रभावित किया, इससे लंच तक मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 112 रन था। उनकी मां ने कहा कि उसके पिता हमेशा उसे सरकारी अधिकारी बनाना चाहते थे लेकिन क्रिकेट उसका जुनून था और मैं उसका हमेशा साथ दिया। मैं उसे छुपकर क्रिकेट खेलने भेज देती थी। उस समय अगर कोई सुनता कि तुम्हारा बेटा क्रिकेट खेल रहा है तो वे कहते, 'ये तो आवारा मवाली बनेगा', लेकिन हमें उस पर भरोसा था और छह महीने में मेरे मालिक (पति) और बेटे के निधन के बावजूद हमने हार नहीं मानी। आकाशदीप के पिता रामजी सिंह सरकारी हाई स्कूल में 'फिजिकल एजुकेशन' शिक्षक थे और वह कभी भी अपने बेटे को क्रिकेटर नहीं बनाना चाहते थे। सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें लकवा मार गया और पांच साल तक बिस्तर पर रहे। उन्होंने फरवरी 2015 में अंतिम सांस ली। इसी साल अक्टूबर में आकाशदीप के बड़े भाई धीरज का निधन हो गया। इसके बाद अब बड़े भाई की पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिम्मेदारी भी उनके ही ऊपर थी। लाडुमा देवी ने कहा कि अगर उसके पिता और भाई जीवित होते तो वे आज खुशी से फूले नहीं समाते।



### सफलता दिवंगत पिता को किया समर्पित

रांची। तेज गेंदबाज आकाश दीप ने टेस्ट पदार्पण में 3 विकेट के शानदार प्रदर्शन को अपने पिता को समर्पित किया, जिनका 2015 में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि वह संतुष्ट हैं कि उन्होंने अपने पिता के 'जीवन में कुछ कर दिखाने' के सपने को पूरा कर दिया है। आकाश दीप ने पिता रामजीत सिंह का लकवा मारने के बाद निधन हो गया और छह महीने के अंदर ही आकाश दीप ने अपने बड़े भाई को खो दिया। आकाश दीप ने कहा कि एक साल में पिता और बड़े भाई को गंवा देने के बाद मैं कुछ करना चाहता था और मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया। मेरे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था, बस कुछ हासिल कर सकता था।



# बॉलीवुड हलचल

## राकेश का गाना जीजा जी 2.0 रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक राकेश मिश्रा का गाना लहंगा में मारा देब ताला जीजा जी 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने को राकेश मिश्रा के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने को लेकर राकेश मिश्रा ने कहा कि यह गाना 2024 में आने वाले रंगों के उत्सव को अभी से सेलिब्रेट करने को हमने बनाया है। हमारे यहां फाल्गुन मास में होली की तैयारी पहले दिन से गीत संगीत में शुरू हो जाती है। इसलिए हमने अभी से ही यह गाना रिलीज कर दिया है और आगे आने वाले दिनों में और भी कई गाने लेकर आएंगे। यह गाना होली गीत है जो की अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में होली से पहले सुनाई देती है और लोग बड़े चाव से इसे गाते और सुनते भी हैं। हमने इस गाने में होली गीत की शैली को जीवंत करने की कोशिश की है उम्मीद करता हूं कि सबों को पसंद आएगी और आप इस होली गीत को खूब अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।

### सिद्धार्थ की फिल्म 'योद्धा' के पहले गाने का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आने वाली फिल्म योद्धा के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम टीजर रिलीज हो गया है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। 'योद्धा' के पहला गाना जिंदगी तेरे नाम का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने का टीजर जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'क्या हम कह सकते हैं... योद्धा के पहले गाने जिंदगी तेरे नाम के साथ प्यार 'हवा' में है, जो 24 फरवरी को आ रहा है। गाने के टीजर में सिद्धार्थ के साथ राशि खन्ना दिखाई दे रही हैं। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है जिसके करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। वहीं इसे सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने निर्देशित किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

## जंगली पोकर के 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन में अनिल

**मुंबई।** स्किल गेम कंपनी, जंगली गेम्स इंडिया प्रा. लिमिटेड ने जंगली पोकर के नए कैम्पेन 'अपने टाइप के लोग' में बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर को शामिल किया है। जंगली पोकर खिलाड़ियों के बीच हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में, 18-30 आयु वर्ग के 26% प्रतिभागियों ने युवा बॉलीवुड सितारों की तुलना में अनिल कपूर को पसंद किया। अनिल कपूर की मुख्य भूमिका वाले 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन का उद्देश्य पोकर को सभी उम्र, जेंडर या पृष्ठभूमि के लोगों के लिए सुलभ खेल के रूप में स्थापित करना है, साथ ही इससे जुड़ी पुरानी मान्यताओं को भी खत्म करना है। कैम्पेन के बारे में बात करते हुए, जंगली गेम्स के चीफ मार्केटिंग ऑफीसर, भरत भाटिया ने कहा, हम अनिल कपूर के साथ साझेदारी करके और 'अपने टाइप के लोग' कैम्पेन शुरू करके रोमांचित हैं। हमें विश्वास है कि उनकी भागीदारी हमें विश्वसनीयता, जीवंत, करिश्माई ऊर्जा और हमारा संदेश पहुंचाने के लिए उनका ट्रेडमार्क 'झकास' एटिट्यूड प्रदान करेगी। हमारी सोच यह है कि दर्शकों को यह दिखाया जाए कि कैसे जंगली पोकर एक सभी के खेलने के योग्य गेम है, जो एक स्वस्थ वातावरण में जीवन के सभी क्षेत्रों और कौशल वाले लोगों के लिए बनाया गया है। हम गेमिंग उद्योग में बड़ा बदलाव लाने उद्देश्य से विश्वास और जिम्मेदार गेमिंग के अपने मूल्यों को आगे भी विस्तार देना जारी रखेंगे। इस साझेदारी से उत्साहित, अनिल कपूर ने कहा, जंगली पोकर के साथ उनके नए कैम्पेन के लिए साझेदारी करना वास्तव में एक शानदार अनुभव है। मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह दिखाने के लिए उत्सुक हूं कि कैसे यह हर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक सर्वव्यापी गेमिंग एडवेंचर है। इसकी टैगलाइन 'अपने टाइप के लोग' मेरे व्यक्तित्व के साथ भी मेल खाती है और यह साझेदारी जबर्दस्त साबित होगी। यह देखना बहुत जरूरी है कि कैसे जंगली पोकर कैसे पोकर की धारणा को नए सिरे से परिभाषित करता है और जिम्मेदार गेमिंग की भावना को बढ़ावा देता है।



## करिश्मा कक्कर और चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज




**मुंबई।** गायिका करिश्मा कक्कर और अभिनेत्री चांदनी कुशवाहा का होली गीत कलर गुलाबी रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में चांदनी कुशवाहा अपने प्रेमी के हरकतों की उलाहना देते हुए उसको समझाते हुए कह रही हैं कि...होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... सुधर जा सुधर जा, आदमी बन जा... होली में लभर तू सहाकल बाड़ा, देखतानी हम बहकल बाड़ा... अइसन काला लागता सीख आइला ह अपना भाभी से, साड़ी सरकइला बुलेटवा के चाभी से, रंग देला अंग पूरा कलर गुलाबी से... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'कलर गुलाबी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत दीपक दिलकश ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। मिक्स मास्टर अंकित अहीर, डीआई रोहित सिंह, प्रोडक्शन पंकज सोनी ने किया है।

### नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन रिलीज



**मुंबई।** गायक-अभिनेता नीलकमल सिंह का होली स्पेशल गाना देवरा होली में मले साबुन रिलीज हो गया है। होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को नीलकमल सिंह ने गाया है और इसके म्यूजिक वीडियो में उनके साथ नीलम गिरी नजर आईं हैं। यह गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। नीलकमल सिंह ने कहा कि होली को हमारे गानों के साथ रंग बिरंगी बना लीजिये। अभी एक से बढ़ कर एक गाना हम लेकर आने वाले हैं। सारेगामा हम भोजपुरी, भोजपुरी म्यूजिक के लिए एक उत्कृष्ट प्लेटफॉर्म है, यहां हमने साथ मिलकर अब तक एक से बढ़ कर एक गाने को रिलीज किया है, जिसे लोगों ने पसंद किया है। आगे भी इसी तरह हम मनोरंजन भरपूर डोज लेकर आते रहे हैं। फ़िलहाल होली के अवसर पर होली स्पेशल गाना देवरा होली मे मले साबुन को खूब प्यार और आशीर्वाद मिले, यही कामना है। गौरतलब है कि गाना देवरा होली मे मले साबुन के गीतकार आशुतोष तिवारी हैं। संगीतकार शुभम राज (एसबीआर) हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है। गाने के निर्देशक और कोरियोग्राफर लक्की विश्वकर्मा हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

